ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान: अधिकतम :33°C न्यूनतम: 24°C

सेंसेक्स 81,551.63 निफ्टी 24,826.20

सोना 97,880 चांदी 1,00,000

मुरादाबाद, बुधवार 28 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 288 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# वक्फ एक्ट 1995 को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

## अदालत ने पूछा: इतनी देरी क्यों, इससे जुड़ी याचिकाओं में कर रहे शामिल, केंद्र व राज्य सरकारों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ एक्ट-1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस दिया है।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से भी सवाल किए और पूछा कि 1995 एक्ट को 2025 में क्यों चुनौती दे रहे हैं। क्या इसे सुना जाना चाहिए? सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि कोर्ट में 2013 के वक्फ संशोधन एक्ट को भी चुनौती दी गई है। इस पर सीजेआई ने कहा कि वह भी 12 साल देरी हो रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर भी अब सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को 1995 के एक्ट को चुनौती देने वाली एक पुरानी याचिका के साथ जोड़ दिया। यह याचिका लॉ स्टूडेंट निखिल उपाध्याय की तरफ से दायर की गई है। उनकी याचिका को पारूल खेड़ा और हरिशंकर जैन की याचिका के साथ जोड़ा गया है। याचिका में कहा कि 1995 का वक्फ एक्ट भेदभावपूर्ण निखिल -शेष पृष्ठ दो पर

### अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने मातृत्व अवकाश के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह झारखंड की एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की उस याचिका पर विचार करेगा, जिसमें उन्होंने अपने बच्चे की देखभाल की छुट्टी की गुहार ठुकराने के आदेश को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के शीघ्र सुनवाई करने के अनुरोध पर सहमति जताई और कहा कि अगले सप्ताह इस मामले पर विचार किया जाएगा। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सोमवार को सूचीबद्ध करें।

### प्रतीक अधिनियम अनुसूची में सावरकर का नाम शामिल करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर का नाम प्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1956 की अनुसूची में नाम शामिल करने की मांग वाली रिट याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने पंकज फडनीस की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि याचिकाकर्ता अपने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन साबित करने में विफल रहा है, जो संविधान के अनुच्छेद 32 को लागू करने के लिए एक शर्त है।

### कोलाबा जेटी परियोजना के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के कोलाबा इलाके में गेटवे ऑफ इंडिया के पास यात्री जेटी परियोजना पर निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति देने वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने स्थानीय निवासियों की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास के विरोध पर सवाल उठाया।

# कर्ज से दबे दून के एक ही परिवार के 7 लोगों ने पंचकूला में की आत्महत्या

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला में एक परिवार के सात सदस्य एक कार में मृत पाए गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने आत्महत्या की आशंका व्यक्त की है।

पुलिस ने कहा कि प्रवीण मित्तल (42) पत्नी, तीन बच्चों और माता-पिता के साथ पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए उत्तराखंड के देहरादून से पंचकूला आए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सातों ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सोमवार देर रात उन्हें सूचना मिली कि पंचकूला के सेक्टर 27 में खड़ी एक कार -शेष पृष्ठ दो पर

■ पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए देहरादून से आए थे मृतक

### देहरादून के कोलागढ़ में कुछ माह पूर्व रहता था मृतक परिवार

**देहरादून-ब्यूरो।** देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि उक्त परिवार के संबंध में जानकारी करने पर पता चला है कि मृतक प्रवीण मित्तल पुत्र देशराज मित्तल का परिवार लगभग 8-9 महीने पूर्व तक कैंट थाना क्षेत्र के कोलागढ़ देहरादून में किराए पर निवास करता था।जिनका मूल रूप से चंडीगढ़ क्षेत्र का होना बताया गया है। वर्तमान में उक्त परिवार देहरादून में निवास नहीं कर रहा था। घटनास्थल से जो वाहन मृतक के पास मिला है, वह मालदेवता देहरादून के गंभीर सिंह नेगी के नाम पर पंजीकृत है। जिनके संपर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उनकी मृतक प्रवीण मित्तल से एनजीओ के काम के सिलसिले में मुलाकात हुई थी। मृतक पूर्व में चाइल्ड लाइफ केयर मिशन नाम से एनजीओ चलाता था। इसी दौरान मित्रता के चलते गंभीर नेगी ने उक्त वाहन अपने नाम पर फाइनेंस करवाया था। जिसे वर्तमान में मृतक चलाता था।



### ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को जोकर करार दिया

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### बुजुर्गों ने दिया जीडीपी में तीन प्रतिशत का योगदान

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में तीन प्रतिशत का योगदान दिया है। एक अध्ययन के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय बुजुर्गों ने 68 अरब डॉलर का श्रम योगदान दिया है जो भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है। ये बुजुर्ग प्रतिवर्ष लगभग 14 अरब घंटे पारिवारिक देखभाल और 2.6 अरब घंटे सामुदायिक कार्यों में देते हैं। यदि इच्छुक बुजुर्गों को पुन: कार्यबल में शामिल किया जाए तो भारत की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। अध्ययन में कहा गया है कि वर्ष 2047 तक भारत में 30 करोड़ बुजुर्ग होंगे। गैर सरकारी संगठन रोहिणी निलेकणी फिलान्थ्रॉपीज़ की मंगलवार को यहां जारी एक रिपोर्ट लोंगेविटी : ए न्यू वे ऑफ अंडरस्टेंडिंग ऐजिंग में कहा गया है कि वृद्धजनों की ज़रूरतों में आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, भागीदारी की स्वतंत्रता और सामाजिक जुड़ाव प्रमुख हैं।

### श्री अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के कोप्पल जिले में भगवान हनुमान के जन्मस्थान माने जाने वाले श्री अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश देते हुए मंगलवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की दलीलें सुनने के बाद कर्नाटक सरकार के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। अदालत ने उन्हें कहा कि वे (अधिकारी) श्री अंजनेया मंदिर को अपने नियंत्रण में लेने और वहां के मुख्य पुजारी 'अर्चक' के पद से उन्हें हटाने के खिलाफ विद्यादास बाबाजी की याचिका पर पारित उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का ईमानदारी से पालन करें। पीठ ने कहा कि हमने याचिकाकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष दायर अवमानना याचिका में किए गए कथनों पर गौर किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी का 1947 के विभाजन को लेकर छलका दर्द

# कटनी थी जंजीरें, काट दी गई भुजाएं

गांधीनगर, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि वह आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे। श्री मोदी ने गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां महात्मा मंदिर में 5536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पिछले दो दिनों से गुजरात में हूं, सोमवार को मैं वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद में था और मंगलवार को सुबह गांधीनगर आया। मैं जहां भी गया, ऐसा लग रहा है देशभक्ति का ज्वार, गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम था। यह सिर्फ गुजरात में नहीं, हिंदुस्तान के कोने-कोने में है। हर हिंदुस्तानी के दिल में है।

पीएम मोदी ने कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है, तो पूरा शरीर परेशान रहता है। हमने तय कर लिया है, उस कांटे को निकाल के रहेंगे। 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए, 'कटनी चाहिए थीं जंजीरें, लेकिन काट दी गई भुजाएं। देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उसी रात पहला आतंकी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। पीएम मोदी ने कहा कि अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार वल्लभ भाई पटेल की इच्छा थी कि जब तक पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना रुकनी नहीं चाहिए, लेकिन उनकी बात मानी नहीं गई। मुजाहिदीन लहू चख गए थे। यह सिलसिला 75 साल से चला आ रहा है। 75 साल तक हम झेलते रहे। जब पाकिस्तान के साथ युद्ध तक नौबत आई, तो तीनों बार भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई और पाकसमझ गया कि लड़ाई में वह भारत से जीत नहीं सकता। इसीलिए उसने प्रॉक्सी वॉर चालू किया, सैन्य प्रशिक्षित आतंकी भारत भेजे जाते हैं।



कहा: आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे हम

हमने तीन बार युद्धों में पाकिस्तान को धूल चटाई

### ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे: पीएम

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को आपरेशन सिंदूर पर ही बात की। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है, इसीलिए वो आतंकी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।

### प्रधानमंत्री ने गांधीनगर में किया भव्य रोड शो

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में मंगलवार को भव्य रोड शो किया। श्री मोदी ने मंगलवार सुबह शानदार रोड शो में खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान राजभवन से महात्मा मंदिर तक विशाल जन समूह उमड़ा और पुष्प वर्षा से उनका अभिनंदन किया। रोड शो में बच्चों-बूढ़ों और महिलाओं सहित हजारों लोगों को सड़कों के किनारे खड़े होकर तिरंगा लहराकर मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाते देखा गया। चारों ओर देशभक्ति दिखाई दे रही थी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को पीएम मोदी गांधीनगर में एक रोड शो के बाद महात्मा मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। श्री मोदी ने सोमवार सुबह वडोदरा में रोड शो किया था। जहां अंतर्राष्ट्रीय छात्रों सहित हजारों लोगों ने उनके काफिले पर फूल बरसाए और भव्य स्वागत किया था। रोड शो के बाद वह दाहोद के लिए रवाना हो गए थे।

# देश में कोरोना से 11 लोगों की मौत, 1047 एक्टिव केस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1047 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं।

वहीं महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं। जयपुर में सोमवार को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी। वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में एक कोरोना पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठाणे में ही 25 मई (रविवार) को अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के युवक की मौत हो गई। उसका 22 मई से इलाज चल रहा था। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि बुजुर्ग की मौत मल्टी आर्गन फेल्योर की वजह से हुई थी। 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है। भारत में मिले कोविड-19 के 4 नए वैरिएंट भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। आईसीएमआर के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे एलएफ.7 ,एक्सएफजी, जेएन-1 और एनबी-1.8.1 सीरीज के हैं। बाकी जगहों से नमूने लेकर सीक्वेंसिंग की जा रही है, ताकि नए वैरिएंट की जांच की जा सके। मामले बहुत गंभीर नहीं हैं और लोगों को चिंता नहीं करनी चाहिए, बस सतर्क रहना चाहिए।

■ महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा पांच मौतें, एक हफ्ते में 787 नए मामले सामने आए

# अमृतसर में बम विस्फोट, संदिग्ध आतंकी की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास पर डिसेंट एवेन्यू कॉलोनी के पास मंगलवार को सुबह करीब 9:30 बजे हुए एक विस्फोट में एक संदिग्ध आंतकी की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

एसएसपी अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह ने बताया कि हमें सुबह विस्फोट की सूचना मिली थी और घटनास्थल पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल मिला। विस्फोट में उसके दोनों हाथ उड़ गए थे। घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ऐसे सुनसान इलाकों में हमने पहले भी देश विरोधी तत्वों को अपनी खेप इकट्ठा करने की कोशिश करते देखा है। उन्होंने कहा कि हमें संदेह है कि इस व्यक्ति ने खेप निकालने के दौरान विस्फोटक को गलत तरीके से संभाला होगा। फॉरेंसिक टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया था और विस्तृत जांच चल रही है। डीआईजी सतिंदर सिंह ने बताया कि अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब व्यक्ति कथित तौर पर सुनसान इलाके से विस्फोटक की खेप निकाल रहा था।

■ देश विरोधी तत्वों की खेप निकालने के दौरान हुआ विस्फोट

# शारदा सिन्हा, कुमदिनी, रजनीकांत लाखिया पद्म विभूषण से सम्मानित

### मरणोपरांत मिला सम्मान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-2 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किए हैं।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कई विषयों जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा और साहित्य आदि में दिए जाते हैं। इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बता दें कि, इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ कई केंद्रीय -शेष पृष्ठ दो पर



# लड़ाकू विमानों को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की कमी से जूझ रही वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा क्षेत्र के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय द्वारा जारी वक्तव्य में कहा गया है कि देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और एक मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम निष्पादन के मॉडल को मंजूरी दे दी है। वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) उद्योग साझेदारी के माध्यम से कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए तैयार है।

■ सरकार ने उठाया वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

# यूपी में 16 साल की सेवा कर चुके दरोगाओं को राहत

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का निर्देश: दरोगाओं को मिलेगा 5400 रुपये का द्वितीय ग्रेड पे

प्रयागराज, वार्ता

**उत्तर प्रदेश** में कार्यरत 2001 बैच के दरोगाओं एवं वर्तमान समय में पुलिस निरीक्षक के पद पर कार्यरत, पुलिस इंस्पेक्टरों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। अदालत ने पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए।

साथ ही दरोगा के पद पर नियुक्ति हुए पुलिस कर्मियों जिनकी सेवायें 16 वर्ष की पूर्ण हो चुकी है, द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपये (पुलिस उपाधीक्षक) का देने के सम्बन्ध में 6 सप्ताह में कानून के तहत स्पष्ट आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने पुलिस इंस्पेक्टर जगदम्बा सिंह व अन्य द्वारा योजित की गई याचिका को निस्तारित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम की बहस सुनकर पारित किया। पुलिस निरीक्षकों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं श्याम शरण ने बहस की। उनका तर्क था कि हाईकोर्ट के पहले के आदेशों और बाद में जारी शासनादेशों के बावजूद विभाग कुछ नहीं कर रहा है। प्रशिक्षण अवधि की सेवा को द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए नहीं जोड़ा जा रहा है, जबकि वे इसके हकदार है। याची पुलिस निरीक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2001 में दरोगा के पद पर हुई थी, तत्पश्चात याचीगणों को वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। सभी याचीगणों की सेवाएं 16 वर्षों से ज्यादा की पूर्ण हो चुकी है, लेकिन उन्हें द्वितीय वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपये नहीं दिया जा रहा है और न ही उनके ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा गया। संशोधित शासनादेश 26 अगस्त 2015 में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गई है कि ऐसे राज्य कर्मचारी जिन्होंने सीधी भर्ती के पद पर प्रथम नियुक्ति की तिथि से 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें द्वितीय वेतनमान / ग्रेड पे प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम का कहना था कि अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद द्वारा जारी सर्कुलर 17 मार्च 2012 में यह स्पष्ट कहा गया है कि आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2000 रुपये हैं। मुख्य आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2400 रुपये हैं। उपनिरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4200 रुपये हैं। निरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4600 रुपये है एवं पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 5400 रुपये अनुमन्य हैं। पुलिस मुख्यालय के उक्त सर्कुलर में यह भी स्पष्ट उल्लिखित किया गया है कि पुलिस बल के कार्यकारी बल में ग्रेड वेतन 2800 रुपया एवं ग्रेड वेतन 4800 रुपया के पद उपलब्ध नहीं है, अर्थात उक्त दोनों ग्रेड वेतन नॉन फंक्शनल वेतनमान के हैं। सभी याचीगण वर्ष 2001 में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्ति हुए थे, तत्पश्चात वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए एवं सभी -शेष पृष्ठ दो पर



■ इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए: हाईकोर्ट



# अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में सम्मेलन

## जनता देवी के रूप में जीवन भर किया कार्य




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर शताब्दी स्मृति अभियान के तहत नजीबाबाद विधानसभा में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन हुआ, जिसमें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश सैनी ने अपने सम्बोधन ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के बारे में बताया कि वे जीवन भर झूठे मोह का त्याग कर एक जनता देवी के रूप में कार्य करती रही।

अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर घाट बनवाए, कुएं और बाबडियों का निर्माण कराया बनवारी, भूखों को अन्न, प्यासों के लिए पानी, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति कराई तथा बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर व 12 ज्योतिलिंगों में सोमनाथ मन्दिर उनके मुख्य योगक्षण हो अंधविश्वा. सों और रूढ़ियों को दूर करने कि को. शिश की तथा उत्कृष्ट विचारों एवं नैतिक आचरण के चलते ही समाज में उन्हें देवी का दर्जा मिला।

वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री राजा भारतेन्दु ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला और प्रमुख बातों को रखा। ब्लाक प्रमुख तपराज देशवाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन बलराज त्यागी ने किया। कार्यक्रम के राजन टंडन गोल्डी, मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रे, भूपेन्द्र राजपूत पूर्व एमएलसी सुबोध प्राशर, राजकुमार प्रजापति, कपिल राजपूत प्रधान राहुल हुड्डा, धोर सिंह, सत्यपाल सिंह, बीडीएस सदस्य बबीता, प्रधान मूलचन्द, नौबाहर सिंह, शिवम चौहान, अरविंद विश्वकर्मा, मनीषा सैनी आदि रहे।

# कृष्णा में एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एमएससी तृतीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) (हयूमैन डेवलपमेंट) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) (हयूमैन डेवलपमेंट) की छात्रा सोनम चौधरी ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अलीशा ने 81.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व इशा ने 76.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमति आयशा, श्रीमति ज्योति चौहान, श्रीमति प्रीति चौहान ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई



**नजीबाबाद।** कांग्रेस कार्यकर्ता ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई। कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष एम अकरम खां एड. ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन काल पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश की स्वतंत्रता से लेकर सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। युवा कांग्रेस कमेटी के विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. ने कहा कि स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत को शून्य से शिखर तक पहुंचाया, आधुनिक भारत का निर्माण किया, भारत देश को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में विक. ासशील बनाया। देश को निरंतर 'विविधता में एकता' का संदेश दिया। वह हमेशा सामाजिक उत्थान व लोकतांत्रिक सिद्धांतों के पक्षधर रहे हैं। इस अतुलनीय योगदान के लिए राष्ट्र सदैव कृतज्ञता के साथ उनका स्मरण करता रहेगा। नगर पंचायत सहानपुर के युवा नगर अध्यक्ष मौहम्मद फैज एड. के संचालन में आयोजित बैठक में एम अकरम खां, मास्टर मकसूद, राकेश शर्मा, युवा विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, विश्व मोहन, गोविंद सिंह कुशवाह, मौहम्मद फैज एड., पवन कुमार, रिहान जमाल अंसारी, शारिब अंसारी एड., फराज हुसैन एड., मौहम्मद दानिश, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### संविलियन विद्यालय में समर कैंप



**नहटौर।** संविलियन विद्यालय कश्मीरी में अनेक गतिविधियों के साथ समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई। कैंप का संचालन पवनलता व चंचल कुमारी द्वारा किया गया। प्रारम्भ में प्रार्थना कराई गई। उसके बाद अनेक प्रकार के योग जैसे-सूर्य नमस्कार, जम्पिंग आदि कराए। उसके बाद पीटी कराई बाद में बच्चों से क्राफ्ट पर कार्य कराया और बच्चों को कम्प्यूटर की जानकारी दी गई। बच्चों की प्राथमिक चिकित्सा कैसे की जाती है और क्या होती है। इसके बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को सी.पी. आर. कैसे दिया जाता है। मैना, सिमरन, हुमैरा, अंश विवेक, नरगिस, अलशिफा, मंतसा, मिस्बा, शायबा, रोहिणी, श्रृष्टि वैशाली, अक्सा, नाजिया, जोया, अलफिशा आदि बच्चों ने हिस्सा लिया। कैंप में बच्चों के कार्य कौशल में विकास हुआ है। कैंप में हिस्सा लेकर बच्चे अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। प्रति दिन नई-नई गतिविधियों के माध्यम से खेल-खेल में बच्चों को बहुत कुछ सिखाया गया।

### कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**किरतपुर।** केंद्रीय मंत्री एवं रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी 31 मई को दोपहर 12 बजे बसी किरतपुर स्थित मुस्लिम इंटर कॉलेज के नए भवन का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रालोद प्रदेश सचिव काजी तारिक अली व युवा रालोद के क्षेत्रीय मंत्री चौधरी शोएब गांव-गांव जाकर आम जन से संपर्क कर रहे हैं और कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान कर रहे है। मंगलवार को बिजनौर लोकसभा सांसद चंदन चौहान व किरतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। काजी तारिक अली व चौधरी शोएब ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंत चौधरी के प्रयासों से कॉलेज भवन निर्माण के लिए स्वीकृत धनराशि के तहत यह शिलान्यास कार्यक्रम हो रहा है। कार्यक्रम की तैयारी में विजय चौहान, संजीव चौधरी, जईम सिद्दीकी, हारिस अली, कैप्टन मजहर नामी, मास्टर हारून, मास्टर आशकार आलम, मास्टर जावेद हुसैन व मास्टर नवेद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक काजी तारिक अली व चौधरी शोएब ने पार्टी व आम जनता से जयंत चौधरी के कार्यक्रम में पहुंच कर उनके विचारों को सुनने का आह्वान किया।

# ज्येष्ठ माह के मंगलवार को प्रसाद वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ज्येष्ठ माह के पावन मंगलवार के अवसर पर उप जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामूहिक सहयोग की मिसाल बना।

कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद सैनी, पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, विनियमित विभाग से योगेंद्र सिंह, अमीन लोकेंद्र सिंह, धर्मेश सिंह सैनी, श्रेया सिंह, साक्षी सिह सहित अनेक गणमान्य लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी ने मिलकर भक्ति भाव से प्रसाद तैयार कराया और श्रद्धालुओं को वितरित किया। प्रसाद वितरण में कार्यालय स्टाफ, अधिवक्ताओं व आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान धार्मिक वातावरण और सेवा भावना देखने को मिली।

## विनियमित विभाग एवं बार एसोसिएशन की अहम भूमिका

# बदहाली पर आंसू बहा रहा सम्पर्क मार्ग

## ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर-धामपुर मार्ग से जाने वाला संपर्क मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2019 में 51 लाख 38 हजार 8 किलोमीटर का निर्माण कार्य कराया गया था। साथ ही वर्तमान में उक्त संपर्क मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। उक्त मार्ग पर जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने से इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह मार्ग गड्ढों में तब्दील होने के कारण यहां से गुजरने वाले रहागीरों को गड्ढों में गिरने के कारण घायल हो रहे हैं। यह समस्या इस क्षेत्र के लिए मुसीबत बनी हुई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर-धामपुर मार्ग स्थित ग्राम कश्मीरी से नहटौर-नूरपुर मार्ग तक ग्राम नसीबपुर काफी समय से कच्चा मार्ग होने के कारण यहां से गुजरने वाले ग्रामीणों ने आवागमन में किल्लत को देखते हुए सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की थी। साथ ही उक्त संपर्क मार्ग का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल करके आठ किलोमीटर इस संपर्क मार्ग के लिए 51 लाख 38 हजार की धनराशि ग्राम विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वीकृत करके संबंधित एजेंसी को भेज दी थी, एजेंसी ने इस संपर्क मार्ग का 27 नवंबर 2019 को इसका निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया था। जिसका 26 जुलाई 2020 को इसका निर्माण कार्य पूरा हो गया था। साथ ही सड़क का निर्माण हुए छह वर्ष का समय बीत जाने के बाद वर्तमान में उक्त सड़क की हालत खराब हो गई है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे बन चुके हैं। गड्ढों के कारण यहां से गुजरने वाले ग्रामीणों को बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस संपर्क मार्ग से लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों का आवागमन होता है तथा गन्ने के सीजन में गड्ढों से गन्ने के वाहनों को बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ता है।

साथ ही समस्या के समाधान हेतु इस संपर्क मार्ग से जुड़े विनोद कुमार, केशव कुमार, त्रिलोक चंद, आशीष कुमार, अनुराग सिंह, साबिर हुसैन, साजिद हुसैन, राजीव चौहान, डॉ. शकील अहमद, नरेश कुमार बबलू, अमित ने बताया कि छह वर्ष पूर्व यह सड़क बनाई गई थी। तभी उन्होंने इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की थी परंतु इस शिकायत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का संबंधित ठेकेदार द्वारा मरम्मत कर दी गई थी। परंतु उक्त ठेकेदार ने खाना पूर्ति करके मरम्मत का कार्य कर दिया था वर्तमान में सड़क अपने पुराने बदहाली पर पहुंच चुकी है। ग्रामीणों ने इस सड़क की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। साथ ही जेई सोना सिंह ने बताया कि संबंधित ठेकेदार को सड़क का अवलोकन करके ठीक करने के निर्देश दिए हैं।

# पब्लिक प्ले स्कूल में बच्चों ने मचाया धमाल

## समर कैंप में ले रहे आनंद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पब्लिक प्ले स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप का उद्घाटन डायरेक्टर डॉ. इरम नूर ने फीता काट कर किया। समर कैंप में बच्चों ने प्ले पैराडाइज में अनेक गेम्स गतिविधियों के साथ गर्मी की छुट्टियों को यादगार बनाया। कैंप का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के जरिए सीखने, सामाजिक कौशल विकसित करने और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देना है।

रहमत नगर स्थित पब्लिक प्ले स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने वाटर प्ले जोन, इंडोर स्लाइड्स और इंटरएक्टिव पजल गेम्स मे उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। साथ ही आर्ट एंड क्राफ्ट सेशन में बच्चों ने रंग-बिरंगे पेपर, क्ले और रिसाइकल मटीरियल से खिलौने बनाकर अपनी कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया। ग्रुप डांस जैसी गतिविधियों में भाग लेकर टीम वर्क की अहमियत सीखी। स्कूल की डायरेक्टर डॉ. इरम नूर समर कैंप को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा फोकस बच्चों को एक सुरक्षित माहौल में खेलने, एक्सप्लोर करने और नई चीजें सीखने का मौका देना है। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कैंप में शामिल बच्चों के अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की शारीरिक गतिविधियाँ बढ़ती हैं और वे गैजेट्स से दूर रहते हैं। शाइस्ता, परवीन, शाहीन परवीन, फौजिया, अरीबा, सानिया, आयशा, डॉ. असमा नौरीन आदि का शिक्षिकाएं शामिल रही।

## मुन्ना देवी मंदिर पर शनि जयंती मनाई



**धामपुर।** मुन्ना देवी प्राचीन मंदिर पर शनि जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्राचीन मुन्नी देवी मंदिर जो कि मुरादाबाद रोड पर स्थित है बड़े धूमधाम से शनि जयंती मनाई गई। जिसमें पूजा अर्चना डॉ. एम.एस. भागीरथी द्वारा विधि विधान से कराई गई। यजमानों ने जनकल्याणाथ हवन यज्ञ में आहुति दी और शनि महाराज की प्रतिमा को तिल, तेल, उड़द आदि चढ़ाई। जिससे शनि महाराज सबसे प्रसन्न होकर सबका कल्याण करें। मुख्य यजमान के रूप में गोविंद अग्रवाल, शुगर मिल धामपुर से मनोज कुमार चौहान सपत्नी, मनोज कुमार पांडे अपने परिवार सहित, राहुल भागीरथी भुवनेश्वर भागीरथी, हरीराज हल्दौर वासी एवं मास्टर अनिल कुमार बिजनौर से, लक्ष्मी नारायण सैनी, मुकुल कुमार सैनी, दीपक, विजय जैन धामपुर से, धर्मपाल सिंह सैनी जैतरा धामपुर से, संजीव कुमार सैनी, मनोज कुमार सैनी अनेक भक्तों ने पूजन के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया एवं प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वक्फ एक्ट....** उपाध्याय ने अपनी याचिका में वक्फ एक्ट, 1995 के विभिन्न प्रावधानों को असंवैधानिक बताते हुए उनको रद्द करने की मांग की है। केवल मुसलमानों के पास ही उनकी दान वाली संपत्तियों के प्रशासन से संबंधित कानून है। अन्य धर्मों के पास ऐसा कोई कानून नहीं है। इसलिए वक्फ एक्ट-1995 भेदभावपूर्ण है। याचिका में यह भी कहा गया है कि संशोधन के बावजूद कानून के कई प्रावधान आर्टिकल 14, 15, 21, 25, 26 और 27 का उल्लंघन करने वाले हैं, जो मुस्लिम समुदाय को सरकारी और गैर मुस्लिमों की संपत्ति को हथियाने का अधिकार देते हैं। राज्य सरकारी खजाने की कीमत पर, वक्फ और उनकी संपत्तियों के सत्यापन के लिए किए गए खर्च को मंजूरी नहीं दे सकता। जबकि अन्य धार्मिक संस्थानों और उनकी संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए न तो कोई समान नियम है और न ही खर्च का अनुदान है।

**कर्ज में दबे...** में एक दंपति, तीन बच्चों और दो बुजुर्गों सहित सात लोग पाए गए। उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घटना के पीछे का कारण वित्तीय संकट और कर्ज हो सकता है। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम देहरादून जाकर परिवार के रिश्तेदारों से बात करेगी।

**शारदा सिन्हा...**

मंत्री और कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। इस सूची में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं और सूची में विदेशी/ एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई श्रेणी के 10 व्यक्ति और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं। वहीं कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके पोते ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए बिबेक देबराय को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया है। उनकी पत्नी ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बिबेक देबराय एक अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और वे उल्लेखनीय कार्यों के लेखक भी हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। वहीं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगद. ीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है।

**यूपी में...** याचीगणों की सेवाएं 16 वर्ष से ज्यादा की हो चुकी है। अत: पुलिस मुख्यालय के सर्कुलर 17 मार्च 2012 के परिप्रेक्ष्य में द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड पे 5400 रुपये पाने के हकदार है। याचिका में कहा गया था कि लाल बाबू शुक्ला के केस में हाईकोर्ट ने यह व्यवस्था प्रतिपादित की है कि पुलिस कर्मियों की प्रशिक्षण अवधि को सेवा में जोड़कर प्रोन्नति वेतनमान दिया जाए।

# राष्ट्रहित को राजनीतिक हितों से ऊपर रखें: धनखड़



■ राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए।

धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति निवास में 'राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम चरण सात' के उद्घाटन सत्र में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश की सोच को पूरी तरह बदल दिया है। समाज पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर विदेशों में भारत का शांति और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को एकजुट रहना और मजबूत बनना होगा। संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है, क्योंकि सभी संस्थाओं का केंद्र राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय कल्याण, सार्वजनिक कल्याण, पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्ठा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं सभी राजनीतिक वर्गों से अपील करता हूं कि वे गहन चिंतन करें और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इन विषयों पर सहमति होनी चाहिए। कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर बहुत तेज हो जाती है। इसे हमें पार करना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी शक्ति की आवश्यकता पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध से सबसे अच्छा बचाव तब होता है जब हम शक्ति की स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि शांति तब सुनिश्चित होती है, जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें। शक्ति केवल तकनीकी क्षमता या पारंपरिक हथियारों से नहीं आती, बल्कि यह जनता से भी आती है। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के पालन की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है। केवल अपने मौलिक अधिकारों की बात की जाती है और मौलिक कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह उदासीन रहते हैं। मौलिक कर्तव्यों का सार राष्ट्रीय कल्याण को प्राथमिकता देना, लोक व्यवहार, अनुशासन, सार्वजनिक संवाद, पर्यावरण और जीवन में भलाई आदि में योगदान देना।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale







शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार-बाइक की टक्कर में सब्जी व्यापारी की मौत

## कार चालक पुलिस हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** कार व बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार सब्जी व्यापारी की मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया।

थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गौसपुर निवासी सब्जी व्यापारी 60 वर्षीय सुरेश कुमार पुत्र हरकेश कुमार मंगलवार की सुबह लगभग 8.40 पर सब्जी को अपनी बाइक से लेकर घर जा रहा था। जब वह मंडी स्थल से थोड़ी दूरी पर फायर ब्रिगेड व सहकारी कताई मिल के पास पहुंचा तभी कोतवाली की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार व सब्जी विक्रेता की बाइक की आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर होने से व्यापारी सुरेश गम्भीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कार चालक शामली के ग्राम ऊन निवासी डॉ. अभिषेक जो कि अपनी कार से बिजनौर से थाना बढ़ापुर के ग्राम इस्लामाबाद जा रहे थे। घटना के बाद घटना स्थल पर ही रूक गए। कार चालक ने ही 112 पुलिस सहायता की गाड़ी को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम की गाड़ी मौके पर पहुंची और घायल सुरेश को तुरंत अपनी गाड़ी से लेकर नगीना सीएचसी पहुंचे। जहां पर सीएचसी प्रभारी ने घायल सुरेश को देखकर मृत घोषित किया। घटना की सूचना मिलते ही चितौड़गढ़ पुलिस चौकी के पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक सब्जी व्यापारी के परिजनों को फोन द्वारा सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजनों व गांव में कोहराम मच गया। रोते पीटते परिजन अपने रिश्तेदारों व गांव के लोगों के साथ नगीना सीएचसी पहुंचे। जहां पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा। बताया जाता है पुलिस ने कार चालक को अपनी हिरासत में ले लिया है।

# नवागत एसपी पूर्वी को पाशा ने दी बधाई

## मेरे सर्किल के सभी थानों में दिव्यांगों को दिया जाएगा सम्मान: अमित किशोर श्रीवास्तव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक / राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा चुनाव 2024 के ब्रांड एंबेसडर एमआर पाशा व वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम ने सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी कार्यालय में पहुंचकर नवागत लोकप्रिय अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव को गुलदस्ता देकर बधाई दी। लोकप्रिय एसपी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बधाई देने के बाद एमआर पाशा की पीठ थपथपाई और कार्य की सराहना की।



राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने लोकप्रिय एसपी अमित किशोर श्रीवास्तव की कार्य करने की शैली की प्रशंसा की। तथा जब से एसपी पूर्वी साहब जनपद में आए हैं, जनपद की पुलिस में कार्य करने की शैली में बदलाव देखने को मिला है। इसको देखते हुए एसपी पूर्वी जनता के प्रति अच्छा व्यवहार व पीड़ितों की शिकायत को गंभीरता से लेकर निस्तारण कर रहे हैं। एमआर पाशा ने एसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव को दिव्यांगों की समस्याओं से अवगत कराया। पाशा ने कहा कि दिव्यांगों का सर्किल के हर थानों कार्यालयों में शोषण किया जाता है तथा दिव्यांगों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। दिव्यांगों की मदद करने की बजाय उन्हें कार्यालयों से भगा दिया जाता है। नवागत लोकप्रिय एसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आपकी सभी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा और मैं अपने स्तर से सर्किल के थाना प्रभारियों व पुलिस क्षेत्रीय अधिकारियों को अवगत कराऊंगा। मैं आपसे आशा करता हूं कि किसी भी दिव्यांग का शोषण नहीं किया जाएगा। अगर पुलिस द्वारा किसी दिव्यांग का शोषण किया जाता है, तो पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम, समाजसेवी शहजाद मलिक, सलमान, सरताज सिंह, बबली आदि मौजूद रहे।

# महिला आयोग की सदस्य 29 को करेंगी जनसुनवाई

## महिला बंदी गृह का भी करेंगी निरीक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन 29 मई को नजीबाबाद में जन सुनवाई करेंगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी नेहा पांडेय ने दी।

सुनवाई का मुख्य उद्देश्य महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना है। यह कार्यक्रम तहसील नजीबाबाद के विकास खंड स्थित सभागार कक्ष में सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

जन सुनवाई के बाद संगीता जैन महिला बंदी गृह का दौरा करेंगी। साथ ही वह बालक और बालिका गृह तथा आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण करेंगी।

यह कार्यक्रम आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है।

# नशे के विरुद्ध महावतपुर में होगा महाभारत

## डीएम से मिला टीम स्वराज का प्रतिनिधि मंडल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम के द्वारा पिछले काफी समय से नजीबाबाद तहसील के ग्राम महावतपुर में चल रही अवैध शराब की दुकान को लेकर शिकायत की गई थी। जिसमें टीम स्वराज का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से भी मिला था और उन्होंने मानकों को पूरा न करने वाली दुकानों को वहां से हटाये जाने का आश्वासन टीम को दिया था। लेकिन आज एक महीने बाद भी कोई कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में रोष है और अब उन्होंने आर पार की लड़ाई का एलान कर दिया है। टीम प्रबंधक हरवेंद्र राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम पिछले कई सालों से नशे के विरुद्ध हमारा परिवार नशा मुक्त परिवार मुहीम चला रही है। लेकिन एक तरफ तो सरकार और प्रशासन नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम कर रहे हैं और दूसरी तरफ ग्राम-ग्राम शराब बेच रहे हैं। यह कैसा दोहरा मापदंड है, जो समझ से परे है और कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हम इसका विरोध करेंगे। चाहे उसके लिए जेल ही क्यों न जाना पड़े। शराब की दुकान यदि अतिशीघ्र नहीं हटाई गई, तो यह विषय एक जन आंदोलन का रूप लेगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। टीम स्वराज के द्वारा ग्राम में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली का आयोजन एक जून को किया जाएगा और वहीं से आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी।



# बिजनौर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित ललित शर्मा का निधन

## स्वास्थ्य समस्याओं से थे परेशान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य और विष्णुलोक संस्थान के स्वामी पंडित ललित शर्मा का सोमवार रात निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उन्होंने देर रात अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

पंडित शर्मा पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। वे अपने मिलनसार व्यवहार के लिए लोगों के बीच जाने जाते थे। विष्णुलोक संस्थान में उनके नेतृत्व में होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों में दूर-दराज से लोग शामिल होते थे। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## एक नजर

### रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़

**नजीबाबाद।** जोगीरम्पुरी दरगाह पर आयोजित कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वापसी में जायरीनों की भीड़ रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ी। जायरीनों को वापसी के लिए ट्रेनों में खड़े होकर और दरवाजों पर लटक कर जाना पड़ा। नजफ-ए-हिंद जोगीरम्पुरी की चार रोजा सालाना मजलिसों में लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली और मुरादाबाद अकीदतमंद आए हुए थे। सालाना मजलिसों के अंतिम दिन 25 मई को दोपहर से ही दरगाह से जायरीनों ने वापसी शुरू कर दी। देर शाम और रात तक सहारनपुर, हरिद्वार से लखनऊ दिशा में जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ रही। अनेक यात्रियों को जगह न मिलने पर बाद में आने वाली ट्रेनों के इंतजार में घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ी। दरगाह की मजलिसों के दौरान लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षण कराने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ट्रेनों में साधारण श्रेणी में भीड़ बढ़ने पर लोग आरक्षण वाले कोचों में चढ़ गए, जिससे पूर्व से आरक्षण कराने वाले यात्रियों को परेशानी हुई।

### एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**झालू।** चौकपुरी बिजली घर पर जेई सत्य प्रकाश के खिलाफ धर्मपुरा ग्राम प्रधान सोबीर सिंह ने मोबाइल फोन पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। जिसके विरोध में जेई के स्थानांतरण की मांग की गई है। इसके विरोध में ग्रामवासियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद ने ग्रामीणों और जेई के बीच समझौता कराने की कोशिश की। लेकिन ग्रामीण जेई सत्य प्रकाश के स्थानांतरण की मांग पर अड़े थे। उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जेई को हटाया जाएगा। जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

### मंदिर के निकट गुलदार दिखने से दहशत

**शेरकोट।** ग्राम नसीरदीवाला निवासी सुमन ने बताया कि रविवार की रात वह अपने बेटे के साथ गांव में ही चिकित्सक के पास दवाई लेने जा रही थी। इसी दौरान गांव स्थित मंदिर के निकट उन्हें गुलदार दिखाई दिया। दोनों भागकर अपने घर वापस आ गए। जानकारी मिलने पर जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे गुलदार खेतों की ओर भाग गया। गांव निवासी शुभम चौहान, अंकुर चौहान, नितिन, ओमप्रकाश आदि का कहना है कि इससे पहले भी कई बार आबादी के पास गुलदार देखा गया है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने के लिए वनविभाग से पिंजरा लगाने की मांग की। रेंजर गोविंद राम गंगवार का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं लाया गया है। लेकिन वह फिर भी स्टाफ को गांव में भेज कर गुलदार पर निगरानी रख पकड़वाने का प्रयास करेंगे।

### चित्तौड़गढ़ चौराहे पर भंडारे का आयोजन



**नगीना।** नगर के प्रसिद्ध चित्तौड़गढ़ चौराहे पर ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। इस बार की खास बात रही कि पुलिस विभाग की महिलाओं ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। दोपहर 11 बजे से शुरू हुए इस आयोजन की शुरुआत हनुमान जी की पूजा-अर्चना से हुई। श्रद्धालुओं को आलू-पूड़ी, बूंदी और ठंडा जल का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन स्थल पर जय श्री सियाराम और जय हनुमान के जयकारे गूंजते रहे। नगीना एसडीएम न्यायिक अंशिका दीक्षित व उनके पति सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा आयोजित इस भंडारे की कमान विजय कुमार, राहुल सिंह, ऋतु चौधरी, मो. निका, अंकित पवार, सुधीर कुमार, अंकित कुमार, सुमित कुमार आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। महिलाएं प्रसाद वितरण से लेकर सफाई व्यवस्था तक में सक्रिय रहीं। समाजसेवी कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह ने बताया कि श्रीमती दीक्षित धार्मिक हैं और हाल ही में अयोध्या से लौटी हैं। वे व उनके पति वर्षों से इस प्रकार के भंडारों का आयोजन करते रहे हैं। कार्यक्रम की आयोजक एसडीएम अंशिका दीक्षित ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। आयोजक सीओ अंजनी कुमार के अनुसार उनका उद्देश्य एकता का संदेश देना था। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कई घंटे तक चले इस आयोजन में लोगों ने व्यवस्था की सराहना की। नगर के लोगों ने भी भंडारे में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाया। इस मौके पर एसडीएम प्रशास. निक आशुतोष जायसवाल, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, नीरज बिश्नोई, रोहित रवि, डॉ. भूपेश चौहान, गोपाल शर्मा, तिलक राज, अरनव चौधरी, मुकेश चौधरी, प्रदीप गर्ग, मोहित आदि उपस्थित रहे।

# नगीना में बन सकती है रोडवेज डिपो और वर्कशॉप

## परिवहन निगम के एमडी ने डीएम को पत्र लिखा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** एक लंबे समय से चल रही नगीना में रोडवेज डिपो और वर्कशॉप निर्माण की मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है। सपा विधायक मनोज पारस ने विधानसभा सभापति से डिपो और वर्कशॉप की स्थापना की मांग की गई थी। इस पर नगीना में वर्षों से बंद पड़ी कताई मिल की भूमि उपलब्ध कराने के लिए परिवहन निगम के एमडी ने डीएम को पत्र लिखा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर द्वारा डीएम बिजनौर जसजीत कौर को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि नगीना विधायक मनोज पारस ने 21 मार्च को विधानसभा के सभापति को एक पत्र लिखकर नगीना में बंद पड़ी सहकारी कताई मिल की खाली जमीन पर बस डिपो एवं वर्कशॉप बनाए जाने का अनुरोध किया था। छह मई को धामपुर डिपो के एआरएम ने व्यक्तिगत तौर पर संपर्क कर बस डिपो की स्थापना के लिए नि:शुल्क जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। विधायक मनोज पारस और परिवहन निगम की ओर से किए जा रहे प्रयासों से नगीना को रोडवेज डिपो और वर्कशॉप स्थापित होने की संभावना बढ़ गई है।

एक लंबे समय नगीना में रोडवेज डिपो स्थापित करने की मांग अब पूरी होती नजर आ रही है। ज्ञात हो कि जनपद की पांचों तहसील में सिर्फ नगीना में ही रोडवेज बस डिपो नहीं है। चांदपुर, धामपुर, बिजनौर व नजीबाबाद तहसील मुख्यालय में रोडवेज बस डिपो संचालित हैं। नगीना में डिपो व कार्यशाला स्थापना की मांग एक लंबे समय से चलती आ रही है, जिसके अब पूरा होने के आसार नजर आ रहे हैं।

# पीडीए के दम पर बनेगी सपा सरकार

## पर्यवेक्षक रमेश प्रजापति ने पदाधिकारियों के कार्यों का किया मूल्यांकन




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र नहटौर की बूथ, सेक्टर प्रभारियों और संगठन की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति द्वारा पार्टी की वर्तमान स्थिति, आगामी चुनावों की रणनीति, वोट बनवाना, सोशल मीडिया पर प्रचार, सक्रिय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी और संगठन को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई। पर्यवेक्षक रमेश प्रजापति ने पदाधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन किया और समीक्षा बैठक में उनकी उपस्थिति और अनुपस्थिति देखी। जिससे संगठन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा की डबल इंजन की वर्तमान सरकार द्वारा संविधान विरोधी कार्य, महंगाई, बेरोजगारी, छात्र उत्पीड़न, किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन संचालन डॉ. रहमान अखलाक पप्पू ने किया।

समीक्षा बैठक में पूर्व सांसद यशवीर सिंह, डॉ. रमेश तोमर, राशिद हुसैन, अखलाक पप्पू, जावेद अख्तर, महमूद कुरैशी, भोलू, बी.के. कश्यप एड., डॉ. शहबाज अली, देवानंद भुईयार, अहमद खिजर, हनी फैसल, शमशाद अंसारी, सुभाष कुमार, राधा सैनी, कामरान जैदी, फुरकान खां, काजी जमाल नासिर, आयशा सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार समाज का आईना और चिंतक: वान्या सिंह

## बाबू बालेश्वर लाल का लगाया पौधा वट वृक्ष : प्रोफेसर प्रशांत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 38 वीं पुण्यतिथि बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ बिजनौर के विकास भवन स्थित सभागार में सफलतापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई।

मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने अपने संबोधन में साफ तौर पर कहा कि आज के परिवेश में पत्रकारिता क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है। वास्तव में पत्रकार समाज का आईना और चिंतक होता है। उन्होंने ग्रामीण पत्रकारिता और शहरी पत्रकारिता में आकलन करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र के पत्रकार साधन जुटा लेते हैं तथा योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन ग्रामीण अंचल के पत्रकारों के लिए यह डगर बड़ी मुश्किल है। उन्होंने पत्रकारों को सदैव समाज और राष्ट्रीय हित में कलम का प्रयोग करने का जोरदार आहवान किया।

मुख्य वक्ता/ मास कम्युनिकेशन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के निदेशक डॉक्टर प्रशांत कुमार मेरठ ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता की शुरुआत ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल ने आजादी के दौर में वर्ष 1947 में हिंदी समाचार पत्र दैनिक स्वतंत्र भारत से जुड़कर की। वास्तव में वह दौर पत्रकारिता क्षेत्र में बहुत मुश्किल था। लेकिन इसके बावजूद भी उन्होंने अपने कर्तव्य पालन और ईमानदारी से ग्रामीण आंचलिक पत्रकारों को जोड़ा और संगठन बनाया। सच्चे अर्थों में आज यह संगठन वटवृक्ष बन गया है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी सांध्य दैनिक चिंगारी के प्रधान संपादक एवं सदस्य उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त समिति प्रेस समिति ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि 30 मई 1886 को हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत पत्रकार पंडित जुगल किशोर शर्मा ने हिंदी का प्रथम अखबार उदंत मार्तंड कोलकाता से प्रकाशित कराकर की। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता को गांव से जोड़कर नया आयाम दिया। वास्तव में देश की आजादी में हिंदी पत्रकारिता का महान योगदान रहा है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। डॉक्टर रघुवंशी ने कहा कि आजादी के वक्त जनपद के प्रसिद्ध कलमकार बाबू सिंह चौहान जैसे कलम कार योद्धाओं ने देश को आजादी दिलाने में योगदान दिया। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता का यह दौर भक्ति काल से गुजर रहा है। उनका बेबाक कहना था कि पत्रकारिता जब चरणों में नतमस्तक होगी, तो देश और समाज को नुकसान होगा। हमें इससे खबरदार रहना चाहिए।

संगठन के प्रदेश महासचिव (संगठन) डॉ. नरेश पाल सिंह ने सुसज्जित मंच से संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल के ग्रामीण पत्रकारिता क्षेत्र में महती योगदान की विस्तृत चर्चा करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का जोरदार आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पौधे से वटवृक्ष बना यह संगठन वर्तमान में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक, पंजाब आदि प्रदेशों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

विशिष्ट अतिथि सांध्य दैनिक प्रयाण के ब्यूरो चीफ अवनीश गौड़ बिजनौर ने समाज और राष्ट्र में आंच. लिक पत्रकारों के योगदान की प्रशंसा की। उनका कहना था कि सच्चे अर्थों में ग्रामीण आंचलिक पत्रकारिता ही जरूरतमंद लोगों की आवाज बनकर आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यदि समाज और राष्ट्र का भला करना है तो निश्चित तौर पर संगठन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की जलाई मशाल को जारी रखना पड़ेगा। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता पर जनपद इकाई के सभी पदाधिकारी, सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा तथा सफल संच. ालन संगठन के जिला महामंत्री मास्टर जितेंद्र कुमार ने सफलतापूर्वक किया।

इससे पूर्व मंचासीन अतिथियों अपर जिलाधिकारी श्रीमती वान्या सिंह न्यायिक बिजनौर, डॉ. प्रशांत कुमार निदेशक तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, वरिष्ठ पत्रकार/सदस्य उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त प्रेस समिति डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी, प्रदेश महासचिव संगठन डॉ. नरेश पाल सिंह, सांध्य दैनिक प्रयाण के ब्यूरो चीफ अवनीश गौड बिजनौर, जिला अध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा एवं कार्यक्रम संचालक/ जिला महामंत्री मास्टर जितेंद्र कुमार को संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल स्मृति सम्मान से प्रतीक शाल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को उपजा के जिला अध्यक्ष मास्टर राजपाल सिंह, संगठन के जिला उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला ऑडिटर डॉ. आलम फरीदी, अवनीश गौड, धामपुर तहसील अध्यक्ष इंदर सिंह चौहान, संजय शर्मा आदि ने संबोधित किया।

जबकि कार्यक्रम में जिला महामंत्री देवेंद्र चौधरी, महकार सिंह, परवेज दानिश, रवि गांधी, जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद आदिल शेख, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, नरेश भास्कर, शेर सिंह चौधरी, नसीम सैफी, मन्नान सैफी बबलू चौहान, डॉ. हेमेंद्र सिंह, फिरोज आलम, पवन, चौधरी, नरेश फौजी सुरेंद्र शर्मा, दो अख्तर हुसैन अंसारी, नीरज शर्मा कौशल शर्मा, भोनेंद्र शर्मा, राकेश कुमार, सुनील कुमार आशु शर्मा विजेंद्र शर्मा कार्मेंद्र चौधरी, परम सिंह, राम रतन, मौहम्मद शाहिद, गौरव कश्यप, वसीम खां, सतवेंद्र सिंह, विनय कौशिक, मौलाना शाहिद, डॉक्टर शमीम, मूलचंद चौधरी, मनोज शर्मा, सुनील नारायण, सुनील कुमार, नवाबुद्दीन अरुण उपाध्याय, सतीश कुमार, धर्मवीर सिंह दिवाकर, नरेश गौतम, मौहम्मद आवेश, बृजेश चंद्र शर्मा, प्रमोद चौहान, पुनीत गोयल, कमल सिंह, वीरेश कुमार, ऋषि त्यागी, रियाज उल हक, प्रिंस, धर्मेंद्र भुईयार, डॉ. एस के दक्ष, अनुज चौधरी थम्मन सिंह गहलौत, असरारुल हक, वीरेंद्र चौधरी सहित 80 पत्रकारों ने प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बिजनौर में नाकाम इश्क बना मौत की वजह

## प्रेमी के आत्महत्या की खबर सुन प्रेमिका ने उठाया खौफनाक कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** नाकाम प्रेम प्रसंग का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां प्रेमिका से शादी न होने पर युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब इसकी जानकारी प्रेमिका को मिली तो उसने भी खौफनाक कदम उठाया। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रेम प्रसंग का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां निकाह का सपना अधूरा रह गया, तो पहले प्रेमी ने फांसी लगाकर जान दे दी फिर प्रेमिका ने भी आत्महत्या कर ली। बिजनौर में यह नाकाम मोहब्बत दर्दनाक अंजाम तक पहुंच गई, जो शुरू तो मोहब्बत और जिंदगी के हसीन सपने देखते हुए हुई थी, वह खामोशी और जुदाई पर खत्म हुई। यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

दरअसल, यह पूरा मामला बिजनौर जिले के थाना शिवाला कला क्षेत्र का है। निकाह न होने से दुखी युवक दानिश ने निर्माणाधीन मकान के बाथरूम में फांसी लगाकर जान दे दी। उसने बिजली के तार से फंदा बनाकर आत्महत्या की, उसके हाथ पर प्रेमिका का नाम गुदा था। प्रेमी की मौत की खबर सुनकर प्रेमिका ने भी खौफनाक कमद उठाया।

इस दर्दनाक घटना से गांव में मातम फैल गया।

### बाथरूम में लटका मिला शव

जिले के थाना शिवाला कलां के गांव कासमपुर बिल्लोच में दानिश पुत्र मुस्तकीम का शव निर्माणाधीन मकान के बाथरूम में लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में गांव में सनसनी फैल गई है, किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को भी दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जरुरी जानकारी इकट्ठा की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि शुरू में परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, लेकिन बाद में उन्होंने पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम शव पहुंचने पर मृतक को सुपुर्द खाक कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक दानिश पांच भाई बहनों में दूसरे नंबर पर था। वह पढ़ाई के साथ-साथ लकड़ी कारीगरी का काम किया करता था। सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह ने घटनास्थल का मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### प्रेमिका ने भी कर ली आत्महत्या

मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक दानिश के बाएं हाथ पर एक युवती का नाम गुदा हुआ था। जिसे मृतक की प्रेमिका का नाम बताया जा रहा है और वह उसके ननिहाल के गांव की रहने वाली है। दोनों के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन युवती के परिवार वाले शादी के लिए राजी नहीं हुए। बताया जा रहा है कि दानिश की मौत की खबर सुनने के बाद जनपद अमरोहा के अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की रहने वाली प्रेमिका ने भी आत्महत्या कर ली। हालांकि मृतक के प्रेमिका की मौत का मामला थाने तक नहीं पहुंचा। युवती के गांव के प्रधान सत्तार का कहना है कि बीमारी के चलते संबंधित लड़की की मौत हो गई थी।

# भाजपा सरकार में हो रहे निष्पक्ष विकास कार्य : नौशाद अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भाजपा सरकार के विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाते हुए भाजपा समर्थक दल के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद अली अंसारी ने कहा कि आज देश व प्रदेश और क्षेत्र भर में तमाम तरह के विकास भाजपा सरकार निष्पक्ष रूप से करा रही है जो अब से पहले किसी भी सरकार ने नहीं कराया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी ऊंच नीच या जाति धर्म की नही बल्कि विकास की राजनीति करती है और यही वजह है कि आज पुन: भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में है। नोशाद अली ने भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों और विधायक व सभी सांसदों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

नौशाद अली ने का कहना है भाजपा सरकार द्वारा चलाई गई पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, लाभार्थियों को निशुल्क राशन वितरण भाजपा सरकार की निष्पक्ष विकास कार्यों में से एक महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, जिससे सभी समाज व सभी वर्ग के लोगों को बराबर का लाभ मिला है। भाजपा सरकार में किसी के साथ कोई भी भेदभाव नहीं किया जाता है।

भाजपा सरकार की इन्हीं योजनाओं को लेकर प्रदेश की जनता ने दोबारा से भाजपा की सरकार सत्ता में लाई है। नौशाद अली अंसारी ने भाजपा समर्थक दल के बारे में बताते हुए कहा है कि भाजपा समर्थक दल में अल्पसंख्यक व अन्य सभी लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर बीजेपी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं और भाजपा के समर्थक में रहकर पीड़ित व मजलूम लोगों की मदद करते हुए उनका सहयोग करते हैं ताकि प्रदेश की सरकार की योजना एवं कानून व्यवस्था को प्रदेश की जनता समझे कि जब से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बने हैं तब से लगातार कानून व्यवस्था पर पुलिस का पूरा राज है और पुलिस के द्वारा पीड़ित को न्याय और अपराधी को अपराध की सजा मिल रही है, जिसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त दिशा निर्देश दे रखे हैं।

# खेत में किसान के पीछे दौड़ा गुलदार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** गांव भागीजोत में खेत पर गए किसान के पीछे गुलदार दौड़ा। किसान ने खेत में बनी कोठरी में घुसकर अपनी जान बचाई।

मौहल्ला गोहरअली खां निवासी अतीक अपने खेत पर गया था। उसकी निगाह खेत पर मौजूद गुलदार पर पड़ी। वह वहां से लौटने लगा, तभी गुलदार भी उसके पीछे दौड़ पड़ा। उसने वहां से भागकर खेत में बनी कोठरी में छिपकर जान बचाई। शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य लोगों ने लाठी-डंडे फटकार कर गुलदार को वहां से भगाया। दूसरी ओर गांव रसूलपुर आबाद निवासी किसान रियाज अहमद, रईस अहमद, जगतार, पवन व राजीव आदि कहना है कि रसूलपुर आबाद व बिरला फार्म से खेतों में रोजाना गुलदार दिखाई दे रहा है। गुलदार कभी झाड़ियों में तो कभी खेतों की मेढ़ पर बैठा दिखाई देता है।

### कोठरी में घुस कर बचाई जान

वन दरोगा सुनील राजौरा ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने को कहा है। उनका कहना है कि गश्त बढ़ाई जा रही है।

# प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना बिजनौर पर 23 से 27 मई के बीच कृषि विभाग बिजनौर द्वारा नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग योजना के अंतर्गत पांच दिवसीय कृषि सखी एवं प्रगतिशील कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के में जनपद बिजनौर के उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र ने योजना से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके अंतर्गत जनपद बिजनौर में क्लस्टर के रूप में प्राकृतिक खेती का कार्यक्रम चलाया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉ. के.के. सिंह ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागिओं को प्राकृतिक खेती की अवधारणा, प्राकृतिक खेती के अवयव, प्राकृतिक खेती में नवरत्न हरी खाद का महत्व, बासमती धान, गन्ना, गेहूं, सरसों, उड़द आदि की प्राकृतिक खेती कैसे की जाए। इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही साथ प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले संबंधित बीजों की भी जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी ने प्राकृतिक खेती द्वारा मृदा की उर्वरता को कैसे सुरक्षित एवं स्वस्थ बनाए जिससे कि प्राकृतिक खेती में उत्पादन को सुनिश्चित किया जाए। साथ ही साथ उन्होंने मृदा परीक्षण, वर्तमान में मृदा नमूना लेने की तकनीक आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दी।

केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. पिंटू कुमार ने प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले प्राकृतिक रूप से तैयार की जाने वाले रसायन एवं उर्वरकों को बनाने की तकनीक के बारे में जानकारी दी साथ ही साथ फसलों में लगने वाले रोग एवं कीट की विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने प्राकृतिक खेती में औदानिक फसलों को कैसे समावेशित किया जाए। इसके बारे में संपूर्ण जानकारी दी। उक्त पांच दिवसीय परिचित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को प्राकृतिक रूप से तैयार किए जाने वाले जैव रसायन एवं उर्वरकों को बनाकर प्रैक्टिकल भी कराया गया। साथ ही साथ उनको बताया गया कि कैसे इसको अपने घर पर तैयार किया जाना है। उपस्थित प्रतिभागिओं को केंद्र पर लगाए गए प्राकृतिक खेती हेतु नवरत्न हरी की फसल, गन्ने की आठ प्रजातियां जो कि प्राकृतिक रूप से लगाई गई है, साथ ही साथ गौ आधारित प्राकृतिक खेती मॉडल का भी भ्रमण करके दिखाया गया।

अंत में केंद्र की वैज्ञानिक डॉक्टर शकुंतला गुप्ता ने की प्राकृतिक खेती में समूह कैसे काम करेगा। समूह की महिलाएं कैसे अपना योगदान निभाएंगे इसके बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर प्रतिभागिओं को प्रमाण पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ उन्हें बताया कहा गया कि वे लोग अपने गांव जाकर अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक करेंगे।

कृषि विभाग की तरफ से संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉक्टर राम प्रसाद, सनी मालिक एवं आदित्य वीर द्वारा किया गया।

# कम लागत और पानी में किसान पाए धान का बंपर उत्पादन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** खेती में श्रमिकों की कमी, बढ़ती लागत और जल संकट के इस दौर में धान की फसल के लिए डीएसआर विधि उत्तम है। परंपरागत विधि में पहले नर्सरी तैयार कर फिर खेत में पौधों की रोपाई होती है। डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) में बीज सीधे खेत में रोपे जाते हैं। यानी कम लागत और कम पानी में किसान धान का बंपर उत्पादन पाएंगे।

नगीना शोध एवं वेधशाला केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी ने कहा कि इस दौर में किसानों को खेती करने की विधि में अपडेट होते रहना चाहिए। क्योंकि वर्तमान में श्रमिकों की कमी और खेती की जमीन का रकबा कम होता जा रहा है। धान रोपाई का समय शुरू हो गया। किसान धान रोपाई में सामान्य विधि की जगह डीएसआर विधि से धान की खेती करें। इससे पानी की आवश्यकता कम होती है। डीएसआर विधि से औसतन 35 प्रतिशत पानी की बचत होती है। क्योंकि पौधे सीधे खेत में बोए जाते हैं।

मशीनरी के उपयोग होने से मजदूरों कम जरूरत पड़ती है और धान पैदावार हो जाती है। साथ ही मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

# अबकी बार मनरेगा मजदूरों को रहेगा काम का टोटा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर में जाकर काम नहीं करने वाले गांव के तमाम मजदूर मनरेगा पर निर्भर रहते हैं। मगर इस बार मनरेगा में काम का टोटा रहेगा। दरअसल मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य कम कर दिया गया है। पिछले साल के मुकाबले इस बार कम दिनों में ही मजदूरी मिलेगी। जिले की ग्राम पंचायतों ने साल 2024-25 में 47 लाख मानव दिवस सृजित किए गए थे। यानि मजदूरों को खूब मजदूरी मिली।

अब प्रशासन की ओर से साल 2025-26 के लिए 69 लाख मानव दिवस सृजित करने की डिमांड की गई थी। इस डिमांड को शासन ने ठंडे बस्ते में डाल दिया। जिसके बाद सिर्फ 27 लाख मानव दिवस ही सृजित करने का लक्ष्य तय कर दिया गया। यानि पिछले साल के मुकाबले 20 लाख मानव दिवस कम कर दिए गए हैं।

बता दें कि मनरेगा में तीन लाख 70 हजार परिवार जॉब कार्ड धारक हैं। इनमें केवल दो लाख 29 हजार मजदूर ही सक्रिय रहते हैं। सक्रिय मजदूर उन्हें माना जाता है, जिन्होंने दो साल में चाहे एक दिन ही काम किया होगा।

# बिजनौर में वन विभाग की नर्सरी में तैयार की जा रही सहजन की पौध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** सहजन (मोरिंगा) औषधीय गुणों की वजह से दुनियाभर में मशहूर है। अब सहजन बिजनौर में महिलाओं के लिए आमदनी का जरिया बनने जा रहा है। दरअसल जिले के 11 गांव में सहजन के बाग विकसित करने की कवायद धरातल पर उतरने के लिए तैयार है। जुलाई में 22 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और मनरेगा के तालमेल से जिले के 11 ब्लॉक में एक-एक गांव में ग्राम समाज की जमीनों को चिह्नित किया गया है। पांच-पांच एकड़ जमीन में दो-दो हजार सहजन के पेड़ लगाए जाएंगे। इसके लिए बीते एक साल से तैयारी चल रही थी। इसी क्रम में वन विभाग का सहयोग लेकर अलग-अलग नर्सरी में 32 हजार सहजन की पौध तैयार करवाई गई हैं।

सहजन की खासियत यह है कि इस पेड़ के सभी भाग सेहत के लिए फायदेमंद है। विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर ये पेड़ पूरे 300 रोगों के उपचार में उपयोग लाया जाता है। बताते हैं कि पत्तों में संतरे से सात गुना ज्यादा विटामिन सी और केले से 15 गुना ज्यादा पोटैशियम पाया जाता है।

सिर्फ पौध रोपित करने के बाद ही काम नहीं निबट जाएगा बल्कि पौध से पेड़ बनने तक पूरे दो साल मनरेगा मजदूरों की जिम्मेदारी रहेगी। उक्त मजदूर पौधों की देखभाल, सिंचाई, निराई-गुड़ाई करेंगे। इसके बाद इन्हें ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों के कलस्टर स्तरीय संगठन के हवाले कर दिया जाएगा।

आयुर्वेदिक चिकित्सा में मोरिंगा की जबरदस्त डिमांड है। ऐसे में महिलाओं का समूह उद्यम लगाएगा। जिसमें पत्तियों और सूखी फलियों का पाउडर तैयार होगा। साथ ही टेबलेट भी बनाई जाएगी। जिसे बाजार में बेचा जाएगा। साथ ही फलियों का अचार बनाकर बेचने की भी योजना है।

अफजलगढ़ ब्लॉक के गांव कांधला, स्योहारा के अमानतपुर, धामपुर के गांव नवादा केशों, हल्दौर के गांव शरीफपुर, जलीलपुर के गांव धींवरपुरा में जमीन का चयन कर लिया गया है।

# फाइनेंस कंपनी के निदेशक को भीड़ ने पकड़ा, कपड़े फाड़ डाले



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लोकहित निधि फाइनेंस कंपनी के मार्केटिंग डायरेक्टर को ठगी का शिकार हुए लोगों की भीड़ ने पकड़ लिया। भीड़ जमा पैसों को लौटाने की मांग पर अड़ी रही। जमकर हंगामा हुआ, भीड़ ने निदेशक के कपड़े तक फाड़ डाले। बाद में पुलिस ने पहुंचकर उसे भीड़ के चंगुल से छुड़ाया।

सोमवार को कोतवाली शहर क्षेत्र में लोगों ने कंपनी के मार्केटिंग डायरेक्टर नवनीत चंदेल को मुरादाबाद मार्ग पर विवेक कॉलेज के पास से पकड़ लिया। नवनीत चंदेल के मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में निवेशक मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे लोक हित निधि फाइनेंस कंपनी में एजेंट रहे अनिल कुमार ने बताया कि नुमाइश ग्राउंड के पास उक्त कंपनी का कार्यालय हुआ करता था। मुनाफे का लालच देकर लोगों से पैसे जमा करवाए। 12 करोड़ तक जमा होने पर कंपनी के निदेशक गायब हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी अमित कुमार वर्मा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद भीड़ से नवनीत चंदेल को छुड़ाया और थाने लेकर पहुंची।

एएसपी सिटी संजीव वाजपेयी ने बताया कि जुलाई 2024 में इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी भी हुई। अब मामला हाईकोर्ट में है।

# 10 नलकूपों की बिजली आपूर्ति में आड़े आ गए पेड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दस नलकूपों पर बिजली आपूर्ति बहाली में पेड़ आड़े आ गए हैं। पिछले 12 दिनों से नलकूपों को बिजली नहीं मिली है। विभाग ने आपूर्ति बहाल करने के बजाए लाइन ही काट दी।

कोतवाली मार्ग पर महेश्वरी जट के पास फार्म हाऊस है। फार्म हाऊस के बराबर में ही खेत है। उक्त खेत और मसूरी गांव को जाने वाली सड़क किनारे हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। पहले ये लाइन फार्म के बीचोंबीच से जाती थी, जिसे शिफ्ट कराते हुए बाहर की ओर सड़क किनारे करा दिया गया। इस लाइन के नीचे विधायक के खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े हैं, जोकि बढ़ते बढ़ते लाइन तक जा पहुंचे। जिनमें लाइन के तार उलझे तो कोतवाली बिजलीघर के महेश्वरी फीडर में बार-बार फाल्ट आने लगा।

### 400 बीघा फसल सूखने के कगार पर पहुंची

दस नलकूपों से करीब चार सौ बीघा जमीन में सिंचाई की जाती है। अब भयंकर गर्मी के बीच फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। उधर विश्नोईवाला गांव के विजयपाल के कुएं से सब्जी की खेती में सिंचाई की जाती है। पिछले दो सप्ताह से पानी नहीं मिलने के कारण सब्जी की फसल चौपट हो चली है। महेश्वरी जट फीडर से जुड़ी लाइन बंद होने की जानकारी उनके संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा है तो जल्द ही बिजली चालू कराई जाएगी।

**- अम्बरीश कुमार, अधिशासी अभियंता**



किसान धर्मपाल सिंह, बिरेंद्र आदि ने बताया कि बिजली कर्मियों ने बार-बार फाल्ट के चलते लाइन में बिजली आपूर्ति बंद कर दी। पिछले 12 दिनों से बिजली नहीं मिली है। जब पेड़ों की छंटाई करके लाइन को ठीक करने के लिए बिजलीकर्मियों से कहा गया तो उन्होंने पेड़ होने का हवाला देकर छूने से भी इंकार कर दिया। बताया जा रहा है कि उन्होंने भी पेड़ कटवाने से मना कर दिया। अब लाइन में आपूर्ति बंद है और नलकूप भी ठप पड़े हैं।

नहटौर विधायक ओम कुमार ने कहा कि मेरे पास कोई किसान समस्या लेकर नहीं आया। अब क्या समस्या है, इसका भी नहीं पता। यदि किसी को परेशानी है तो बताए, हम समस्या का समाधान कराएंगे। हम किसानों के लिए ही काम कर रहे हैं।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अनस खान गलत संगत में पड़ गया है तथा मेरा व मेरे परिवार का कहना नहीं मानता है तथा मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है। इस लिए मैंने अपने पुत्र अनस खान को 26.05.2025 को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसका मेरे परिवार व मेरी चल व अचल सम्पत्ति से कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है और न ही हम उसके किसी गलत कार्य के लिए जिम्मेदार होंगे।

**सरताज बेगम पत्नी रईस खान, निवासी मौहल्ला सरायरफी, कस्बा, थाना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मैं अपने भाई मुकीम अहमद व उसकी पत्नी निशा परवीन को गलत व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद करता हूं। उनके किसी भी कृत्य का मैं जिम्मेदार नहीं हूंगा। **वसीम अहमद पुत्र नसीम अहमद ग्राम फुलसंदा खाकम, थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

# पांच मकानों के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

## सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मीमला में सोमवार रात चोरों ने एक के बाद एक पांच बंद पड़े मकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी और कीमती सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। अधिकांश पीड़ित परिवार इस समय गांव से बाहर थे, इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार चोरी की घटना गांव के मनोज पुत्र राजेश, मोहित पुत्र अजयपाल, मनीष पुत्र रमेश, सूरज पुत्र अमीर सिंह और जितेंद्र पुत्र सुखलाल के घरों में हुई। खास बात यह रही कि घटना गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसकी फुटेज पुलिस द्वारा खंगाली जा रही है।

चोरों ने एसडीएम कार्यालय में पेशकार के पद पर तैनात सूरज के घर से नकदी सहित जेवरात से भरा बक्सा चोरी कर लिया। वहीं जितेंद्र के घर से करीब 20 हजार रुपये की नकदी और कीमती जेवरात ले उड़े। सभी मकानों के मुख्य दरवाजों पर ताले लटके थे, जिससे स्पष्ट है कि वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने रेकी की थी। ग्रामीणों ने बताया कि घटना से एक दिन पूर्व एक संदिग्ध व्यक्ति को गांव में घूमते देखा गया था, जिसे अब पुलिस तलाश रही है।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पीड़ितों द्वारा पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# आरएसएम में विदाई समारोह कार्यक्रम

## नृत्य, कविता व कुर्सी खेल का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में बीएड प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं ने बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) रश्मि शर्मा रावल, कालेज के मुख्य अनशासी प्रोफेसर (डा.) एस.एस. कटियार तथा बीएड विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार यादव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संच. ालन कार्तिक कुमार ने किया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें नृत्य, कुर्सी खेल, स्वरचित कविताएं आदि प्रस्तुत किये। कॉलेज की प्राचार्या ने सभी प्रशिक्षुओं को आशीष वचन दिया। सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि शिक्षक को हमेशा सत्य निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। कॉलेज के मुख्य अनुशासी प्रोफेसर (डॉ.) एस. एस. कटियार ने जीवन में शिक्षक की महत्व को दर्शाया और बताया कि हमें भविष्य में अपना एक गुरु अवश्य बनाना चाहिए जो हमारा समय-समय पर सही मार्गदर्शन कर सके। बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार यादव ने सभी अतिथियों का अभिनंदन और स्वागत किया और इस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में बीएड विभाग से शिक्षक इंदू सोलंकी, धनीराम, अभिषेक कुमार, इंदु चौहान एवं बृजनंदन सिंह, गोविंद सिंह, अर्जुन शर्मा का सहयोग रहा। छात्रों में उजैफा, युसरा कफील, निर्दोष कुमार , नेहा अग्रवाल, इलमा, इंदु, राखी, राजकुमार, साहित्य कुमार, विनीत कुमार, अंकित कुमार, तुषार कुमार का सहयोग रहा।

# मिल अधिकारियों व किसानों ने किया भ्रमण

## क्षेत्र में गन्ना पैदावार को देखा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना आयुक्त उ.प्र. लखनऊ के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री गन्ना कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद मुजफ्फरनगर की आईपीएल शुगर मिल रोहाना कलां एवं जनपद सहारनपुर की त्रिवेणी शुगर मिल, देवबंद के लगभग 40 से अधिक प्रगतिशील कृषकों ने जनपद बिजनौर की बिन्दल शुगर मिल चांगीपुर में हरि मंगलम बक्विट हॉल में एक कृषक गोष्ठी एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र कुमार मलिक द्वारा इस भ्रमण कार्यक्रम में आये सभी आगन्तुको का स्वागत किया गया।

गोष्ठी में ट्रैंच विधि से गन्ने की अधिक पैदावार कैसे लें एवं गन्ने में लगने वाले रोग एवं बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात् गन्ना विकास परिषद चांदपुर के ग्राम दौलतपुर में अब्दुल रशीद एवं शाहरुख खान ग्राम खानपुर में करन सिंह एवं फारूख खां, ग्राम हसुपुरा में कपिल कुमार के प्लाटों में गन्ना किस्म को00118 एवं को00238 पेड़ी प्रबन्धन के प्रदर्शन प्लाटों में पेड़ी प्रबंधन डिवाईस के प्रयोग एवं नैनो यूरिया नैनो डीएपी के पर्णीय छिडकाव एवं अन्य कृषण क्रियाओं को भ्रमण के दौरान देखा। साथ ही साथ ग्राम तंगरौला में कृषक पंकज कुमार के त्रिवर्षीय पेड़ी प्रबंधन प्रदर्शन प्लॉट में ट्रेश मलचर एवं को 00238 में ट्राइकोडेर्मा के प्रयोग से लाल सड़न बीमार से बचाव के बारे में कृषक ने अपने अनुभव कृषकों से साझा किये।

इसके पश्चात ग्राम हीमपुर प्रथया में अवनीश कुमार के यहां नवीन गन्ना प्रजाति के प्रदर्शन प्लाट का अवलोकन किया जो सभी कृषकों के आकर्षण का केन्द्र रही। इसके पश्चात गन्ना विकास परिषद अमरोहा के ग्राम अकबरपुर पट्टी एवं धावड़ी में पेड़ी प्रबंधन एवं बसंतकालीन ट्रेंच विधि द्वारा गन्ना बुवाई के प्रदर्शन प्लाटों में सहफसल में मक्का एवं केला का भ्रमण किया, जिसकी किसानों ने खूब सराहना की।

इस दौरान चीनी मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह, वरिष्ठ गन्ना प्रवंधक जोगेंद्र मलिक व सरूर आलम जैदी, गन्ना प्रबंधक विपिन बालियान, उप गन्ना प्रबंधक राजवीर सिंह एवं संजीव खोकर आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# समर कैंप में छात्राएं सीख रही पेंटिंग सिलाई, कढ़ाई और नृत्य करना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में चल रहे समर कैंप में छात्रों को पेंटिंग, सिलाई, कढ़ाई और डांस सिखाया जा रहा है। जिसमें छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर सीख रही हैं।

रश्मि गोयल एवं प्रधानाचार्य अभावती ने बताया हमारे यहां एक सप्ताह से समर कैंप चल रहा है, जिसमें छात्राएं बड़ी संख्या में पेंटिंग करना, सिलाई, कढ़ाई करना और नृत्य की कलाएं सीख रही हैं। यह सारी कलाएं एवं हुनर सीख कर छात्राओं के जीवन में बहुत काम आएंगी और हमेशा जीवन में मार्गदर्शन करेगी। जिसमें सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण विनीता भाटी, कल का प्रशिक्षण शिवानी विश्वास एवं नृत्य कलाकार प्रशिक्षण पवन कुमार द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षिका रेनू कुमारी अर्पणा मीनाक्षी शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# गैर जनपद के किसानों ने किया उत्तम शुगर मिल का भ्रमण

## गन्ने की अधिक पैदावार के बारे में जानकारी की साझा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गैर जनपद के गन्ना किसानों और मिल अधिकारियों ने उत्तम शुगर मिल और उसके गन्ना क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान किसानों और अधिकारियों ने गन्ने की अधिक पैदावार लेने के लिए एक दूसरे से अनुभव साझा किए।

मंगलवार को प्रदेश की सबसे बड़ी चीनी मिल त्रिवेणी शुगर मिल खतौली गन्ना किसानों और उनके अधिकारियों ने उत्तम शुगर मिल क्षेत्र के कृषि फार्म मानपुर, तिसोतरा, किशनपुर, खुराहेड़ी आदि का भ्रमण किया। इस दौरान किसानों ने मिल क्षेत्र की गन्ना फसल को देखा और जानकारी हासिल की। किसान गोष्ठी में अधिकारियों ने रेड रॉट बीमारी के बारे में किसानों को जानकारी देकर उसकी रोकथाम के बारे में बताया। ज्येष्ठ गन्ना विभाग निरीक्षक ने रेड रॉट बीमारी की रोकथाम के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने गन्ना प्रजाति 15023, 0118 को ट्रेंच विधि से बोने का सुझाव दिया इसके साथ किसानों को गन्ने की पत्ती खेतों में सड़ाने सुझाव दिया। इस दौरान विकास पुंडीर, कुलदीप सिंह, चंद्रवीर सिंह, अजय कुमार, नीरज सिंह, सुरजू सिंह, सुभाषचंद, शिवांश वर्मा सहित मिल अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग

## एसपी पूर्वी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की धामपुर ईकाई ने पुलिस अधीक्षक नगर पूर्वी को आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु ज्ञापन दिया। किसानों ने मांग की है कि बिल्ले लगे हुए गोवंश/पशुओं को छुट्टा छोड़ने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाये, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आये।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की धामपुर इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक नगर पूर्वी से मिला तथा अनेक समस्याओं के समाधान के निराकरण हेतु एक तीन सूत्रीय ज्ञापन पुलिस अधीक्षक नगर पूर्वी को सौंपा। किसानों का कहना है कि छुट्टा सड़कों पर घूम रहे गोवंश से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है और लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। वहीं किसानों का कहना है कि धामपुर के मुख्य चौराहों पर वाहन गलत तरीके से खड़े रहते हैं, जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं हाईवे पर सड़क किनारे कुछ लोग रेता बजरी आदि का व्यापार करते हैं , इससे छुटकारा दिलाया जाए तथा हाइवे व सड़कों से अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में हरिराज सिंह जिला उपाध्यक्ष, जगत सिंह जिला सचिव, महेश चन्द, नोबहार सिंह, योगेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, नरदेव सिंह, रुपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## सर्पदंश से व्यक्ति की मौत

**मंडावर।** ग्राम बिचपडी निवासी सहाबुद्दीन पुत्र हमीद रविवार की देर शाम जंगल में कार्य कर रहा था, तभी सांप ने उसके पैर में काट लिया था सांप के काटने से सहाबुद्दीन (42) वर्ष की हालत गम्भीर हो गई। गम्भीर हालत देखते हुए। परिजनों ने सहाबुद्दीन को डॉक्टर के यहाँ दिखाया। गम्भीर हालत देखते हुए उसे डॉक्टर ने मना कर दिया और घर ले जाने की सलाह दी। परिजन डॉक्टर की बात मानते हुअ सहाबुद्दीन को घर लेकर आ गए। रात्रि में सहाबुद्दीन की मौत हो गई वह अपने पीछे चार बच्चे छोड़ चला गया। सहाबुद्दीन की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## हादसे में साइकिल सवार की मौत, दो बाइक सवार घायल



**हल्दौर।** ग्राम फरीदपुर सधीरन निवासी नत्थू सिंह (38 वर्ष) पुत्र छोटे सिंह साइकिल पर सवार होकर हल्दौर से घरेलू सामान लेकर अपने घर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बालकिशनपुर चौराहे के पास मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे बिजनौर की ओर से आ रही बाइक की साइकिल की जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें साइकिल सवार छोटे सिंह की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार आयान व शाकिब गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भिजवाया और घायलों को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कार्यक्रम

## विधायक अशोक राणा ने दी श्रद्धांजलि






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मराठा साम्राज्य की महान धर्मपरायण, समाजसेवी और लोक कल्याण की प्रतीक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर धामपुर विधानसभा क्षेत्र में एक विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शुभम मंडप में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अशोक राणा शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह द्वारा सभी अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट स्वरूप दिया गया। मुख्य अतिथि अशोक राणा ने अपने संबोधन में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जैसी महान महिलाओं का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन से ऊपर उठकर जनसेवा को सर्वोपरि रखा, यही कारण है कि आज भी उनका नाम श्रद्धा और सम्मान से लिया जाता है।

विधायक ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर ने इंदौर से काशी तक अनेक धार्मिक स्थलों का निर्माण कराया। उन्होंने मंदिर, बावड़ियां और धर्मशालाएं बनवाकर समाज कल्याण की मिसाल पेश की। उन्होंने गरीबों को भोजन कराया, पानी की व्यवस्था कराई और हर दिशा में सेवा भाव को किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग भी साझा किए। विशेषकर जब उन्होंने अपने बेटे के लिए सारथी बनकर रणक्षेत्र में उतरने का साहस दिखाया।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि आज की डबल इंजन सरकारें चाहे केंद्र की हो या राज्य की उसकी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अन्य योजनाएं महिलाओं के सम्मान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का हिस्सा हैं।

समारोह के समापन पर विधायक अशोक राणा ने सभी आयोजकों, महिलाओं और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि भारत की नारियां केवल प्रेरणा का स्रोत नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सैनी द्वारा किया गया। क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, डॉ. रश्मि शर्मा रावल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया, अनीता चौहान, सुभाष चौहान, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, नागेश्वर दयाल गहलोत, दीपेंद्र सिंह चौहान, अनिल शर्मा, मदन सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दरोगा शिवकुमार के कार्यकाल की प्रशंसा



**किरतपुर।** कस्बा इंचार्ज दरोगा शिवकुमार का कार्यकाल नगरवासियों के लिए बेहद राहत भरा रहा। उन्होंने अपने कर्तव्यनिष्ठ और सख्त प्रशासनिक रवैए से नगर में आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। दरोगा शिवकुमार के कुशल प्रबंधन और सतर्क निगरानी के चलते नगर में चोरी, छिनैती, अवैध नशा कारोबार और मारपीट जैसी घटनाओं में गिरावट नजर आई। उनका कहना था कि रात को पुलिस जागेगी और नगरवासी आराम से सोएंगे। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी दरोगा शिवकुमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने ईमानदारी के साथ जनता की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा। महिला सुरक्षा को लेकर भी उन्होंने विशेष मुहिम चलाई, जिससे महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। नगरवासियों की मांग है कि ऐसे कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी की सेवाएं भविष्य में भी नगर को मिलती रहें, जिससे शांति, सुरक्षा और विकास का माहौल बना रहे।

### ओवरलोड वाहनों से पुल की हालत खस्ता



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के गांव पाइंदापुर के ग्रामीण उस समय धरने पर बैठ गए जब वहां से गुजर रहे ओवरलोड ट्रकों द्वारा कच्छ पुल टूटने के कगार पर बन गया। ग्राम वासियों का आरोप है कि ग्राम के लोगों द्वारा नहर के ऊपर एक कच्चा पुल बनाया गया था, जिससे ग्राम वासियों का आना-जाना चल रहा था लेकिन वहां से खनन के डंपर लगातार ओवरलोड होकर गुजर रहे थे। जिससे पुल की हालत खस्ता हो गई और ग्राम वासियों को धरने पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास



**स्योहारा।** नगर से ईदगाह रोड की ओर उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक व्यक्ति ट्रेन के सामने कूदकर आत्म हत्या करने का प्रयास कर रहा था। जिसको ग्राम वासियों ने पकड़कर 112 पुलिस को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि इस व्यक्ति से इसका नाम और कहां का निवासी है यह जानने के लिए काफी प्रयास किया गया लेकिन यह अपना नाम और पता बताने में असमर्थ रहा। उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### जयंत चौधरी किरतपुर आएंगें 31 को

**चांदपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया सांसद जयंत चौधरी 31 मई को किरतपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता जिला सचिव डॉ. विपिन तोमर ने देते हुए बताया कि जयंत चौधरी किरतपुर के मुस्लिम इंटर कॉलेज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री चौधरी जयंत सिंह दोपहर 1 बजे एक जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ. विपिन तोमर ने राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं जनपद की सर्व समाज की जनता से अपील करते हुए समय पर रालोद मुखिया जयंत चौधरी के विचारों को सुनने के लिए किरतपुर पहुं. चने की अपील की है।

### पूर्व पीएम नेहरू की पुण्यतिथि मनाई



**धामपुर।** भारत रत्न आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर जिला, ब्लॉक, नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने नगर पालिका के प्रांगण में स्थित नेहरू जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसी उर्रहमान एडवोकेट, मुजफ्फरनगर कार्डिनेटर सुधीर कुमार एडवोकेट, पूर्व जिला महिला जिला अध्यक्ष डॉ. सुमन चौधरी, पूर्व जिला सचिव उदयराज सिसौदिया, डॉ. अथर जुनैद चन्दन, राजेन्द्र चौहान नगर शाहबाज कुरैशी, उपाध्यक्ष नदीम नजाकत खां, वसीम अहमद,शेर अली मौलाना, नसीमुद्दीन राना, चमन सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### गोष्ठी में किसानों को दी जानकारी



**शिवाला कला।** गन्ना आयुक्त व मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनपद मुजफ्फरनगर की आईपीएल शुगर मिल रोहन कला एवं सहारनपुर की त्रिवेणी शुगर मिल, देवबंद के लगभग 40 से अधिक प्रगतिशील द्वारा हरि मंगलम बैंकट हाल में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आये सभी किसानों का मिल उपाध्यक्ष जितेंद्र मलिक ने स्वागत किया एवं ट्रैंच विधि से गन्ने की अधिक पैदावार करने एवं गन्ने में लगने वाले रोग एवं बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया तथा उसके बाद गन्ना परिषद चांदपुर ने ग्राम दौलतपुर में अब्दुल रशीद एवं शाहरुख खान ग्राम खानपुर में करन सिंह, फारूख खां, ग्राम हसुपुरा में कपिल कुमार, तंगरौला में पंकज कुमार, प्लाटों में गन्ना किस्म को00118 एवं को0 0238 पेड़ी प्रबन्धन के डिवाईस के प्रयोग एवं नैनौ यूरिया नैनो DAP के पर्णीय छिडकाव, लाल सड़न बीमार से बचाव के बारे में एवं कृषकों ने अपने खेतों पर ही सभी कृषि यंत्रो जैसे पेढ़ी प्रबंधन डिवाइस, छोटा ट्रेक्टर पॉवर वीडर, पॉवर स्प्रेयर आदि यंत्रों का प्रयोग कर सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात् गन्ना विकास परिषद अमरोहा के ग्राम अकबरपुर पट्टी एवं धावड़ी में पेड़ी प्रबंधन एवं बसंतकालीन ट्रेंच विधि द्वारा गन्ना बुवाई के प्रदर्शन प्लाटो का भ्रमण किया। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमरोहा व बिलारी एवं चीनी मिल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



सम्भल-माता अहिल्याबाई होल्कर जन्म शताब्दी पर प्रभारी मंत्री को प्रतीक चिन्ह देते।

## जन्म शताब्दी पर छात्राओं ने दी नाटिका की प्रस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स विभाग एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति रहे।

डी आर रिसोर्ट बहजोई में आयोजित कार्यक्रम के आयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव व मुख्य अतिथि ने माता अहिल्याबाई होल्कर जी की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किये तथा माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र नाटिका प्रस्तुत की। तथा दर्जी काका की नाटिका भी प्रस्तुत की। गयी। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री जी ने माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला।

# मदरसा बोर्ड की परीक्षा में सिदरा जिला टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उपनगरी सराय तरीन मुहल्ला होज कटोरा हाजी ताफीक कुरैशी की बेटी सिदरा तुल मुंतहा कुरैशी ने उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड आलिम की परीक्षा (सीनियर सेकेंड्री अरबी व फारसी) की परीक्षा में जिले में प्रथम् स्थान पाया है।

**○ परिवार में जश्न का माहौल**

मदरसा बोर्ड की परीक्षा 2025 के परिणाम आने के बाद सिदरा तुल मुंतहा कुरैशी के परिवार वाले काफी खुश हैं। वेबसाइट पर परिणाम देख सिदरा तुल मुंतहा कुरैशी के परिवार वालो ने सफलता का जश्न मनाया। सिदरा तुल मुंतहा कुरैशी के पिता हाजी तौफीक कुरैशी ने कहा कि हमें बेटी की मेहनत और लगन को देखते हुए बेटी के कामयाब होने की पूरी उम्मीद थी। सिदरा तुल मुतहा ने जिले में 83.60 प्रतिशत अंक के साथ अव्वल आकर हमारा और पूरे जिले का नाम रोशन किया है, हमें अपनी बेटी पर नाज है। हमें बेटी से आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने और अपनी शिक्षा जारी रखने की पूरी उम्मीद हैं। परीक्षा परिणाम आने के बाद अपने परिवारों और दोस्तों के साथ अपनी खुशी को छात्रा ने साझा किया। सिदरा तुल मुतहा ने कहा कि मेरे जिले में अव्वल आने में मेरी मां और मेरे वालिद का अहम योगदान रहा है। मुबारकबाद देने बालों का तांता लगा हुआ है। सभी ने मदरसा अशरफिया सगीरून निशां निस्वा, सम्भल की छात्रा सिदरा तुल मुतहा कुरैशी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दुआओं से नवाजा। इस अवसर पर फखरे आलम, हाफिज खुर्शीद, हाफिज उस्मान, मुहम्मद ऐजाज, मुहम्मद फहीम, अफसाना, रुखसार आदि मौजूद रहे।

**पाइप लाइन लीकेज से नहीं हो सकी पेयजलापूर्ति, 18 वर्ष पूर्व पेयजल व्यवस्था पर खर्च किए गए थे करोड़ों**

# करोड़ों खर्च के बाद भी लोग पेयजल से वंचित

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में 18 वर्ष पहले पैयजल व्यवस्था करोड़ों रूपये खर्च करने के भी तीस हजार की आबादी पैयजल को तरस रही है। जबकि 18 वर्ष सेकी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त पड़ी है। इसे दुरूस्त नहीं कराया है। करोड़ों की पैयजल योजना से अभी तक जल मुहैया नही हो सका है।



नगर में शुद्व पैयजल को साल 2005 में 1000 किलोलीटर क्षमता का ओवरहैड टैंक का निर्माण कराया गया। इसकी जल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन भी बिछायी गयी। लेकिन जब जलापूर्ति करने के लिए पानी छोड़ा गया तो पाइप लाइन में समस्या हो गयी। पाइप लाइन दुरूस्त कराने के बाद भी समस्या कासमाधान नहीं हो सका। उसके बाद नगर की समी विस्तार व आबादीब ढ़ने पर 1200 किलोलीटर का दूसरा ओवरहैड टैंक का प्रस्ताव तैयार कर 2008 में 1.50 करोड़ की लागत से पुलिस चौकीक ` पीदे बनवाया गया।पाइप लाइन डालकर पैयजल आपूर्ति की टेस्टिंग की गई। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि शुरूआत से ही पाइप लाइन में लीकेज होने लगी। पाइपलाइन पानी के प्रवाह से पूरी तरह जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। नगर पंचायत ने इसको ठीक करने के लिए ल निगम से कहा लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। जिससे नगर वासियों को पीने के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो सका है। कई बार अधिकारियों को बंद पड़ी पैयजल योजना को शुरू करने के लिए कहा। उसके बाद नगर में पाइप लाइन डालने का कार्य चल रहा है। अमित यादव ने कहा कि नगर में दो ओवरहैड टैंक का निर्माण कराकर जलापूर्तिनहीं मिल पा रही है। अब जल निगम पाइप लाइनडालने का कार्य कर रहा है। लेकिन कब आपूर्ति मिलेगी पता नहीं। संजय शर्मा ने कहा कि सरकार नगर में ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी ओवरहैड टैंक का निर्माण कराकर जलापूर्ति कर रही है लेकिन कसबे में कई वषर्ज्ञे से दो-दो ओवर हैड होने के बाद भी जलापूर्ति उपलब्ध नहीं हो पाई है। सुमति यादव ने कहा कि हम शुद्व पैयजल को कैंफर मांगने को मजबूर है। पानी को मोटर समरसेबल का सहारा लेना पड़ता है। राजा ने कहा कि जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है। अब फिर जलापूर्ति की आस बलवती हुई। लेकिन कब तक आस पूरी होगी। बबराला ई ओ अमरेश तिवारी ने बताया कि जल निगम की पाइप लाइन लीकेज होनक की वजह से पैयजल आपूर्ति बंद है। पैयजल योजना को दोबारा शुरू करने के लिए जल निगम कार्य कर रहा है। अब पाइप लाइन गली मौहल्ले में डालकर शुरू पैयजल उपलब्ध कराएगी। ऐंसा अधिकारियों ने हमे आशवासन दिया है।

## वीडियो बनाने को बाराती और घरातियों में मारपीट

**सिरसी।** कस्बे में अन्य जनपद से आयी बारात में बाराती और घरातियों में विवाद हो गया। दोनों में जमकर मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किया।

मौहल्ला सादक सराय निवासी व्यक्ति की बेटी की बारात जनपद अमरोहा के जोया से रात आई थी। बारात का स्वागत कर खाने व निकाह की रस्त भी हो चुकी थी। बताया जाता है कि लड़के पक्ष की और से वीडियो बनाने का लड़की पक्ष ने विरोध किया। तब मामला मारपीट तक पहुंच गसी। इसी बीच विवाद की सूचना पाकर उप निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह दलबल के साथ पहुंच गए। पुलिस ने दोनो पक्षों को शांत किया।



सम्भल-जल जीवन मिशन की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# छपास बनकर रह गए हैं कथित समाज सेवी

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** कथित समाजसेवी एक व्यापारिक प्रतिष्ठान पर बैठकर कागज़ी घोड़े दौड़ाकर मात्र छपासी नेता बनकर रह गए हैं। समाज सेवा के नाम पर लोगों को गुमराह कर कहीं पै निगाहे कहीं पै निशाना वाली कहावत को चरित्रार्थ कर रहे हैं।

शहर में सैकड़ों लोग ऐंसे हैं जो धर्म और समाज का ठेकेदार बनकर फर्जी सेवा के दावे कर अखबारों में नाम व फोटो छपवाते रहते हैं। जबकि धर्म या समाज की सेवा के नाम पर इन कथित समोजसेवी का योगदान शून्य है। समाज व धर्म के इन कथित ठेकेदारों में अधिकतर ऐंसे हैं जो कहीं न कहीं कानून के खिलाफ कम कर प्रशासन पर समाज सेवा की झूठी छाप छोड़ना चाहते हैं। अवैध लाटरी,कृषि भूमि में आवासीय प्लॉटिंग, वक्फ सम्पत्ति का दुरूपयोग करने वाले भी इसमें शामिल हैं, जो समाज व धर्म की सेवा के नाम पर हकीकत में तो कुछ नही कर रहे बस एक एक जगह पर बैठकर फर्जी बैठकों में सेवा कर छपासी की भूमिका अदा कर रहे है। अख्बारों में नाम छपवाना और प्रशासन को गुमराह करना इनकी आदत है।

# सड़कों की मरम्मत गुणवत्ता पूर्ण नहीं, तो कार्रवाई तय

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** जल जीवन मिशन समीक्षा बैठक मेंप्रमुख बिंदुओं की जानकारी देकर उसकी प्रगति की विस्तार पूर्वक जानकारी ली गई।

कलेक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिनिधियों की शिकायतें हैं किसड़कों की मरम्मत गुणवत्ता पूर्वक नहीं की जा रही है। उन्होने सड़कों की मरम्मत गुणवत्ता पूर्वक नहीं मिलने पर सम्बंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक मे बहजोई विकास खंड के रायपुर कलां में बन रही जल निगम की परियोजनास कार्य में लापरवाही को लेकर डीएम ने सम्बंधित को कड़ी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि अगर किसी कार्य में लापरवाही संज्ञान में आती है तो सम्बंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि जो कार्य अधूरा है उसको समय से पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, एक्सइएन जल निगम ग्रामीण चन्द्रहास आदि मौजूद रहे।



बबराला। विद्याकुंज स्कूल में नृत्य व योग करते बच्चे।

# बच्चों को योगा जूडो तीरंदाज़ी का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के विद्या कुंज इंटरनेशनल स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को चार कलाओं को सिखाया गया।

ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को योग, तीरंदाजी ,जूडो, नृत्य कला सिखाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय में बच्चों ने योगा से प्रशिक्षण की शुरुआत की। इस कला प्रशिक्षण देने वाले शिक्षक विशाल रहे। जूडो कला में साक्षी ने सिखाया कि अपनी सुरक्षा हम किस प्रकार कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को तीरंदाजी में सही तरीके से निशाना भेदना सिखाया। इस कला में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें अंजलि,शिवाय, युग, रोली अभिनय ,निवान ,दक्ष ,रूद्र उज्जवल, कार्तिक, धैर्य , प्रशांत, पुनीत, अभिलाषा इत्यादि बच्चों ने भाग लिया। जिसमें आज लक्ष्य ने सबसे सटीक निशाना लगा कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। मीनल अशोक ने बच्चों को नृत्य की शिक्षा दी।इसमे सिया,युक्ति, महिरा, लारा, सारा, जुबेर, इब्राहिम, आकांशा, जैनिका, त्रिशिका, राधिका, वंशिका, आरांशु आदि ने भाग लिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर इस प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय के प्रबंधक गोयल, कार्तिक गोयल, सोनल शर्मा, मीनल अशोक, शबनाज, अंशू, अमित, मोहित, विशाल आदि मौजूद रहे।

# समर कैम्प में साइबर क्राइम की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज में समर कैम्प में छात्राओं को योग कराया गया। इसके साथ ही साइबर क्राइम की जानकारी दी गई। कॉलेज में शिक्षिका प्रेरणा पाठक व गुंजन शर्मा ने छात्राओं को अधिकारियों को शिकायती पत्र लिखना सिखाया।

**○ छात्राओं को शिकायती पत्र लिखने का दिया प्रशिक्षण**

प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने छात्राओं को बैकिंग फ्राड से बचने की विस्तार से जानकारी दी। मोबाइल पर अपना ओटीपी, पिन को गुप्त रखें। एटीएम कार्ड और डेबिट को गोपनीयता के साथ इस्तेमाल करें और इसमें असावधानी होने पर नुक्सान उठाना पड़ सकता है। साइबर क्राइम करने वाले लोग मोबाइल पर फोन करके भ्रमित करते हैं कि हम बैंक से बोल रहे हैं। आपका एटीएम बंद हो गया है। आप अपनी ओटीपी बताएं। आपका इनाम निकला है। अपने खाते का नम्बर, आधार कार्ड भेजें। इनाम पाने के लिए पहले इतने रूपये हमारे खाते में डालें। फिर हम आपके खाते में इनाम की रकम भेज देंगे। इस सब फ्राड से बचें। पुलिस को इसकी सूचना दें। इस दौरान छात्रायें मौजूद रहीं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की हो नियमित समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियमित समीक्षा पर ज़ोर दिया गया।

विकासखण्ड जुनावई में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से वागीश शर्मा द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं केकी विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित समीक्षा पर ज़ोर दिया गया। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर इन योजनाओ के अन्तर्गत पात्र बालको को नियमानुसार लाभान्वित करने को कहा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से डा. नरेश यादव, शिक्षा विभाग से मयंक, एन.आर.एल विभाग से सुनिल कुमार एवं हरपाल, सौरभ सेंगर, आदि उपस्थित रहे।

**○ मिशन वात्सल्य की बैठक**

# राज्य महिला आयोग की सदस्या आज बनियाखेड़ा में

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या महिला उत्पीड़न के मामलों की समीक्षा करने आज बनियाखेड़ा पहुंचेंगी। जिला सूचना विभाग के अनुसार राज्य महिला आयोग की सदस्या अवनी सिंह का कार्यक्रम 28 मई आज पूर्वाहन 11 बजे विकास खंड सभागार बनियाखेड़ा में प्रस्तावित है। जहां वहा तहला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने को महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा करने के बाद चिकित्सालय बालिका/महिला ग्रह व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करेंगे।

# धूप व बारिश से बचने को रोटरी क्लब ने वितरित की छाता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** रोटरी क्लब बबराला गंगा व सुरेशचंद्र मंजूदेवी वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नगर के बाला जी एचपी पैट्रोल पंप पर बारिश व भीषण गर्मी से राहत के लिए लोगों को छातों का वितरण किया गया।

रोटरी क्लब बबराला गंगा के अध्यक्ष डा. राहुल यादव ने कहा कि सामाजिक कार्य के लिए हम तैयार हैं। समाज में सभी रहते हैं। उसके लिए कुछ न कुछ समय समय पर करते रहना चाहिए। गर्मी से बचाव के लिए लोगों को छातों से राहत मिलेगी। कार्तिक गोयल ने कहा मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गर्मी में धूप व बारिश से बचने को छाते आवश्यक हैं। हम सामाजिक कार्य करने में लगे हैं। सभी को निरंतर मानव सेवा करते रहना चाहिए। इस दौरान रोटरी क्लब अध्यक्ष डा. राहुल यादव, विजय गोयल, कार्तिक गोयल, कपिल गोयल, बंटी गोयल, सुरेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



सम्भल।- मि.इं. एकेडमी में छात्राओं को पुरस्कृत करते।

# दिनभर भयंकर गर्मी ने ढहायी आफत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भयंकर गर्मी ने फिर अपने रिकार्ड तोड़ दिये। सुबह से ही आसमान में बरसी आग दोपहर को ओर भी भयंकर हो गई। भयंकर गर्मी से निजात पाने को लोग आसमान की तरफ टकटकी लगाये देख रहे लोगों को दोपहर तक भारी तपिश झेलनी पड़ी।

गर्मी अपने का पारा रोज़ाना चढ़ता जा रहा हैं। हालांकि दो दिन कुछ देर हुई बारिशन ने काफी राहत प्रदान की थी। जबकि बादलों में भी कोई कुछ राहत मिलने की आस दिखायी नहीं देती है, मंगलवार को फिर जनमानस को गर्मी से दो चार होना पड़ा। भयंकर गर्मी ओर पसीने में तरबतर लोग लोग आसमान की ओर टकटकी लगाये देखते रहें, मगर बारिश के आसार नज़र नही आ रही। सुबह से ही सूरज की किरणों के साथ दिन निकलते ही गर्मी का असर दिन भर जारी रहा। सांय को भी कोई राहत गर्मी से नहीं मिल पायी। दिन भर गर्मी के प्रकोप से जूझते रहे लोगों का मुख्य बाज़ार में भी आवागमन कम दिखायी दिया।

# पति की दीर्घायु की महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के सन्तोषी माता श्रीबाँकेबिहारी मन्दिर में पंडित श्याम बिहारी ने वट सावित्री व्रत के बारे में महिलाओं को बताया। इस पर्व पर महिलाए वट वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घ आयु की कामना करें।यह व्रत महान पौराणिक स्त्री सावित्री की ईश्वर के प्रति निष्ठा ,अनूठे बुद्धि कौशल ,पतिव्रत धर्म की अद्भुत शक्ति का परिचायक है।

उन्होंने बताया कि व्रत से जुड़ी सावित्री सत्यवान की कथा सब भली भांति जानते हैं। सावित्री की उस महाविजय के उपलक्ष्य में प्राचीन काल से भारत की सुहागन स्त्रियां पति की दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य के लिए जेष्ठ कृष्ण अमावस्या को वट सावित्री का व्रत पूजन करती आ रही हैं। ऐसी मान्यता है कि समूची सृष्टि में वट वृक्ष ही एकमात्र ऐसा पेड़ है। जिसमें त्रिदेवों यानी ब्रह्मा विष्णु महेश की समन्वित शक्ति निहित मानी जाती है। वृक्षों व वनस्पतियों के प्रति गहरी श्रृद्धा भारतीय संस्कृति की अति प्राचीन व लोकहितकारी परंपरा है। प्राणी जीवन में वृक्षों के योगदान के चलते ही इन्हें जीवंत देव माना जाता है। महा सती सावित्री ने वटवृक्ष के नीचे ही मृत्यु के देवता यमराज से अपने मृत पति के लिए पुनर्जीवन हासिल किया था। तभी से वटवृक्ष हिंदू समाज में देव वृक्ष के रूप में पूज्य हो गया है। हमारी संस्कृति में वृक्षों को जीवंत देवताओं की संज्ञा दी गई है।महिलाए अपने घरों में वट वृक्ष की टहनी रखकर व वट वृक्ष पर जाकर पूजा अर्चना पर अपने पति की दीर्घ आयु की कामना की।

# सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए नेहरू जी ने भारत की मजबूत नींव रखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला/शहर कांग्रेस कमेटी कें संयुक्त कार्यक्रम में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर पुष्प व माल्या अर्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की और उनके देश के लिए दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

**○ पुण्य तिथि पर नेहरू जी को किया गया याद**

चन्दौसी रोड स्थित कार्यालय पर कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने उनके जीवन पर रोशनी डाली सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए, नेहरू जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। वहीं शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने भी उनकी देश सेवा के बारे प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंद के जवाहर की विरासत और उनके आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर दाऊद पाशा,कौस्तुभ रस्तोगी,डा. मरगूब अहमद, मुशर्रफ हुसैन,निसार हुसैन, जुनैद, फुरकान कुरैशी,बिलाल आरिफ, महमूद हसन, प्रेम सिंह, नजारूल हसन आदि मौजूद रहे।

# भीम आर्मी निकालेगी समाज जोड़ो यात्रा

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन समाज जोड़ा यात्रा निकालेगी। पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बृहस्पतिवार को राजीव कुमार जिला संयोजक भीम आर्मी के नेतृत्व में विधानसभा असमोली के गांव में ततारपुर की मड़ैया ततारपुर रोड नटो वाली मड़ैया पाली की मड़ैया नियाबली बसेई अख्तियारपुर बाइक द्वारा समाज जोड़ों संकल्प यात्रा में शामिल होकर सफल होने का आहवान किया है।

# समापन पर छात्रों ने लिया समर कैम्प का भरपूर आनंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दो दिवसीय समर कैंप डाइव इनटू फन का सफलता पूर्वक समापन हो गया है। रोमांचक शिविर में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया, और विभिन्न गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया।

मिशन इंटरनेशनल एकेडमी द्वारा आयोजित स्कूल के मीडिया समन्वयक जुनैद इब्राहिम ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गर्मी की छुट्टियों में रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों में शामिल करना था। शिविर के दौरान, छात्रों ने विभिन्न प्रकार के खेलों और सीखने के अनुभवों का लुत्फ उठाया, जिनमें ड्रैगन कोलंबस, कैमल राइड, पूल पार्टी, वाटर बैलून बैटलशिप, टग आफ वॉर, ट्रम्पोलिन, मेहंदी प्रतियोगिता, फ्रूट सलाद डेकोरेशन और श्कुक विदाउट फायर जैसी अभिनव गतिविधियाँ शामिल थीं। इन गतिविधियों न केवल छात्रें का मनोरंजन किया, बल्कि उनमें टीम वर्क, नेतृत्व कौशल और रचनात्मकता को भी बढ़ावा दिया। समापन समारोह में मिशन इंटरनेशनल एकेडमी के गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों को संबोधित किया और उनके उत्साह को सराहा। मैनेजर मुशीर खान तारीन ने कहा कि हमें यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे छात्रों ने शिविर में कितनी सक्रियता और उत्साह के साथ भाग लिया। यह उनकी ऊर्जा और सीखने की ललक का प्रतीक है। निर्देशिका शबाना कौसर ने कहा कि समर कैंप का आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए किया गया था, हमें खुशी है कि हमने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। बच्चों की मुस्कान और उत्साह ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। प्रिंसिपल विल्सन राजन ने छात्रें को बधाई देते हुए कहा, ऐसे आयोजनों से छात्रों को न केवल मनोरंजन मिलता है, बल्कि वे नए कौशल सीखते हैं और उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ता है। प्रबंधक पुत्र हमजा तरीन ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, यह सिर्फ एक समर कैंप नहीं था, बल्कि यह दोस्ती, सीखने और अविस्मरणीय यादें बनाने का एक मंच था। मुझे उम्मीद है कि आप सभी ने इन दो दिनों का पूरा आनंद लिया होगा। सभी बच्चों को समापन के दौरान सर्टिफिकेट भी दिए गए। कुकिंग सीनियर वर्ग में शफक, अजमी, रूशदा, ने तथा जूनियर वर्ग में आलिया, अशमीरा, जुनेरा, जन्नत, गानियां, महक , सिदरा ने, टग आफ वॉर में नवी के छात्रों ने तथा बारवीं के छात्राएं ने, हेयर स्टाइल में रुश्दा ने बाजी मारी।क्रिकेट के रोमांचक मैच में प्रिंसिपल इलेवन टे मैनेजर इलेवन के बीच मैच हुआ जिसमें मैनेजर इलेवन की तरफ से बच्चों ने तथा प्रिंसिपल इलेवन की तरफ से शिक्षकों ने अपने जौहर का लोहा मनवाया।

# शादी का झांसा देकर युवती से तीन वर्ष तक किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पड़ोसी युवक पर शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में मुकदमा लिखाया है। तेईस वर्षीय युवती का कहना है कि तीन वर्ष पूर्व घर पर अकेली साफ-सफाई कर रही थी। अचानक गांव देवीपुरा निवासी कमल पुत्र चरन सिंह अकेला देखकर घर में घुस आया। आरोपी ने बलपूर्वक जबरदस्ती दुष्कर्म किया। परिजनों से शिकायत करने को कहा तो आरोपी ने शादी करने का भरोसा देकर चुप कर दिया। तभी से आरोपी शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता चला आ रहा है। दो महीने से आज कल कहकर टरका रहा था।ध्अब शादी करने से साफ इंकार कर रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

## छत गिरने से वृद्ध की मौत

**चन्दौसी।** दो दिन पूर्व हुई झमाझम बारिश से जहां जगह-जगह जलभराव हुआ तो ग्रामीण अंचलों में कच्चे मकानों की छत गिरने की



खबर सामने आई। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव जगदीशपुरी मजरा में बृजलाल पुत्र रामचरण का कच्चा मकान है। दो दिन पूर्व हुई बारिश के कारण छत पर पानी भर गया जिससे छत टपकने लगी। जब बृजलाल छत से पानी निकालने लगे तो कमजोर होने के कारण छत गिर गई जिसके मलवे के नीचे दबने से बृजलाल की मौत हो गई।

बृजलाल की पत्नी ने शोर मचाया तो आसपास पड़ोस के लोग दौडे और बृजलाल को निकाला और निजी वाहन से चन्दौसी के प्राईवेट अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। बता दें कि मृतक के तीन पुत्र हैं जो अन्य प्रदेशों में रहकर काम कर रहते हैं। घर में बेटी अपने मां-बाप के साथ रहती है।

# पुलिस ने यातायात और साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज में उप निरीक्षक गंगा शरण(नोडल अधिकारी यातायात) उप निरीक्षक मोहन सिंह (नोडल



सहायक यातायात) उप निरीक्षक ज्योति चौधरी महिला सुरक्षा प्रभारी) ने साइबर सुरक्षा व यातायात सड़क सुरक्षा पर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु के बाद ही वाहन चलाना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करनी चाहिए तथा वाहन को सीमित गति पर चलना चाहिए नशे की हालत में कभी भी वाहन नहीं चलना चाहिए इसके अतिरिक्त समाज में बढ़ते साइबर अपराधो पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी लालच में आकर हमें अपने बैंक की व्यक्तिगत जानकारी ओटीपी साझा नहीं करनी चाहिए। इसी के साथ-साथ ज्योति चौधरी ने बच्चों से अपने अभिभावकों और अपने आस-पास समाज में रह रहे लोगों को यातायात सुरक्षा नियमों व साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह, कांठ थाने से उप निरीक्षक गंगा शरण, मोहन सिंह, ज्योति चौधरी, कमलदीप, हैड कांस्टेबल अश्वनी सिंह, प्रदीप सिंह,अलका बालियान, प्रेरणा व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, शिक्षक गजेन्द्र प्रताप सिंह राणा,पीतांबर सिंह, राजीव प्रताप, दिनेश शर्मा, अरविन्द शर्मा, सुनील कुमार, अशोक त्रिपाठी, नरपाल सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### समर वेकेशन में खेलों और प्रतियोगिताओं से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार

**मुरादाबाद।** मॉडर्न न्यू सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेलवे क्रॉसिंग, कुंदरकी में समर वेकेशन के अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस व बैडमिंटन, फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसी खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और



टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

खेलों के साथ-साथ विद्यार्थियों की भाषा एवं संवाद क्षमता को निखारने हेतु इंग्लिश टॉक कम्युनिकेशन प्रतियोगिताष भी करवाई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। बविद्यालय प्रशासन ने इस पहल के माध्यम से छात्रों को समर वेकेशन में रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों से जोड़े रखा। इन आयोजनों से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों को निरंतर जारी रखने की बात कही। और साथ ही विधायालय प्रबंधन नफीसुल हसन (फौजी) और निर्देशक सैफ अहमद ताथ प्रधानाचार्य फरहीन मोईन तथा उप प्रधानाचार्य श्याम बाबू और साथ ही सभी स्टाफ ने प्रशंशा की।

### ऑपरेशन सिंदूर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**कांठ।** उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खाद्दर कंपोजिट में ऑपरेशन सिंदूर के विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर की आकर्षक पेंटिंग बनाई जो उनकी रचनात्मकता और कौशल का प्रमाण है प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिससे उनके प्रतिभा को और भी प्रोत्साहन मिला कैंप प्रभारी बबीता ने बताया।

इस प्रकार के आयोजनों से छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता और कौशल को बढ़ावा मिलता है और वह अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त करते हैं एवं देश प्रेम की भावना भी बच्चों में जागृत होती है।



# तहसील बार के चुनाव में 112 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**कांठ।** तहसील बार के चुनाव में इस बार 112 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे उक्त जानकारी एल्डर कमेटी के सचिव शहजाद रफी ने दी उन्होंने बताया कि 3 और 4 जून को नामांकन प्रक्रिया होगी 5 जून को आपत्ती और जांच कराई जाएगी, 6 को नाम वापसी और 12 जून को अगर आवश्यक हुआ तो विभिन्न पदों के लिए मतदान और इसी दिन मतगणना होगी। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से तहसील बार के नियमों का पालन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराए जाने का आह्वान किया।

इस मौके पर महावीर सिंह शहजाद रफी संजीव बिश्नोई प्रदीप कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# आईआईआरएफ रैंकिंग-2025 में टीएमयू के फार्मेसी कॉलेज की यूपी में फोर्थ पॉजिशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने आईआई आरएफ- इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने यूपी में चौथा, नॉर्थ इंडिया रीजन में 19वां और देश में 53वां स्थान प्राप्त किया है। इन रैंकिंग ने टीएमयू की गुणवत्ता एवम् उत्कृष्टता को एक नई ऊंचाई दी है। किसी भी संस्थान को यह रैंकिंग शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, प्लेसमेंट प्रदर्शन, उद्योग से जुड़ाव और समग्र शिक्षा व्यवस्था में विशेष योगदान के लिए दी जाती है। यह प्रतिष्ठित रैंकिंग टीएमयू के फार्मेसी कॉलेज की प्रतिबद्धता, नवाचारशील दृष्टिकोण और समर्पित प्रयासों का प्रतिफल है। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, हम उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फार्मास्युटिकल रिसर्च में अग्रणी बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग वर्मा कहते हैं, यह रैंकिंग हमारे छात्रों और फैकल्टीज के सतत परिश्रम और समर्पण का प्रतिफल है।

उल्लेखनीय है, टीएमयू के फार्मेसी कॉलेज यूपी का पहला ड्रग इंफॉर्मेशन सेंटर है। यह केंद्र छात्रों को फार्माकोविजिलेंस में ड्रग इंफॉर्मेशन रिट्रीवल और विश्लेषण में कौशल विकसित करने के लिए मील का पत्थर साबित होता है। कॉलेज में डीफार्मा, बीफार्मा, एमफार्मा, डॉक्टर इन फार्मेसी के संग-संग रिसर्च की




सुविधा भी है। डॉक्टर इन फार्मेसी उत्तर प्रदेश में केवल छह फार्मेसी संस्थानों में है, जिसमें से टीएमयू का फार्मेसी कॉलेज एक है। प्रतिष्ठित दवा कंपनियों और संस्थानों के संग एमओयू, इंटरनेशनल और नेशनल कॉन्फ्रेंस, देश और दुनिया के जाने-माने फार्मेसी एक्सपर्ट्स के व्याख्यान, इंडस्ट्रियल विजिट कॉलेज की प्राथमिकताओं में शुमार है। सीसीएसईए की ओर से अप्रूवड एनिमल हाऊस भी है, जिसमें पीजी स्टुडेंट्स और रिसर्चर्स नवीन दवाओं और फार्मूलेशन का परीक्षण करते हैं।

# दिल्ली में 31 मई को होगा आसपा का राष्ट्रीय अधिवेशन : अनीता सिंह एड.

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय अधिवेशन 31 मई को नई दिल्ली में आयोजित होगा। अनीता सिंह एडवोकेट मंडल अध्यक्ष लीगल सेल मुरादाबाद ने प्रेस को यह जानकारी दी। बताते चलें कि आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) व भीम आर्मी भारत एकता मिशन की लीगल सेल के सौजन्य से एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद, सांसद नगीना, उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) एवं संस्थापक भीम आर्मी भारत एकता मिशन के निर्देश अनुसार एवं श्री मोहन श्याम आर्य एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली, प्रदेश अध्यक्ष लीगल सेल रजनीश गौतम एडवोकेट के कुशल नेतृत्व में आगामी 31 मई को राष्ट्रीय अधिवक्ता अधिवेशन का आयोजन शाह ऑडिटोरियम (समीप सिविल लाईनस मेट्रो स्टेशन) दिल्ली-54, में पूरे जोर-शोर से किया जा रहा है। इस अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य एस.सी., एस.टी., बैकवर्ड व अल्पसंख्यक अधिवक्ताओं की मांगों को मनवाने के साथ-साथ, भारत के संपूर्ण अधिवक्ता समाज के लिए मूलभूत सुविधाओं की ओर भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। लीगल सेल के राष्ट्रीय चौयरमेन एडवोकेट एम०एस० आर्य के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर होना तय हुआ है। इस अधिवेशन में हमारे मुख्य अतिथि एडवोकेट चन्द्र शेखर आजाद के साथ साथ विनय रतन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं रिटायर्ड जस्टिस वीरेन्द्र यादव एवं अन्य कई बुद्धिजीवी हस्तियां अधिवक्ताओं को सम्बोधित करेंगे तथा अधिवक्ताओं की मांगों को सरकार के सम्मुख रखेंगे, राष्ट्रीय अधिवक्ता अधिवेशन में भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की लीगल सेल द्वारा अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु की जाने वाली प्रमुख मांगे अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम जल्द से जल्द लागू हो। अधिवक्ताओं के लिए राष्ट्रीय मेडीक्लेम पालिसी बनाई जाये, भारत के प्रत्येक न्यायालय में अधिवक्ताओं के लिए पर्याप्त चौम्बर्स की व्यवस्था हो, अधिवक्ताओं को राजपत्रित अधिकारी का दर्जा दिया जाये, नए पंजीकृत अधिवक्ताओं के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की सरकार द्वारा उचित व्यवस्था की जाये, सीनियर अधिवक्ता जो प्रैक्टिस करने में असमर्थ हैं उनके लिए उचित पेंशन की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाये, अधिवक्ताओं के लिए भारतीय राजमार्गों पर लगे सभी प्रकार के टोल टैक्स समाप्त किये जाये, अधिवक्ताजों के लिए सरकारी आवासीय योजनाओं में पर्याप्त कोटा लागू किया जाये, अधिवक्ताओं के बच्चों के लिये प्राइवेट स्कूलों में उचित रिजर्वेशन कोटा की व्यवस्था का प्रावधान किया जाये, कोलेजियम सिस्टम के द्वारा जजों की नियुक्ति में रिजर्वेशन लागू किया जाये, पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (पीएसयूएस) में अधिवक्ताओं की नियुक्ति में रिजर्वेशन कोटा लागू किया जाये। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अपनी इच्छानुसार की जाने वाली अधिवक्ताओं (एसजी /असग/ अग



/आग ईटीसी.) की नियुक्ति में रिजर्वेशन /कोटा लागू किया जाये।

प्राइवेट सेक्टर्स में अधिवक्ताओं की नियुक्ति में रिजर्वेशन लागू किया जाये, न्यायालयों द्वारा की जाने वाली (रिसीवर, लोकल कमिश्नर एवम लीगल सर्विस अथॉरिटी) इत्यादि में पर्याप्त रिजर्वेशन कोटा लागू किया जाये एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया जाए।

# टिमिट के एमबीए (फाइनेंस) के मेधावी छात्र का बजाज फिनसर्व लिमिटेड में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट के एमबीए के छात्र-छात्राओं के लिये वैश्विक कॉर्पोरेट कंपनीयों के द्वार हमेशा खुले हैं व सभी बडी कंपनियाँ टिमिट के एमबीए के छात्र-छात्राओं को अन्य संस्थानों की तुलना में वरीयता प्रदान करती है। टिमिट एमबीए छात्र- छात्राओं की कार्पोरेट जगत में भारी माँग है। बडी कंपनियों में लगातार छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंन्ट होना संस्थान, फैकल्टिज् व इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ प्लेसमेंट सैल की उत्तम कार्य प्रणाली को दर्शाता है। इसी क्रम में बहुप्रतिष्ठित मल्टी नेशनल कंपनी "बजाज फिनसर्व लिमिटेड" ने टिमिट के एमबीए के छात्रो के लिए ऑनलाईन रिक्रूट मेंटड्राइव का आयोजन किया। इस ड्राइव में कंपनी की प्रेजेन्टेशन व जॉब के बारे में सम्पूर्ण जानकारी ऑनलाईन बताई व प्रेजेन्टेशन के साथ-साथ विद्यार्थियों से साक्षात्कार हुये व उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। सभी कठिन चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से एमबीए फाइनल ईयर के भाग्यशाली छात्र विवेक शर्मा का नाम घोषित किया गया व ज्वाइनिंग हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो0 विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की कंपनियों में कार्य करते हुये उंचाइयों को प्राप्त करना ही व्यवसायिक एमबीए कोर्स का उद्देश्य होता है और टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिवद्ध है विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये।

इस अवसर पर सीआरसी के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्र के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व उन्होंने कहा कि टिमिट मंडल का अग्रणी संस्थान है और यहां के छात्रों को लगातार उच्च स्तर का प्लेसमेंट



विवेक शर्मा

मिल रहा है। टिमिट में निरंतर हो रहे प्लेसमेंट और कॉर्पोरेट सेक्टर की बढ़ती रुचि यह सिद्ध करती है कि संस्थान का शैक्षणिक वातावरण, फैकल्टी व प्लेसमेंट सैल की कार्यप्रणाली अत्यंत प्रभावी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पल्लुपुरा घोसी वि0 ख0 मुरादाबाद (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त/2025-26 दिनांक: 27.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खंड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत पल्लुपुरा घोसी में पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 (यथा संसोधित 1994) के नियम संख्या 157 सहपठीत नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2021 के क्रम में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य निम्नलिखित है।

| क्र० सं० | कार्य का प्रकार | प्राक्कलन धनराशि | सामग्री धनराशि | धरोहर राशि | वित्त योजना | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नूर हसन के घर से बिट्टन के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 254573 | 209463 | 2% | 5वां राज्य वित्त/15वां के0वित्त | 3 माह |
| 2. | शकील के प्लाट से मेन रोड तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 438541 | 344869 | 2% | 5वां राज्य वित्त/15वां के0वित्त | 3 माह |
| 3. | नाबील रहजान के घर से वाहिद के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 379079 | 297494 | 2% | 5वां राज्य वित्त/15वां के0वित्त | 3 माह |
| 4. | तालिब के घर से निसार के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 130598 | 104366 | 2% | 5वां राज्य वित्त/15वां के0वित्त | 3 माह |
| 5. | मनोहर लाल के घर से शीशपाल के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 184661 | 149303 | 2% | 5वां राज्य वित्त/15वां के0वित्त | 3 माह |
| 6. | शौकीन के घर से अकील के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 422559 | 339538 | 2% | 5वां राज्य वित्त/15वां के0वित्त | 3 माह |
| 7. | नासिर के घर से इमदाद के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 427309 | 342552 | 2% | 5वां राज्य वित्त/15वां के0वित्त | 3 माह |

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 28.05.2025 | प्रात: 10.00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 03.06.2025 | दोपहर 12.00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने जाने का दिनांक | 03.06.2025 | शाम 03.00 बजे |

1. कार्य से सबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगा।
3. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त हाने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यदेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

**सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत पल्लुपुरा घोसी विकास खण्ड**
**मुरादाबाद, जिला मुरादाबाद**


# प्रत्येक योजना व कार्यक्रम का लाभ हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे: मण्डलायुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ हर पात्र एवं जरुरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे इसको अधिकारी अच्छे से सनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान अकांक्षीय विकास खंडों की मॉनीटरिंग के संबंध में जनपद सम्भल की स्थिति खराब होने पर मण्डलायुक्त ने सीडीओ और सीएमओ सम्भल को स्थिति में सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और मुख्य विकास अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को अच्छे से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। दवाओं की उपलब्धता सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर रहे इसको सभी जिलाधिकारी सुनिश्चित करें। नियमित वेयर हाउस का भी निरीक्षण करें। उन्होंने सभी सीएमओ को स्वास्थ्य सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं की सही से समीक्षा करने के दिए निर्देश। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मण्डलायुक्त ने सभी जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा स्क्रीनिंग करवाकर टीबी मरीजों का चिन्हीकरण पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के लिए लोकल लेवल पर डायटिशियन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर वजन नापने की मशीनें सहित सम्बन्धित इक्विपमेंट रहें इसको सुनिश्चित किया जाए। सैम और मैम बच्चों के डेटा को सही से मॉनिटरिंग कर स्थिति को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकत्री एक अहम कड़ी है, इनकी ट्रैनिंग और कार्यप्रणाली पर अच्छे से ध्यान दिया जाये। इसके साथ ही बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने पी0एम0 सूर्यघर योजना में प्रगति सुनिश्चित करने हेतु सभी जिलाधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अर्बन एरिया में योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करवाया जाए। विद्यालयों, सरकारी भवनों, अर्द्धसरकारी भवनों, पंचायत सचिवालयों को भी ज्यादा से ज्यादा इस योजना में शामिल किया जाए। सभी जिलाधिकारी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। पीओ नेडा अमरोहा पर नाराजगी जताते हुए फील्ड में निकल कर कार्य करने के दिए निर्देश।

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान खराब ट्रांसफार्मर, जर्जर तारों, जर्जर खंभों, विद्युत बिलों की स्थिति को सुधारने हेतु उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए विद्युत चीफ को निर्देशित किया। खुले में रखे हुए ट्रांसफार्मरों को ढकने हेतु कार्यवाही करे और तारों की केबिलिंग पर भी विशेष ध्यान दें। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से कुल 202 विद्यालयों से गुजर रहीं हाईटेंशन लाईनों को हटाये जाने के लिए मुख्य अभियन्ता विद्युत को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कुल 103 विद्यालयों के ऊपर से सबसे ज्यादा जनपद बिजनौर में हाइटेंशन लाईन के ऊपर से निकलने पर विशेष ध्यान देकर लाईन को हटवाने से सम्बन्धित उचित कार्यवाही करने के चीफ विद्युत को दिए निर्देश। पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रोइरीगेशन में मुरादाबाद और सम्भल की प्रगति खराब होने पर मंडलायुक्त ने स्थिति को ठीक करने के दिए निर्देश। ार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में मण्डलायुक्त ने कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्ति आदि की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

बैठक में वाहन करए माल यात्रीकर में मण्डलायुक्त ने मुरादाबाद के संबंधित अधिकारी को प्रगति सुनिश्चित कर स्थिति में सुधारात्मक



कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही अनाधिकृत संचालित वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही ओवरलोड वाहनों पर की गई कार्यवाहियों स्कूल वाहनों पर की गई कार्यवाहियों के संबंध में आरटीओ मुरादाबाद से जानकारी लेते हुए मण्डलायुक्त ने उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत से सम्बन्धित लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारित किया जाए। अलोह खनन एवं धातुकर्म की समीक्षा के दौरान अवैध परिवहन के प्रकरणों और प्रवर्तन की कार्यवाहियों में लक्ष्य के सापेक्ष अच्छी प्रगति सुनिश्चित करने और रिकॉर्ड को अच्छे से बनाने के निर्देश दिए। भू-राजस्व के संबंध में धारा 24 के अन्तर्गत उन्होंने सभी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को पैमाइश के दौरान एकसी माप तालिका रहने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश संहिता 2006 की धारा 24, धारा 80, धारा 34, धारा 116 के लम्बित वादों को समयान्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपस्थित राजस्व अधिकारियों से कहा कि कोर्ट की कार्यवाहियों की निरन्तर समीक्षा करें, प्रक्रियात्मक उल्लंघनों से बचें। इसके साथ ही बैठक में रियल टाइम खतौनी, ई-खसरा पड़ताल, चकबंदी विभाग के न्यायिक कार्यो की समीक्षा, निर्विविवाद विरासत इत्यादि विषयों पर विस्तार चर्चा की गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों को यथोचित कार्यवाही कर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चकबंदी विभाग द्वारा सम्पादित न्यायिक कार्यों की अधिकारीवार समीक्षा की गई, जिस पर कमिश्नर ने लम्बित वादों को ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कमिश्नरी द्वारा दिए गये आद. ेशों का अनुपालन को अच्छे से सुनिश्चित करवाया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री अनुज सिंह, जिलाधिकारी रामपुर श्री जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी बिजनौर श्री जसजीत कौर, जिलाधिकारी सम्भल श्री राजेन्द्र पैंसिया, समस्त जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी एवं समस्त मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।


**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र अर्पित चौधरी, उसकी पत्नी भावना चौधरी व पुत्री दिग्विजय सिंह नि० बुद्धि विहार फेस-1, मुरादाबाद के गलत आचरण/गलत संगत में पड़ने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन का वह स्वंय जिम्मेदार होगें। प्रार्थी का व उसके परिवार का उक्त अर्पित चौधरी के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही करती है तो प्रार्थी का इससे कोई मतलब-सरोकार नहीं रहेगा। **चन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री मुख्तयार व संतरेश देवी पत्नी चंद्रपाल सिंह** निवासीगण 7बी/227 आवास विकास, सेक्टर-2 देहली रोड जनपद मुरादाबाद।

# कोल्ड्रिंक सस्ते दामों पर बेचने के विवाद में दुकानदार को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कोल्डड्रिंक सस्ते दामों पर बेचे जाने के विरोध में दुकानदार के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीडिघ्त की तहरीर पर पुलिस ने चार नामदर्ज व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी महाराज पुत्र रोशन सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह तिकोनिया पार्क के निकट कोल्डड्रिंक की दुकान चलाता है। पीडिघ्त अपनी दुकान पर बैठ कर कोल्डड्रिंक की गाड़ी से माल उतरवा रहा था। तभी मुल्ला मोहम्मद अख्तर, व उसका पुत्र अब्दुल रहीम व उसका पुत्र नामाल.ूम व दो अज्ञात व्यक्ति के साथ उसकी दुकान पर गाली गलौज करते हुए आए और धमकी देते हुए कहा कि तेरा काम धंधा बंद करवा कर रहेंगे। क्योंकि तू मार्केट में सस्ते दामों पर माल देकर मार्केट बिगड़ रहा है।पीडिघ्त ने उक्त लोगो का विरोध किया तो सभी उक्त लोग एक राय होकर पीडिघ्त के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए और दुकान में घुसकर उसमे रखा सामान में तोड़फोड़ दिया। प्रार्थी के पुत्र गगन को बुरी तरह मारापीटा। पीडिघ्त की दुकान के बाहर रखी कोल्डड्रिंक की पेटियों पर लात मार कर नाले में गिरा दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामदर्ज व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** घर से खेत पर खाना लेकर जा रही महिला से रास्ता में गाली गलौज व मारपीट करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालापुर पीपलसाना निवासी प्रमोद कुमार, पुत्र भोपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी प्रीतिदेवी मा सुमंत्रादेवी घर से खाना लेकर खेत पर जा रही थी। जैसे ही घर के रास्ते पर निकली तो तभी गांव के ही श्योराम पुत्र लाल सिंह, सोनू पुत्र श्योराम व सोनम कुमारी पुत्री श्योराम सिंह द्वारा प्रार्थी की पत्नी व माँ को देखकर गंदी गंदी गाली गलौज करने लगे प्रार्थी की पत्नी प्रीति देवी माँ सुमंत्रादेवी ने जब गाली गलौज का विरोध किया तो उक्त लोग दोनो के साथ मारपीट पर उतारू हो गए। मारपीट में उसकी पत्नी और मां घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर श्योराम पुत्र लाल सिंह, सोनू पुत्र श्योराम व सोनम कुमारी पुत्री श्योराम सिंह सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार एक मासूम व दो महिलाओं सहित चार घायल

108 एबुलेंस की मदद घायल को समय से मिला उपचार, बची जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** तेज रफ्तार कार सवार बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार एक मासूम व दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए।

घायल को 108 एबुलेंस की मदद से उपचार के लिए नगर सरक.ारी अस्पताल में भर्ती कराया। थाना डिलारी के गांव मलकपुर सेमली निवासी कासिम पुत्र मुन्ने अपनी पत्नी आसमा , नाजमा पत्नी अकरम व 03 वर्षीय मासूम अफ्शा पुत्री अकरम के साथ बाइक से मंगलवार को ठाकुरद्वारा दवाई लेने आ रहा था। तभी ठाकुरद्वारा करनपुर मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार कार चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार तीन वर्षीय मासूम सहित बाइक सवार दो महिलाओं सहित चारों घायल सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना पर 108 एबुलेंस पहुंची। जहां 108 एबुलेंस पर तैनात पाइलेट दोराजपाल व ईएमटी शिवम् यादव घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सक ने घायलों की नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया।

## शांतिभंग की आशंका में ग्रामीण का चालान

**भोजपुर।** मंगलवार को उप निरीक्षक पंकज राठी ने गांव दादुपुर पायंदापुर निवासी युनुस पुत्र रशीद को शांति भंग करने की आशंका में हिरासत में लेकर उप जिला मजिस्ट्रेट सदर की अदालत को चालान कर दिया।

### एक नजर

## समर कैंप में दी गई विभिन्न जानकारियां

**मुरादाबाद।** जनपद के मूढ़ापांडे क्षेत्र में स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में समर कैंप के सातवें दिवस की अध्यक्षता प्रधानाचार्य बलबीर सिंह द्वारा की गई स विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार ने छात्रों को योग एवं व्यायाम से प्रशिक्षित किया स समर कैंप में आज की गति.विधि में राजकीय आईटीआई रामपुर के अनुदेशक उपस्थित रहे स



जिन्होंने विभिन्न कार्यालयों की जानकारी प्रदान की, जिसे सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत उत्सुकता पूर्वक सुना और जिज्ञासात्मक प्रश्न किए , जिनके उन्होंने उत्तर दिए। नरेंद्र सिंह द्वारा चार छात्रों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए गए जो छात्र-छात्राओं ने ध्यान पूर्वक सुना।कार्यक्रम में ज्योति कुमारी, कुमारी सोमी, कुमारी पूजा , देवेंद्र कुमार (वरिष्ठ सहायक), मितेंद्र कुमार (कनिष्ठ सहायक), राजेंद्र कुमार उपस्थित रहें।

## समर वेकेशन में खेलों और प्रतियोगिताओं से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार

**कुंदरकी।** नगर स्थित मॉडर्न न्यू सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेलवे क्रॉसिंग, में समर वेकेशन के अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत बैडमिंटन, फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसी खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। खेलों के साथ-साथ विद्यार्थियों की भाषा एवं संवाद क्षमता को निखारने हेतु ष्इंग्लिश टॉक कम्युनिकेशन प्रतियोगिताष भी करवाई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल के माध्यम से छात्रों को समर वेक.शन में रचनात्मक और शैक्षिक गति.विधियों से जोड़े रखा। इन आयोजनों से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ।




विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों को निरंतर जारी रखने की बात कही। और साथ ही विधायालय प्रबंधन नफीसुल हसन (फौजी) और निर्देशक सैफ अहमद ताथ प्रधानाचार्य फरहीन मोईन तथा उप प्रधानाचार्य श्याम बाबू और साथ ही सभी स्टाफ ने प्रशंशा की।

## अल-बरू हायर सेकेंडरी स्कूल समर कैंप का तीसरा दिन-रचनात्मकता और उत्साह से रहा भरपूर

**कुंदरकी।** मंगलवार को अल-बरू हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित समर कैंप का आज तीसरा दिन बच्चों की खुशियों और रचनात्मकता से भरा रहा। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग गतिविधियों में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। आज की प्रमुख गतिविधियाँ थी। नृत्य, संगीत, ड्राइंग, शिष्टाचार अभ्यास (गुड मैनर्स), म्यूजिकल चेयर, समूह नृत्य, इनडोर और आउटडोर गेम्स।बच्चों ने हर गतिविधि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। इस कैंप को सफल बनाने में विद्यालय के मैनेजर तस्लीम सर और प्रिंसिपल अकराम सर का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही शिक्षिकाएँ अनम मैम, रिहाना मैम, कृति मैम, अनुष्का मैम, अर्शिफा मैम और मरियम मैम ख्र बच्चों को हर गति.विधि में सहयोग और मार्गदर्शन देती रहीं। समर कैंप का यह तीसरा दिन भी बच्चों के लिए मनोरंजन और सीख का शानदार संगम साबित हुआ।



## ईद के मौके पर गरीबों का रखें ध्यानः मंसूर आलम

**कुंदरकी।** वरिष्ठ समाजसेवी राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित निर्यातक मैटल मास्टर्स मंसूर आलम ने ईद के मौके लोगो से अपील करते हुए कहा, ईद के मुबारक मौके पर हमें गरीब निर्धन असहाय लोगों का ध्यान रखना चाहिए उनकी खुशियों में शामिल होना चाहिए कोई भी व्यक्ति ईद के मौके पर दुखी न रहे। सबसे ज्यादा यतीम बच्चों और लाचार लोगों का हमें ध्यान रखना है। यदि हम कुर्बानी करते हैं और कोई गरीब भूखा सो जाता है। तो हमारी कुर्बानी का कोई मायने नही रह जाता। हमें सभी की भावनाओ का भी सम्मान करना है।

## मोहाली पंजाब में मेहनत मजदूरी करने गया युवक लापता, गुमशुदगी की दी तहरीर



**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव निवाड़खास निवासी राजू पुत्र भीकम सिंह ने आज भगतपुर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया की मेरा भाई श्यामवीर सिंह पुत्र भीकम सिंह उम्र 35 वर्ष लगभग 15 वर्ष पहले ग्याहरपीर मोहाली पंजाब में मेहनत मजदूरी पर काम करने गया था जो आजतक अपने घर वापस नही आया है सभी जगह तलाश किया रिश्तेदारियों ओर मिलने वालों से भी पूछताछ करने के बाद भी कोई सुराग नहीं चल पाया है आज भाई राजू ने भगतपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## दहेज को लेकर महिला से मारपीट घर से निकाला

**कांठ।** दहेज को लेकर ससुरालयों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव मोडी हजरतपुर निवासी कृष्ण कुमार ने अपनी पुत्री मोनिका की शादी 5 साल पहले शुभम पुत्र लेखराज निवासी आर के पुरम काशीपुर के साथ की थी।

आरोप है कि ससुराल वालों की एक लाख की मांग को भी उसके पिता ने पूरा किया लेकिन इसके बाद फिर उन्होंने एक लाख और दिए जाने की मांग करनी शुरू कर दी मांग पूरी न करने पर देवर देवरानी नंद पति ने उसके साथ अमानवीय व्यवहार शुरू कर दिया। और आए दिन मारपीट करने लगे आरोप है कि 22 मई को उसका पति मारपीट करते हुए उसे करनपुर चौराहे पर छोड़ गया पीड़िता किसी तरह से अपने घर पहुंची और मायके वालों को सारी कहानी सुनाई महिला की तहरीर पर कांठ पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## एसडीएम ने किया सहकारी समितियो का निरीक्षण, कई एमडी गैर हाजिर

**कांठ।** एसडीएम ने आज कई सहकारी समितियो का निरीक्षण किया जिसमें कई एमडी गैर हाजिर मिले जिनके खिलाफ विभाग को लिखा गया है। किसानो की जरूरत को समझते हुए आज एसडीएम संत दास पवार ने सहकारी समिति कांठ मोड़ी कुचावली आदि का निरीक्षण कर खाद वितरण के बारे में जानकारी ली उन्होंने सहकारी समितियां से किसानों के लिए मिलने वाले अन्य कई चीजों के बारे में जाना इस दौरान उन्हें कुछ समितियो पर एमडी नदारद मिले जिनके खिलाफ विभाग को लिखे जाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने किसानों के लिए मिलने वाली सभी सुविधाओं को समय रहते दिए जाने के निर्देश संबंधित एमडी को दिए है।



# किड्स वैली प्ले स्कूल में आयोजित समर कैंप में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने की जमकर मस्ती

समर कैंप में पूल पार्टी का किया गया आयोजन, नन्हे मुन्ने बच्चों में दिखा उत्साह




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के कई स्कूलों में समर कैंप आयोजित किये जा रहे हैं, महानगर के अधिकांश विद्यालयों में समर वेकेशन शुरू हो चुका है और कई स्कूलों में समर कैंप आयोजित कर बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का काम किया जा रहा है, तो वहीं समर कैंप में विभिन्न एक्टिविटी आयोजित कर नन्हे मुन्ने बच्चों को एक्टिविटी के माध्यम से शारीरिक,मानसिक और शैक्षिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में महानगर के दिल्ली रोड सम्राट अशोक नगर स्थित किड्स वैली प्ले स्कूल में भी समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। किड्स वैली प्ले स्कूल में 21 मई से लेकर 31 मई तक समर कैंप आयोजित कर नन्हे मुन्ने बच्चों को विभिन्न एक्टिविटी में प्रतिभाग करा कर उन्हें ज्ञानवर्धक जानकारियां देने का काम भी किया जा रहा है। किड्स वैली प्ले स्कूल की प्रिंसिपल पूजा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे स्कूल में 31 मई तक समर कैंप आयोजित होगा, जिसमें प्री नर्सरी, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतिदिन एक स्पेशल एक्टिविटी कराई जाती है। अब तक समर कैंप में कुकिंग डे, योगा क्लास, मूवी डे,पूल पार्टी आदि एक्टिविटी कराई जा चुकी है। हमारा मकसद समर कैंप के माध्यम से नन्हे मुन्ने बच्चों को हर तरह से जानकारियां प्रदान करना है और बेहतर शिक्षा के साथ ही विभिन्न एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को हर क्षेत्र में निपुण बनाने का हमारा प्रयास है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को स्कूल में आयोजित समर कैंप में पूल पार्टी का आयोजन किया गया।

जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और पूल पार्टी में जमकर कर मस्ती की।

# कांग्रेसियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की मनाई पुण्यतिथि

**ठाकुरद्वारा।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नेहरू के चित्र पर पुष्प माला अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वसीम अहमद ने पंडित नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला। और बताया कि स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू न नए हिंदुस्तान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मंगलवार को कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जहेरा बी ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निर्माता थे उन्होंने ऐसे समय पर भारत का नेतृत्व किया जब देश टूट चुका था। सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका था, आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त किया। देश की स्वतंत्रता से लेकर एक आधुनिक, सशक्त और प्रगतिशील भारत के निर्माण में पंडित जवाहर लाल नेहरू का अतुलनीय योगदान राष्ट्र सदैव कृतज्ञता के साथ स्मरण करता रहेगा। उधर नगर के राजीव मार्केट में भी पंडित जवाहरलाल नेहरू की चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई जिसमें पीसीसी सदस्य संजीव सिंघल ने बताया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू एक ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने भारत के आधुनिक विकास से लेकर आजादी की लड़ाई का सफर तय किया, उनके बताए गए मार्ग पर आज हम सभी लोग मिलकर चलने का संकल्प लेते है। मौके पर कांग्रेस शबाना, सदफ, कोमल, पूर्व नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष लारिव मंसूरी ,नगर महामंत्री यूथ कांग्रेस अब्दुल्ला अंसारी, हाजी मुस्तकीम, अनुज चौधरी, इकवाल अंसारी, मुस्तुफा अंसारी,चन्द्र शेखर, अरविंद, कुमार, आदि मौजूद रहे।



**उत्तर रेलवे**

पत्र सं.: वरि./सैंड/परि./अभि.वि.मं. सूचना2025/02/निविदा/ दिनांक: 27.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ओपी), मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या **ई-1-ओटी-सैंड फिलिंग-एचडब्ल्यू-एमबी-25** के अंतर्गत खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसके बंद होने की तिथि व समय **10.06.2025, 15:00 बजे** है, जो उसी दिन **15:30 बजे** वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खोली जाएगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम** | राउंड दा क्लॉक मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद और हरिद्वार स्टेशनों पर डीजल और इलेक्ट्रिक इंजनों के रेल बक्सों में विनिर्दिश संख्या एएआर एम-916-51 के अनुसार मिट्टी, अभ्रक, तेल और अन्य बाहरी सामग्रियों से मुक्त सूखी रेत की आपूर्ति और भरना 06 महीने के लिए। | | |
| **निविदा टाइप** | खुली निविदा | **बिडिंग स्टाइल** | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| **निविदा बंद होने की दिनाँक एवं समय** | 10.06.2025 15:00 बजे | **टेण्डेरिंग सेक्शन** | इलेक्ट्रिकल(ओपी) |
| **एडवेरटाइज्ड वेल्यू** | रु. 13,38,876.00 (इंक्लूसिव ऑफ आल टैक्सेज एंड चार्जेज एक्सक्लुडिंग जीएसटी @ 18%) | | |
| **धरोहर राशि** | रु. 26,800/- | **ऑफर की वैधता** | 45 दिन |
| **कांट्रेक्ट टाइप** | सर्विस | **कार्य की अवधि** | 06 माह |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1563/2025

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, मुरादाबाद।**

पत्र सं0 1050/ सं०प्र०- मुरादाबाद / **सर्वसाधारण को सूचना** दिनांक- 27/05/2025

परिषद की लाजपत नगर योजना, मुरादाबाद में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या ए-59 प्रदेशन पत्रांक 1800(i) दिनांक 16.07.1979 द्वारा श्री रमेश मोहन माथुर पुत्र स्व0 श्री सूरज मोहन माथुर के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी ने इस कार्यालय से दिनांक 19.07.1980 को किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 19.07.1980 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी ने भवन के मूल्य के विरूद्ध पूर्ण भुगतान कर दिनांक 25.01.1994 को पट्टा विलेख / विक्रय विलेख निष्पादित कराकर सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 27.01.1994 को पंजीकृत करा लिया था। श्री रमेश मोहन माथुर पुत्र स्व0 श्री सूरज मोहन माथुर ने श्री ओंकार प्रसाद माथुर पुत्र स्व0 श्री माथुर प्रसाद माथुर व श्री नितिन माथुर पुत्र श्री ओंकार प्रसाद माथुर के पक्ष में विक्रय अनुबन्ध दिनांक 19.05.1994 को निष्पादित कराकर रजिस्ट्री सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 19.05.1994 को पंजीकृत है। विक्रेता श्री रमेश मोहन माथुर का पता न चलने के कारण श्री ओंकार प्रसाद माथुर व श्री नितिन माथुर द्वारा पंजीकृत विक्रय अनुबन्ध के आधार पर उनके तीन पुत्रगण सर्वश्री अखिलेश माथुर, श्री अवधेश नारायण माथुर एवं श्री कमलेश नारायण माथुर पुत्र स्व0 श्री रमेश मोहन माथुर से उनके पक्ष में बयनामा करने हेतु सन् 1998 में एवं दिनांक 05.09.2000 को कार्यालय उप निबन्धक, मुरादाबाद में उपस्थित होकर विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीकृत कराने की मांग की गयी। तदोपरान्त क्रेतागण श्री ओंकार प्रसाद माथुर व श्री नितिन माथुर ने मूलवाद संख्या 963 सन् 2007 मा0 न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद में वाद नियोजित किया। मा0 न्यायालय के आदेश दिनांक 16.03.2010 द्वारा श्री रमेश मोहन माथुर पुत्र स्व0 श्री सूरज मोहन माथुर को वर्ष 1997 में मृत घोषित करते हुए श्री ओंकार प्रसाद माथुर व श्री नितिन माथुर के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादन हेतु निर्गत आदेशों का अनुपालन न किये जाने पर वादी श्री ओंकार प्रसाद माथुर व श्री नितिन माथुर ने न्यायालय में इजरा वाद सं0 3 सन् 2010 मा0 न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद में नियोजित किया। मा० न्यायालय द्वारा उक्त भवन का बयनामा श्री ओंकार प्रसाद माथुर पुत्र स्व0 श्री माथुर प्रसाद माथुर व श्री नितिन माथुर पुत्र श्री ओंकार प्रसाद माथुर के पक्ष में दिनांक 12.11.2012 को पंजीकृत करा दिया गया। श्री ओंकार प्रसाद माथुर द्वारा अपने पुत्र श्री पारूल माथुर के पक्ष में वसीयतनामा उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 07.02.2013 को पंजीकृत करा लिया गया। श्री ओंकार प्रसाद की मृत्यु दिनांक 07.02.2014 को हो गई।

अब श्री नितिन माथुर एवं श्री पारूल माथुर पुत्रगण स्व० श्री ओंकार प्रसाद माथुर ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक शून्य द्वारा अपने पिता श्री ओंकार प्रसाद माथुर की मृत्यु व वसीयत के उपरान्त मध्यम आय वर्ग भवन संख्या ए-59, लाजपत नगर योजना, मुरादाबाद को विक्रय व वसीयत उपरान्त अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है।

यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्पलेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग - 2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी। सम्पत्ति प्रबन्धक

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सत्यजीत यादव गलत संगति का शिकार हो गया है तथा आये दिन मेरे व अन्य परिजनो के साथ गाली गलौच करता है। अवैध धन की मॉग करता है। इस कार्य मे पूनम साहू भी सहयोग करती है। मैं अपने पुत्र सत्यजीत यादव से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरा तथा मेरे परिवार का उनके किसी भी कृत्य से कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। जो भी इनसे संबंध रखेगा उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **जंग बहादुर सिंह पुत्र श्री मुरारी सिंह ग्राम जटपुरा महावतपुर, थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र योगेन्द्र कुमार व पुत्रवधू श्रीमती छाया को गलत आचरण/गलत संगत में पड़ने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **अशोक कुमार पुत्र उमराव सिंह निवसी हनुमान नगर गली नंबर 1, लाइनपार, जिला मुरादाबाद।**

## मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का अवैध रूप से निर्माण कर वने होटलों पर चला बुलडोजर

**मुरादाबाद।** मंगलवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नगर क्षेत्र में अवैध निर्माण के विरुद्ध प्रवर्तन दल की टीम द्वारा अभियान सख्ती के साथ जारी है। उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, आई.ए. एस. के निर्देशन में आज 27 मई को प्राधिकरण प्रवर्तन दल द्वारा एक बड़ी कार्यवाही की गई जिसमें नगर योजना एवं विकास सब-जोन-1थाना पाकबड़ा क्षेत्र में बिना प्राधिकरण की वैध स्वीकृति के किए गए अवैध निर्माणों के विरुद्ध प्राधिकरण प्रवर्तन दल द्वारा ध्वस्त किया गया कार्यवाही में टी घ्म यू अस्पताल के पास बने ढाबे लम्बरदार से विस्मिल्ला बिरयानी सेन्टर,नईम टी. स्टाल के अहमद बिरयानी होटल,साहिल टी. स्टाल के पास जुबली सोया चाप ज्ञानी ढावा, अवैध रूप से बने ढाबों को तोड़ा गया सभी दिल्ली रोड पर अवैध निर्माणों के रूप से वने थे जिनको प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम द्वारा ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की यह संपूर्ण कार्यवाही प्राधिकरण प्रवर्तन दल व भारी पुलिस बल की उपस्थिति में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई।मुरादाबाद विकास प्राधिकरण समस्त नागरिकों, एवं भू-स्वामियों एवं संपत्ति स्वामी को पहले ही सूचित किया गया था कि वे किसी भी निर्माण कार्य को नही करें अन्यथा, प्राधिकरण द्वारा ऐसे अवैध निर्माण के विरुद्ध कठोर कार्यबाही ध्वस्तीकरण अथवा सीलिंग की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से की गई साथ ही, संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। प्राधिकरण का उद्देश्य नगर क्षेत्र में नियोजित, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित नगरीय विकास सुनिश्चित करना है, इस प्रकार की अवैध निर्माण के विरुद्ध प्रवर्तन दल द्वारा सख्त कार्यबाही प्रभावी रूप से संचालित रहेंगी। इस बड़ी कार्यबाही पर थाना पाकबड़ा पुलिस के साथ कई ओर थानों की पुलिस व भारी संख्या में पीएसी पुलिस बल भी मौजूद रहा कार्यवाही के चलते हुए प्राधिकरण के अधिकारियों से होटल स्वामियों द्वारा नोक झोक करते हुए नजर आए मगर प्रवर्तन दल की टीम ने होटल स्वामियों की एक नही सुनी कार्यवाही को आगे बढ़ाते रहे ध्वस्थिकरण का कार्य संपूर्ण किये।

# आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में लो.कमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई। सर्वप्रथम महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया जाना है महिला सशक्तिकरण सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हम यहां उपस्थित हुए है उन्होंने कहा कि 29 मई को पंचायत भवन सभागार में एक महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल रहेंगे। जिसमें हमे महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को सम्मेलन में महिला संख्या बल की दृष्टि से सफल बनाना है सभी महानगर महिला मोर्चा,मंडल अध्यक्षों,महिला मंडल अध्यक्षों,पार्षदों,मोर्चो प्रकोष्ठों आदि की महिलाओं की संख्या बल को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई।महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे उसी परिवेश में पूरे देश में लगभग पंद्रह दिनों से विभिन्न कार्यक्रम चल रहे है प्रदेश में भी युद्ध स्तर पर लोकमता अहिल्याबाई होल.कर जयंती पर कार्यक्रम चल रहे है उसी कड़ी में 29 मई को पंचायत भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को हमे भव्य रूप से सफल बनाना है सम्मेलन का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रकाश नगर चौराहे पर नगर निगम के सौजन्य स्थापित की गई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे तदोपरांत 12 बजे पंचायत भवन सभागार में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित करें। सह संयोजक प्रिया अग्रवाल ने महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं की संख्या बल जुटाने पर जोर दिया।सह संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारी तय करनी है जिनको भी जो जिम्मेदारी मिली है उन्हें उसे पूरी तरह से निभाना है और कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाना है।बैठक में महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला महापौर विनोद अग्रवाल महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता महानगर महामंत्री नत्थूराम कश्यप श्याम बिहारी शर्मा दिनेश शीर्षवाल महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष विजय लक्ष्मी पंडित, पार्षदगण मंडल मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल रहें।



# IPL समापन समारोह के लिए खास तैयारी

**● ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनेगा, सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता**




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 सीजन अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार से प्लेऑफ के मुकाबले खेले जाएंगे और फिर तीन जून को आईपीएल के 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के समापन समारोह की तैयारियां शुरू कर दी है और इसके लिए खास योजना बनाई है। बीसीसीआई ने आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने का फैसला किया है और इसके तहत बोर्ड ने समापन समारोह के लिए सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता दिया है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है, जिनके आपरेशन सिंदूर ने वीरतापूर्ण प्रयास से राष्ट्र की रक्षा की और हमें प्रेरित किया। सम्मान के रूप में हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमने भारतीय सेना के तीनों सेना प्रमुख, शीर्ष रैंक के अधिकारी और जवानों को आप. रेशन सिंदूर की सफलता के लिए अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए आमंत्रित किया है। देशभक्ति की भावना को और बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में सैन्य बैंड द्वारा प्रस्तुति दिए जाने की संभावना है, जिसके बाद एक संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से अधिक दर्शकों की उपस्थिति को देखते हुए बीसीसीआई को उम्मीद है कि समापन समारोह एक सफल कार्यक्रम रहेगा। सैकिया ने कहा, भले ही क्रिकेट राष्ट्रीय जुनून है, लेकिन हमारे देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल के दौरान सशस्त्र बलों को समर्पित कोई समारोह आयोजित किया जाएगा। 2019 में बीसीसीआई ने चेन्नई में टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह के लिए सैन्य बैंड को आमंत्रित किया था और पुलवामा आतंकी हमले के बाद सशस्त्र बलों के लिए 20 करोड़ रुपये का योगदान देने का भी संकल्प लिया था। मालूम हो कि पुलवामा हमले में 44 सीआरपीएफ जवान बलिदान हुए थे। भारत ने सात मई को आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमले किए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिनका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा, जिनमें एयर बेस, रडार साइट्स, और कमांड सेंटर शामिल हैं। इससे घबराए पाकिस्तान ने 10 मई को भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रभाव आईपीएल पर भी पड़ा था और टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए स्थगित करना पड़ा था।सीजफायर के बाद आईपीएल 17 मई से दोबारा शुरू हुआ, लेकिन इसके कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

तय कार्यक्रम के अनुसार, आईपीएल का फाइनल 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन बाद में संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ जिसके तहत फाइनल मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद में कराने का फैसला लिया गया। सशस्त्र बलों के सम्मान में कुछ मुकाबलों से पहले राष्ट्रगान भी बजाया गया था।




## सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**● आईपीएल-18 के 69वें मैच में मुंबई से किसी भी सीजन के टॉप स्कोरर बने सूर्या कुमार यादव**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के 2 रिकॉर्ड तोड़े। पहले सूर्या ने सचिन तेंदुलकर के 14 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वे एमआई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने। इसके बाद सूर्या ने सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड को तोड़ा। वे किसी सीजन में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर भी बने। आईपीएल-18 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 7 विकेट से हरा दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने जीत का टारगेट 18.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। मुंबई इंडियंस के लिए किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव टॉप पर पहुंच गए। उन्होंने अब तक 14 मैचों में 640 रन बना लिए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था, जिन्होंने 2010 में 618 रन बनाए थे। सूर्यकुमार ने खुद ही इस सूची में तीसरा स्थान भी हासिल किया है, जब उन्होंने 2023 में 605 रन बनाए थे। सचिन तेंदुलकर एक बार फिर इस सूची में 553 रन (2011) के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनके बाद लेंडल सिमंस ने 2015 में 540 रन बनाए थे। वहीं रोहित शर्मा ने 2013 में 538 रन बनाकर इस सूची में छठा स्थान हासिल किया है। आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 2025 सीजन में अब तक 14 बार 25+ रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन के नाम था, जिन्होंने 2018 में 13 बार यह कारनामा किया था। इसी आंकड़े तक शुभमन गिल भी पहुंचे थे, जब उन्होंने 2023 सीजन में 13 बार 25+ रन बनाए थे। अब टी-20 क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा बार 25+ रन बनाने का रिकॉर्ड भी सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के तेम्बा बावुमा के लगातार 13 बार के 25+ रन का रिकाड्र्स तोड़ा। सूर्यकुमार यादव मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर बने। वे अब तक 32 छक्के जड़ चुके हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने 2008 में 31 छक्के लगाए थे। तीसरे स्थान पर ईशान किशन हैं, जिन्होंने 2020 में 30 छक्के जड़े थे। वहीं किरोन पोलार्ड (2013) और हार्दिक पांड्या (2019) ने 29-29 छक्के लगाकर इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। पंजाब-मुंबई के बीच टॉस से पहले एक रोमांचक वाकया सामने आया। एमआई के कप्तान हार्दिक पांडडा जब टॉस के लिए बीच मैदान पर आ रहे थे, तब वे थोड़ी कन्फ्यूज दिखाई दिए। इसके लिए उन्होंने सूर्यकुमार यादव को बुलाया और अपनी दो में से एक उंगली चुनने के लिए कहा। सूर्यकुमार यादव ने इसके बाद उनसे कहा- बैट फर्स्ट। इसका मतलब ये था कि अगर आप टास जीतें, तब आपको टीम के लिए

## इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**■ 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था: मैरी**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। इयरप्स ने स्विट्जरलैंड में लियोनेस में होने वाली यूरोपीय चैम्पियनशिप की शुरुआत से पांच सप्ताह पहले आज अपने संन्यास की घोषणा की है।

इयरप्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सही समय है कि मैं हट जाऊं और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने का मौका दूं। उन्होंने कहा कि 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था। उन्होंने कहा कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। काश मैं इसे हमेशा के लिए कर पाती, सभी अच्छी चीजों का अंत होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि इस बार फिर हमारी टीम ऐसा करे। इयरप्स ने इंग्लैंड के लिए आठ वर्षों में 53 सीनियर मैच खेले। इयरप्स को 2023 में बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर चुना गया था।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित 2023 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए गोल्डन ग्लव जीता था। उन्होंने 2022 और 2023 में सर्वश्रेष्ठ फीफा गोलकीपर का पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इंग्लैंड फुटबॉल टीम की मैनेजर सरीना विगमैन ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मैरी इयरप्स इस गर्मी में टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, इसलिए उनके संन्यास की घोषणा से निश्चित रूप से मैं निराश हूं।






## पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर व सुमित अंतिल ने भाला फेंक स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल और महेंद्र गुर्जर ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धाओं की दो श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से प्राप्त जानक. ारी के अनुसार पैरालंपिक में दोहरा स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित अंतिल ने नॉटविल वर्ल्ड पैराएथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुष एफ 64 श्रेणी में 72-35 मीटर भाला फेंक कर में शीर्ष स्थान हासिल किया। महेन्द्र गुर्जर ने एफ 42 वर्ग में 61-17 मीटर भाला फेंक कर विश्व रिकॉर्ड बनाने के साथ स्वर्ण पदक जीता हैद्य उन्होंने शुरुआती दो प्रयास 56-11 और 55-51 मीटर भाला फेंका। उल्लेखनीय है कि स्विट्जरलैंड के नॉटविल में 23 से 26 मई तक विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 का आयोजन किया गया था।

## पीवी सिंधु-प्रणॉय सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में




**■ महिला एक वर्ग में सिंधु ने कनाडा की खिलाड़ी को हराया**

**सिंगापुर, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन में मंगलवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए महिला एकल वर्ग के मुकाबले में सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। इसी के साथ भारतीय शटलर का पहले राउंड में हार का सिलसिला समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अगले दौर में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की यू फेई से होगा। पुरुष एकल में भारत के एचएस प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ वापसी करते हुए एक घंटे 12 मिनट में 21-19, 16-21, 14-21 से मुकाबला जीत लिया।

एक घंटा 12 मिनट तक चले मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद प्रणॉय ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम में जीत हासिल करते हुए प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया। इस बीच, हार के साथ मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब का अभियान समाप्त हो गया। मालविका संघर्षपूर्ण मैच में थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग से 21-14, 18-21, 11-21 से हारी।

## मैग्नस कार्लसन ने डी गुकेश को हराया

**■ महिला वर्ग में भारत की हम्पी ने वैशाली को हराकर शुरूआत की**

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर दिन की शुरुआत की।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराया और चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच में अपनी विशेषता का प्रदर्शन करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। यह मुकाबला 55 चालों के बाद समाप्त हुआ, जिसमें कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ी की एक चूक का फायदा उठाते हुए मैच अपने पक्ष में कर लिया। महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। हम्पी ने शांत और सटीक खेल का प्रदर्शन करते हुए अंतिम चरण में वैशाली की गलती का फायदा उठाते हुए जीत हासिल की। अमे. रिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। खेल के दौरान नाकामुरा ने ड्रॉ का प्रस्ताव रखा, लेकिन कारुआना ने काले मो. हरों से खेलते हुए मुकबला जीत लिया। वेई यी और अर्जुन के बीच हुआ मुकाबला ड्रॉ रहा। इसके बाद 'आर्मागेडन' नामक शानदार खेल में अर्जुन ने वेई यी के दबाव से निकलते हुए जीत दर्ज की।

## इंग्लैंड ने विंडीज को किया क्लीन स्वीप

**■ इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 17 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की**

**■ हीथर नाइट ने नाबाद 66, नेट साइवर ने 37 और ऐमी ने 22 रन बनाए**

**चेम्सफर्ड, वार्ता।** हीथर नाइट (नाबाद 66) के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज पर 17 रनों की जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली है। यहां वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 144 रनों का स्कोर खड़ा। हीथर नाइट ने 47 गेंदों में (नाबाद 66) रनों की पारी खेली। नेट सायवर ब्रंट ने (37) और एमी जोंस ने (22) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए। जायडा जेम्स और जे क्लैक्सटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक नहीं खेल सके। वेस्टइंडीज की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गवांती रही। हेली मैथ्यूज ने 54 गेंदों में (75) रनों की पारी खेली। इसके अलावा रीलेआना ग्रिमोंड (15) और शबीका गजनबी (14) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 127 रन ही बना सकी और 17 रनों से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड के लिए लॉरेन बेल, एमिली आरलट, शार्लेट डीन और ललसी स्मिथ ने दो-दो विकेट लिए। तीन मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को 'प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

## रिंडरकनेच को हराकर सिनर ने फ्रेंच ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच पर जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। कोर्ट फिलिप चैटरियर में सोमवार को तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम मैच खेल रहे इटली के सिनर ने अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी रिंडरकनेच को 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे दौर में सिनर का मुकाबला फ्रांस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट से भिड़ेंगे। मैच के बाद सिनर ने कहा कि पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते। मैं विशेषकर तीसरे सेट में इस स्थिति से निपटने के तरीके से बहुत खुश हूं। उसने सर्विस के दौरान कुछ गलतियाँ कीं, जिससे मुझे कुछ मदद मिली।



## गुलवीर ने 10 हजार मीटर में जीता सोना




**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** भारतीय एथलीटों ने मंगलवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते। दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित चैंपियनिशप में भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता और सर्विन सेबेस्टियन ने 20 किमी पदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी चौथे स्थान पर रहने के बाद 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोडियम स्थान से चूक गईं।

पुरुषों की तीन हजार मीटर, पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने गुमी में 10 हजार मीटर स्पर्धा 28:38-63 का समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं जापान के मेबुकी सुजुकी ने (28:43:84) समय के साथ रजत और बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप ने (28:46:82) समय के साथ कांस्य पदक जीता।

### फ्रिट्ज हुए उलटफेर का शिकार सितसिपास, बडोसा अगले दौर में

**पेरिस, वार्ता।** फ्रेंच ओपन 2025 के दूसरे दिन जर्मनी के डेनियल अल्टमायर ने उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वही स्टेफानोस सितसिपास और पाउला बडोसा ने अगले दौर में जगह बना ली हैं। यहां रोलांड गैरोस के क्ले कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में जर्मनी के डेनियल अल्टमायर चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7-5, 3-6, 6-3, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। डेनियल अल्टमायर ने आक्रामक और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रिट्ज की लय को बाधित कर निर्णायक जीत दर्ज की। अब अल्टमायर का अगले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से मुकाबला होगा। एक अन्य मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 7-5, 6-3, 6-4 से हराकर क्ले-कोर्ट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं महिलाओं के ड्रॉ में, पाउला बडोसा ने चुनौतीपूर्ण शुरुआत से उबरते हुए पूर्व विश्व नंबर वन नाओमी ओसाका को 6-7(1), 6-1, 6-4 से हराया। दिन के सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक गैर-वरीयता प्राप्त स्पेन की जेसिका बूज़ास मानेरो का था, जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की एम्मा नवारो को एक घंटे से भी कम समय में 6-0, 6-1 से हराया।

# महिला ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, मृतका के पिता ने ससुरालियो पर लगाया जान लेने का आरोप



**कांठ।** थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव में 3 साल पहले ब्याह कर आई विवाहिता ने पंखे में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर उसकी जान लेने का आरोप लगाया है। घटना थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी में करीब दोपहर एक बजे घटित हुई। उत्तराखंड हल्द्वानी निवासी जियाउद्दीन ने अपनी पुत्री नेहा परवीन की शादी 3 साल पहले गढी गांव के खालिद पुत्र नसीम से धूमधाम के साथ की थी इस बीच नेहा परवीन ने दो बच्चों को जन्म दिया उसका पति खालिद पैसे कमाने के लिए सऊदी चला गया बताया गया कि दोपहर करीब 1:30 बजे ससुराल वालों ने नेहा को न देखकर उसके कमरे का रुख किया। तो वहां से नेहा के छोटे बच्चे के रोने की आवाज आई दरवाजा तोड़कर ससुराल वाले कमरे में गए तो उन्हें नेहा गले में फंदा लगाकर लटकी हुई मिली और उसकी बच्ची पैर पड़कर रो रही थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा मौके पर पहुंच गए सूचना मिली तो एसपी देहात कुंबर आकाश भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया बताया गया कि जियाउद्दीन मूल रूप से गढ़ी के रहने वाले हैं लेकिन अब उनका परिवार हल्द्वानी में रहता है और उनके बाकी परिवार के लोग गढी में निवास करते है।

नेहा के मरने की सूचना मिलते ही उसके मायके वाले भी पहुंच गए उन्होंने पुलिस के सामने ससुरालयों पर नेहा को मारने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

समाचार लिखे जाने तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी हालांकि कुछ संभ्रांत लोगों ने मामले को सुलझाने के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# विधायक कमाल अख्तर ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना



**कांठ।** समाजवादी पार्टी से कांठ विधानसभा के विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने आज पार्टी कार्यालय कांठ में जनता दरबार लगाया और लोगों की शिकायतों को सुना इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने सड़के नाली लाइट पेयजल व्यवस्था नाले एवं अन्य समस्याओं को विधायक के सामने रखते हुए इनके निस्तारण की मांग उठाई। विधायक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर शिकायतों को समय रहते निस्तारित करने के निर्देश दिए उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि उनकी शिकायतों का निस्तारण करना पहली प्राथमिकता है। इस दौरान जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता परेशान है। इस सरकार में महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। युवा बेरोजगार होकर घूम रहे हैं। बताया कि बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक, नकारात्मक प्रभुत्वादी पर पाबंदी लगाने का काम किया था। आज केंद्र व प्रदेश की सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बढ़ाकर जनता को महंगाई के मुंह में धकेलना चाहती है। लगातार भाजपा सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है।

इस मौके पर शकील प्रधान, डॉ जुबैर, आरिफ मलिक, अरशद खघन, भूरा खघन, पिंटू बिश्नोई, डॉ दानिश अंसारी, अमजद अली, आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हुआ समरकैंप का समापन



**चन्दौसी।** नगर के मौहल्ला सैमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सात दिवसीय समरकैंप का समापन किया गया। समरकैंप में बच्चों को मेंहदी लगाना, क्राफ्टिंग, नृत्य, योग, चित्रकला आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानाचार्या वर्षा गर्ग द्वारा बच्चों को ग्रीष्मावकाश में समय का सदुपयोग करने के बारे में समझाया गया। प्रबंधक एस.के. सक्सैना द्वारा बच्चों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। समरकैंप समापन पर बच्चों एवं स्टाफ द्वारा सहभोज किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार, अनमोल, प्रवीन, आकाश, सिद्धि, कंचन, निकिल, दीपिका, अक्षिता, भूमि, आराध्या, काव्या, प्राची, कनिष्का, हर्षी, दीक्षा आदि का सहयोग रहा।

# पीडीए की ताकत से भाजपा बुरी तरह घबराई हुई है: जिलाध्यक्ष

## श्रद्धेय नेताजी की स्मृति में बन रहे उपवन की सराहना की, जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम शेरपुर माफी में मुड़िया भीकम सेक्टर और जनपद सम्भल की आंशिक विधानसभा बिलारी के रीठ सेक्टर की बूथ प्रभारियों की सैक्टर स्तरीय बैठक में पहुंचे संभल जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने सपा कार्यकर्ताओं से पीडीए को मजबूत कर 2027 में सपा की सरकार बनाने की अपील की। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि पीडीए को मजबूती मिलने एवं बढ़ती लोकप्रियता के कारण भाजपा बुरी तरह घबराई हुई है। सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने ग्राम दिनौरा में बन रहे नेताजी मुलायम सिंह यादव स्मृति उपवन के कार्य की सराहना करते हुए जमीन दान में देने वाले श्यामवीर सिंह यादव और उपवन बनाने के लिए पहल करने वाले सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान का आभार व्यक्त किया।



कहा कि दिनौरा के श्यामवीर सिंह यादव ने बिलारी के प्रथम विधायक मरहूम हाजी मौहम्मद इरफान के जौहर ट्रस्ट को जमीन दान में दी है, कहा कि जौहर ट्रस्ट में नेताजी मुलायम सिंह यादव ने अपने जीवनकाल में रफीकुल मुल्क लाइब्रेरी भी दी थी, आज उसी ट्रस्ट में नेताजी की स्मृति में प्रदेश का सबसे सुन्दर उपवन बनने जा रहा है। संभल जिले के कार्यकर्ता श्रद्धेय नेताजी के उपवन के लिए अपना पूर्ण सहयोग देंगे। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि भाजपा सरकार में बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर का अपमान करते है और हमेंशा से बाबा साहेब के खिलाफ रहे है और समय-समय पर उनके अपमान के लिए तिरस्कारपूर्ण ब्यान देते रहे है। कहा कि पीडीए समाज के जो लोग शोषित, वंचित, पीड़ित है उनकों सपा सरकार बनने पर सम्मान दिलाना है। कहा कि सपा सरकार बनने पर ही सम्पूर्ण समाज का विकास हो सकेगा। इस अवसर पर हाजी तसुद्दुक अंसारी, जीशान, रविन्द्र चौधरी, गोविन्दराम, वसीम, फरहत, मौ0 शमीम, अनीस अहमद, फिरोज पाशा, हाकिम सिंह यादव, कैलाश मौर्य, पप्पू मौर्य, प्रमोद जाटव, कल्लू वाल्मीकि, मनोज प्रजापति, ओमप्रकाश यादव, विजयपाल सिंह, छत्रपाल सिंह, नवीन ठाकुर, विपिन वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को किया भोजन वितरण

**मुरादाबाद।** जानकी रसोई के अंतर्गत भोजन वितरण का आयोजन मिलन विहार स्थित वृद्धाश्रम पर किया गया।जहाँ सैकड़ों वृद्धजनों ने भोजन ग्रहण किया वृद्धजनों ने प्रसन्न होकर आशीर्वाद प्रदान किया।व्यवस्था में जानकी रसोई/ठाकुर रघुनाथ रामार्चा सेवा ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष पंख राघवेन्द्र जोशी, गोविन्द, संजय अग्रवाल,विपिन गुप्ता,सचिन गुप्ता,एखकेख दीक्षित,अमित अग्रवाल (छोटू), सिद्धार्थ सिंघलआदि अनेक लोगों ने भाग लिया



### बढ अमावस पर प्रिंस शर्मा को श्री अखण्ड परशुराम अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**कांठ।** बढ़मावस के दिन श्री अखंड परशुराम अखाडा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक के हरिद्वार स्थित आवास पर शिस्टाचार भेंट हुई उन्होंने हिन्दू फ्रीडम फण्ड के संस्थापक व सर्वदलिया गौ रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रिंस शर्मा को श्री परशुराम चादर ओढ़ाकर व भगवान परशुराम जी की प्रतिमा व एक फरसा भेंट करके सम्मानित किया।जूना अखाड़े, निरंजनी अखाड़े, निरमोही अखाडा व अन्य अखाडो की तरह सर्व समाज को साथ लेकर श्री परशुराम अखाड़े को कैसेआगे बढ़ाया जाये को लेकर चर्चा हुई।



पंडित अधीर कौशिक जी ने अखाड़े के संचालन करने के नियम बताये व धर्म संस्कृति की रक्षा और सेवा अखाड़े के माध्यम से कैसे होंगी इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर शांता शर्मा, दीपांशु पंडित उस्थित रहे।

### रमाबाई अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया

**चन्दौसी।** मंगलवार को अंबेडकर सेवा दल बैठक आयोजित की गई जिसमें भारतीय समाज सुधारक और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की धर्मपत्नी माता रमाबाई अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने उनको जीवन संघर्ष, त्याग और समर्थन की मिसाल की प्रतिमूर्ति बताया। माता रमाबाई अंबेडकर, डॉ. अंबेडकर के जीवन की प्रेरणा थीं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी उनका साथ नहीं छोड़ा। प्रवीण कुमार बंटी ने कहा कि रमाबाई का जन्म 1897 में महाराष्ट्र के वानंद गाँव में एक गरीब दलित परिवार में हुआ था। कम उम्र में ही विवाह होने के बाद उन्होंने डॉ. अंबेडकर को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया और घर की सारी जिम्मेदारियाँ अकेले निभाईं। वे एक धार्मिक और सहनशील महिला थीं जिन्होंने आर्थिक अभावों में भी अपने पति का मनोबल बढ़ाया। मण्डल अध्यक्ष सूर्यजीत सिंह ने कहा कि माता रमाबाई का निधन 1935 में हुआ, जब डॉ. अंबेडकर के सामाजिक आंदोलन चरम पर थे। माता रमाबाई अंबेडकर भारतीय महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है। इस दौरान मंडल प्रभारी नरेन्द्र कुमार, जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंटी, सुभाषचंद्र, ज्ञानप्रकाश वाल्मिकी, अजब सिंह, प्रेमपाल सिंह, द्वारिका प्रसाद, अरविंद अंबेडकर, नंदू वाल्मिकी, सिद्धार्थ सागर, पप्पू बौद्ध, सतीश कुमार, शिव नंदन, रविन्द्र कुमार, शैले कुमार, आनन्द कुमार, सिद्धान्त सिंह, दामोदर सिंह, प्रदीप दिवाकर, श्रेष्ठ गौतम, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### तीन वर्षीय बच्ची को लेकर रेलवे स्टेशन पर सो रही विवाहिता

**चन्दौसी।** विवाहिता को घर से निकालकर पति ने दूसरी शादी कर ली। अब विवाहिता अपनी तीन वर्षीय बच्ची को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रही है और कोई सुनवाई नहीं हो रही। 14 मई से विवाहिता को अपनी बच्ची व मां को लेकर रेलवे स्टेशन पर सोना पड़ रहा है। विवाहिता ने इंस्पेक्टर, सीओ व एएसपी से गुहार लगाई परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। मंगलवार को विवाहिता एसपी कार्यालय पहुंची और अपनी शिकायत दर्ज कराई। बता दें कि ममता पुत्री छोटेलाल नि. हरिद्वार की शादी वर्ष 2020 में संजय पुत्र अमरपाल नि0 मंडी के पीछे, गुमथल रोड थाना चन्दौसी के साथ हुई। विवाहिता की एक तीन वर्षीय बेटी भी है। ससुराल वालों ने दहेज को लेकर विवाहिता को बेटी सहित घर से निकाल दिया और पति संजय ने दूसरी शादी कर ली। विवाहिता को पता चला तो वह 14 मई को ससुराल पहुंची जहां ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद विवाहिता अपनी बच्ची को लेकर कोतवाली पहुंची और तहरीर देकर ससुराल वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। विवाहिता सीओ व एएसपी अनुकृति शर्मा के यहां भी गुहार लगायी परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मंगलवार को विवाहिता एसपी कार्यालय पहुंची परंतु उनसे मिल नहीं पाई। विवाहिता का कहना है कि वह अब लेकर मुख्यमंत्री दरबार में पहुंचकर शिकायत करेगी। फिलहाल तेरह दिन बाद भी विवाहिता की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है।



# विद्यालय में प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित



**बिलारी।** तहसील के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में हाई स्कूल टॉपर्स, कबड्डी, वाद- विवाद प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। मंगलवार को आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने बताया कि विद्यालय के हाई स्कूल टॉपर्स के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को शील्ड व सत साहित्य देकर सम्मानित किया गया। हाई स्कूल की सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली नेहा रानी, प्रियंका कुमारी, विनय कुमार, अमरपाल के साथ-साथ विद्यालय की वनस्पति को जीवंत रखने का कार्य करने वाले कृष्ण पाल,उमेश कुमार, विजय, गौरव आदि को मेडल देकर उत्साहित किया। खेलकूद प्रतियोगिता कबड्डी , दौड़, म्यूजिक चेयर, लेमन दौड़, खो खो मे प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड देकर उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि बच्चों को असफलता से घबराना नहीं चाहिए बल्कि उससे सीख लेकर सफलता का प्रयास करना चाहिए जिन बच्चों का स्थान नहीं आया है। वह निरंतर अभ्यास कर टॉपर्स बन सकते हैं। इस अवसर पर आदित्य राघव अनिल कुमार मनोज कुमार रुचि राघव सुषमा राघव परीक्षा आरती कुमारी साक्षी आदि सहित अभिभावक भी मौजूद रहे।

# साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश के अनुपालन में माध्यमिक व राजकीय विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी में मंगलवार को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलआईयू के रोबिन सिंह चौधरी व थाना कोतवाली से हेमराज सैनी उपस्थित रहे। उक्त दोनों अधिकारियों ने साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध के बारे में विस्तार से छात्रों को अवगत कराया। हेमराज सैनी ने बताया कि छात्र किसी भी लोभ, लालच में न आएं व किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें। यदि हम किसी अनजाने लिंक पर क्लिक करते हैं तो हमारे मोबाइल और कंप्यूटर की एक्सेस उन साइबर अपराधियों के पास चली जाती है। रोबिन सिंह चौधरी ने कहा कि हमें अपना ओटीपी किसी भी अनजान व्यक्ति को नहीं बताना चाहिए। यदि हम ओटीपी बता देते हैं तो गई हुई धनराशि लाना मुश्किल होता है तथा हमें अपने पासवर्ड बहुत ही सुरक्षित रखना चाहिए तथा आपातकाल की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत संपर्क करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने की तथा संचालन प्रवक्ता मनोज कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कैप्टन चंद्रवीर सिंह, गणेश सिंह, कृष्ण अवतार, संजीव यादव, शिवम कुमार व छात्र उपस्थित रहे।



# सात दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**चन्दौसी।** नगर के जी.एस. पब्लिक स्कूल स्थित आवास विकास चन्दौसी में मंगलवार को सात दिवसीय समरकैम्प का समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ टी.एस. पाल, प्रबन्धक एड. संजय सैनी एवं प्रधानाचार्य मीनू सैनी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ववलित करके किया। मुख्य अतिथि डॉ टी.एस. पाल ने कहा कि समरकैंप में बच्चे विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया जिनमें शारीरिक गतिविधियां, कला, शिल्प और नृत्य, ढोलक वादन शामिल थे। ये गतिविधियाँ बच्चों को नई चीजें सीखने, अपनी रचनात्मकता को विकसित करने और सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद करेंगी एवं बाकी छुट्टी के समय मे कैम्प में सिखाये हुनर की प्रैक्टिस करेंगे ताकि पूरी तरह परिपक्व हो सकें। प्रधानाचार्य मीनू सैनी ने बताया कि बच्चों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम वैशाली, द्वितीय प्रियांशी, तृतीय श्रद्धा रही। शिल्पकला में प्रथम अंगद, द्वितीय हर्षित, तृतीय जय रहे। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम जैनी, द्वितीय मयंक, तृतीय भूमिका रहे।

सभी को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान किये गए। प्रबन्धक एड. संजय सैनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पदमा भारती, नीरू मौर्या, रुचि ठाकुर, स्वाति शर्मा, अवनी, उर्वशी सक्सेना का सहयोग रहा।




# राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने अधिशासी अभियन्ता को सौंपा ज्ञापन



**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के बैनर तले पदाधिकारियों के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा के नेतृत्व में बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर भारी संख्या में किसान पदाधिकारियों के साथ अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खंड चन्दौसी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि विद्युत लाइन जर्जर व पुरानी होने के कारण आए दिन तार टूटते रहते है और बार-बार ट्रिपिंग होने की वजह से किसानों को सिंचाई करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन द्वारा मांग की गयी कि ग्रामों व खेती से जुड़े नलकूपों की लाइन अलग-अलग की जाए, प्रतिदिन शासन के आदेश अनुसार 18 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए, पुरानी जर्जर लाइनों को तुरंत बदलवाया जाए, बकाया बिल के नाम पर किसानों पर एफआईआर करनी बंद की जाए, एफ.आई. आर. होने पर विजिलेंस व बिजली विभाग द्वारा अवैध वसूली पर तुरंत रोक लगाई जाए, निजी लाईन पर फाल्ट होने पर ठीक करने के नाम पर लाईनमैन द्वारा बिना रूपये लिए लाईन ठीक न करने जैसे अपराध पर तुरंत अंकुश लगाया जाये, ग्रामीण क्षेत्रों में लाइनमैन की दिन में लाइन ठीक करने की शिफ्ट व रात्रि मे लाईन ठीक करने की शिफ्ट अलग-अलग नियुक्त की जाए।

किसानों का कहना था कि समस्या का समाधान 09 जून तक नहीं किया गया तो राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) द्वारा अधिशासी अभियंता के कार्यालय का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों के आवास की लाइन भी किसानों द्वारा काट दी जाएगी और उन्हें बिजली न होने से परेशानी का एहसास कराया जायेगा।

आंदोलन के दौरान यदि कोई घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। इस मौके पर राहुल कश्यप, शानू शर्मा, मुकेश शर्मा, अजय कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, विजय शर्मा, संजीव राघव, महेंद्र कश्यप, हरपाल सिंह, ओंकार सिंह, माधव शर्मा, ओमवीर कश्यप, मनोज कुमार, किशन कश्यप, मंगलसेन सैनी, भीकम जाटव, अनिल कुमार, सत्यम राघव, सुरजीत राघव, देशपाल मौर्य, रामपाल, रामप्रसाद मौर्य आदि किसान मौजूद रहे।

# पीएम का गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय गुजरात के दौरे पर हैं। मंगलवार को उनका दूसरा दिन था। इन दो दिनों में उन्होंने वहां जमकर रोड शॉ किए और हजारों करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास भी किए। उन्होंने जहां 24 हजार करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया, तो वहीं दूसरे दिन मंगलवार को गांधीनगर में महात्मा मंदिर में पांच हजार 536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। अपना अंतिम रोड शो उन्होंने गांधीनगर में किया। अपने रोड शॉ के दौरान उन्होंने अपने तमाम भाषण ऑपरेशन सिंदूर को ही केंद्र में रखकर दिए। उन्होंने गांधीनगर में कहा कि हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय कर 22 मिनट मे ध्वस्त कर दिया और यह सब कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। जाहिर सी बात है यह उनका विपक्ष पर कटाक्ष था और यह उरी आतंकवाद के संबंध में बोल रहे थे। जब उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में सैनिक कार्रवाई की गई थी, तब विपक्ष ने उनकी सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए थे और इसके सबूत मांगे थे। पीएम मोदी विपक्ष पर कोई भी हमला करने से नहीं चूकते। मौका कोई भी हो, जहां भी उन्हें जरा भी कोई गुंजाइश दिखाई देती है, वह विपक्ष को भेजने में देर नहीं लगाते। जैसाकि उन्होंने गांधीनगर में कहा भी कि वह पिछले दो दिनों से गुजरात में हैं और सोमवार को वडोदरा, दादोर, भुज, अहमदाबाद में रोड शॉ करने के बाद मंगलवार की सुबह गांधीनगर आए हैं। उन्होंने अपने स्वागत से ओतप्रोत होकर कहा कि ऐसा लग रहा है कि देशभक्ति का ज्वार गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम है और यह सिर्फ गुजरात में नहीं बल्कि हिन्दुस्तान के कौने कौने में है। जैसी उनकी शैली है कि वह हर आज की घटना को गुजरे नेताओं के साथ जोड़ देते हैं, उन्होंने यहां भी जोड़ा और कहा कि 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए, कटनी चाहिए थी जंजीरें लेकिन काट दी गई भुजाएं और देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उसी रात पहला आतंकवादी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते मुजाहिदों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। उनके अनुसार अगर मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता और स. वल्लभ भाई पटेल की बात मान ली होती, तो आज पीओके हमारे पास होता। उन्होंने दोहराया कि वल्लभ भाई पटेल की इच्छानुसार जब तक पाक के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना नहीं रुकनी चाहिए थी, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई और यह सब 75 साल से चला आ रहा है। विपक्ष प्रधानमंत्री के गुजरात के दौरे को चुनाव के नजरिये से देख रहा है। वैसे देखा जाए तो विपक्ष पूरी तरह गलत भी नहीं है। यूं भी भाजपा का यह अपना एक इतिहास बन गया है कि वह हर घटना को इवेंट में बदल देता है। विपक्ष भी यह आरोप लगा रहा है। सिंदूर ऑपरेशन का भी पीएम मोदी राजनीतिकरण कर रहे हैं।

## भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से ज्यादा देशभक्त



नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है, लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है, पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने हाल ही में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी, पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे, ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं, उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है, पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं, पाक जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें।

**-असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम चीफ**

# हमारा बूढ़ा होता नेतृत्व कितना बीमार है, कैसे पता चलेगा





**श्रवण गर्ग**

**हाल की कुछ घटनाओं का अध्ययन करें तो ऐसा खुले आम सड़कों पर प्रकट भी हो रहा है। विषय को चर्चा में लाने के पीछे एक और बड़ा कारण दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने प्राप्त कराया है। अमेरिका जैसे ताकतवर और सुविधा संपन्न मुल्क के (पूर्व) राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सूंघ तक नहीं पड़ने दी कि उनका प्रोस्टेट कैंसर फोर्थ स्टेज तक पहुंच गया है। पूरा अमेरिका इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहा है कि जिस राष्ट्राध्यक्ष को दुनिया की श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा निजी स्तर पर उपलब्ध थी वह इतनी गंभीर बीमारी के साथ न सिर्फ पद पर बना रहा दूसरी बार भी चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गया। आरोप यह है कि सत्ता में बने रहने के लिए बाइडन की शारीरिक (मानसिक?) कमजोरियों पर पर्दा डाला गया।**

नागरिकों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि देश की औसत आयु से लगभग दो गुना उम्र के जो लोग इस समय सत्ताओं पर काबिज हैं या उसे हासिल करने के लिए संघर्षरत हैं वे किसी न किसी गंभीर या गंभीर बन जाने वाली बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। यह भी कि उन्हें उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के नाम पर उपलब्ध कराए गए लौह आवरण की आड़ में वे जितने आश्वस्त नजर आते हैं हकघीकघ्त में उतने होंगे नहीं।

देश की आधी से ज्यादा आबादी 28.8 से कम आयु की है। मोदी के मंत्रिमंडल की औसत उम्र 58 साल है। यानी जिस औसत आयु के लोग मंत्रिमंडल में हैं उनकी संख्या देश की 140 करोड़ की आबादी में सिर्फ 15 करोड़ के करीब है। इसी तरह सांसदों की औसत आयु भी 56 साल है। हमारे 52 प्रतिशत सांसद 55 से ऊपर के हैं। यानि एक युवा देश का नेतृत्व बीमारियों के कगार पर खड़े बूढ़े होते हाथों में है। पवित्र नदियों में भी धवल अथवा भगवा वस्त्र धारण कर स्नान करने वाली इन आत्माओं के शरीरों की अंदरूनी वास्तविकता बहुत मुमकिन है उनकी सेवा में चौबीसों घंटे तैनात रहने वाले चिकित्सकों को भी या तो पता नहीं हो या उन्हें बताई ही नहीं गई हो। सत्ताओं में काबिज नेताओं की औसत नींद को लेकर भी कई तरह के दावे किए जाते हैं। आकलन यही है कि उनकी कुल जमा नींद चार-पांच घंटों से ज्यादा की नहीं होती होगी। शीर्ष पर पहुंचने या शीष को बचाए रखने की चिंता या प्रतिस्पर्धा के कारण भी पर्याप्त नींद नहीं हो पाती है। सत्ता में सालों की संख्या जैसे-जैसे बढ़ती जाती है नींद के घंटे भी उतने ही कम होते जाते हैं और बीमारियां बढ़ती जाती हैं।

हमारे देखते-देखते के ऐसे कई उदाहरण हैं कि शीर्ष से बिदा होते ही सारे समर्थक एक साथ गायब हो जाते हैं और सारी बीमारियां इस तरह प्रकट होने लगती हैं कि 'देश-सेवा' का ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। जिज्ञासा हो सकती है कि एक ऐसे कठिन समय जब कि देश युद्धकालीन परिस्थितियों से गुजर रहा है इस तरह के अपशकुनी विषय चर्चा में क्यों लाए जाने चाहिए? कारण यह है कि ऐसे ही नाजुक मौकों पर नेतृत्व कर रहे लोग सबसे ज्यादा तनावग्रस्त पाए जाते हैं और कुछ अलग तरह की जुबानें बोलने और अनपेक्षित व्यवहार करने लगते हैं। इस सबसे उनकी असली मानसिक और शारीरिक क्षमताओं के संकेत जनता को प्राप्त होते हैं। हाल की कुछ घटनाओं का अध्ययन करें तो ऐसा खुले आम सड़कों पर प्रकट भी हो रहा है। विषय को चर्चा में लाने के पीछे एक और बड़ा कारण दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने प्राप्त कराया है। अमेरिका जैसे ताकतवर और सुविधा संपन्न मुल्क के (पूर्व) राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सूंघ तक नहीं पड़ने दी कि उनका प्रोस्टेट कैंसर फोर्थ स्टेज तक पहुंच गया है। पूरा अमेरिका इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहा है कि जिस राष्ट्राध्यक्ष को दुनिया की श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा निजी स्तर पर उपलब्ध थी वह इतनी गंभीर बीमारी के साथ न सिर्फ पद पर बना रहा दूसरी बार भी चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गया। आरोप यह है कि सत्ता में बने रहने के लिए बाइडन की शारीरिक (मानसिक?) कमजोरियों पर पर्दा डाला गया। जनता के दबाव के चलते बाइडन द्वारा अंततः चुनावी मैदान से हटने की घोषणा के बाद कमला हैरिस को ट्रम्प से मुकघबले के लिए सौ दिन के करीब ही मिल पाए। हैरिस की पराजय तो बाइडन ने ही तय कर दी थी। ट्रम्प ने तो सिर्फ उस पर अपनी मोहर लगाई। पूछा जा रहा है कि चार साल के शासनकाल के दौरान सत्तर साल से अधिक की उम्र के होने के बावजूद बाइडन के प्रोस्टेट कैंसर की जांच क्यों नहीं की गई? बताया गया है कि राष्ट्रपति पद संभालने के सात साल पहले यानि 2014 में इस बीमारी के संबंध में खून की आखिरी बार जांच हुई थी। राष्ट्रपति-पद पर बने रहने के दौरान प्रोस्टेट को छोड़कर उनकी दूसरी सभी मेडिकल जांचें हर साल होती रहीं। बाइडन इस समय 82 साल के हैं। बताया जाता है बाइडन का कैंसर हड्डियों में फैल गया है जिसे दवाओं के जरिए नियंत्रित ही किया जा सकता है ,समाप्त नहीं।

अमेरिका के मुकाबले भारत में योग्य चिकिसक ज्यादा हो सकते हैं पर सुविधाएं तो वहां जैसी निश्चित ही नहीं होंगी। कहा जाता है किसी समय हमारे एक ताकतवर मुख्यमंत्री अपने दांतों के इलाज के लिए भी अमेरिका जाते थे। बहुत मुमकिन है हमारे यहां के सक्षम राजपुरुष और उद्योगपति अपने घुटनों और रीढ़ की हड्डियों के इलाज के लिए अभी भी अमेरिका जाते हों। देश की गरीब जनता को राजनीति के अपने सिद्ध पुरुषों की गंभीर बीमारियों का तब तक पता नहीं चल पता जब तक किसी प्रकरण में गिरफ्तारी के अदालती आदेश के कारण उन्हें अस्पतालों में भर्ती नहीं होना पड़ जाए या फिर सत्ता से बेदखली नहीं हो जाए। सोच कर बता सकते हैं कि सैंकड़ों की संख्या में उच्च पदों पर बैठे राजने. ताओं की किसी एक भी बीमारी के बारे में जनता को जानकारी है क्या? क्या ये लोग पूरी तरह स्वस्थ हैं और बीमार सिर्फ जनता है?

(लेखक कई अखबारों में समूह संपादक रहे हैं और वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गर्मियों में डाइजेशन की समस्या से बचें

**स्क्रीन की थकान को कम करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके, आंखों की रोशनी पर नहीं पड़ेगा असर आज के समय में लगभग हर कोई स्क्रीन पर घंटों समय बिताता है। यह तो वह लैपटॉप आदि पर काम किया करते हैं, या फिर अपने फोन पर स्कॉल करते हैं या अपनी पसंदीदा सीरीज देखते हैं। आजकल स्क्रीन पर अधिाक समय बिताना रोजमर्रा का हिस्सा बन गया है। जोकि स्क्रीन थकान की समस्या बन सकता है। यह एक ऐसी आधुनिक असुविधा है, जिसकी वजह से सिरदर्द, तनाव, मानसिक थकान और ब्लर्रेंड विजन होती है।**



अक्सर गर्मियों के मौसम में तापमान बढ़ने की वजह से लोगों को तरह-तरह की समस्याएं होती हैं। वहीं इस मौसम में डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। डाइजेशन सबंधी समस्याओं में डायरिया, पेट फूलना, एसिडिटी और फूड पॉइजनिंग आदि शामिल है। यह समस्याएं अधि. कतर बाहर का खाना या फिर मसालेदार खाना खाने से होती है। जिसको कई बार पचाना काफी मुश्किल हो जाता है। वहीं कई बार ठंडे या मीठे ड्रिंक का बार-बार सेवन करने से भी पेट संबंधी समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनको अपनाने से आप पेट संबंधी समस्याओं से बच सकते हैं।

**मौसमी फल खाएं**

गर्मियों के मौसम में आप मौसमी फल जैसे- खरबूजा, तरबूजा और खीरे आदि को अपना डाइट में शामिल करना चाहिए। क्योंकि यह सभी फल हाइड्रेटिंग होते हैं और साथ ही खाने को पचाने में भी सहायता करते हैं।

**घर का खाना खाएं**

गर्मियों में बाहर का खाना खाने से बचना चाहिए। क्योंकि यह आपको बीमार बना सकता है। इसलिए इस मौसम में घर का खाना दाल, चावल, रोटी और दही जैसे हल्के खाने को डाइट में शामिल करें। यह आपके पेट को हेल्दी रखने में मदद करता है।

**हेल्दी ड्रिंक्स**

गर्मी के मौसम में आप छाछ, पानी, नींबू पानी और नायिरल पानी आदि पिएं। इससे आप हाइड्रेटेड रहेंगे। वहीं अनहेल्दी ड्रिंक्स का सेवन नहीं करना चाहिए।

**न खानें बाहर का खाना**

बिरयानी, पनीर से बनी चीजें, मांसाहारी फूड और आइसक्रीम आदि का सेवन करने से फूड पॉइजनिंग हो सकता है। हालांकि यह कई लोगों को खाना पसंद होता है, लेकिन इस मौसम में यह आपको बीमार बना सकता है।

**पेट को रखें ठंडा**

इस मौसम में पेट को ठंडा रखने के लिए आप अपनी डाइट में पुदीना, सौंफ और दही आदि को शामिल कर सकते हैं।


**स्वच्छता अपनाएं**

पेट के इंफ्केशन से बचने के लिए अपने हाथों को अच्छे से धोएं। वहीं कुछ भी खाने से पहले हाथों को धोना न भूलें।

इन छोटी-छोटी आदतों को अपनाकर आप गर्मियों के मौसम में भी पेट को हेल्दी रख सकते हैं। वहीं पाचन संबंधी समस्याओं से भी बच सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कौन हैं वक्फ बोर्ड संसदीय समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल





**यशोदा श्रीवास्तव**

बहुत चर्चित वक्फ संशोधन विल की चर्चा खूब है। संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। कहना न होगा कि वक्फ विल की चर्चा के साथ इसके चेयरमैन सांसद जगदंबिका पाल की भी उतनी ही चर्चा है। जगदंबिका पाल की चर्चा इस बात को लेकर है कि इस विल के संशोधन के लिए वे और उनकी टीम ने देश भर में भ्रमण कर सरकार का पक्ष रखा और मुस्लिमों को भरसक भरोसा दिलाया कि इससे उनका कहीं कोई नुकघ्सान नहीं है बल्कि इससे वक्फ की संपत्तियों का लाभ जो अभी अपेक्षाकृत प्रभाव शाली मुसलमानों तक सीमित है,वह अब गरीब मुसलमानों तक पहुंच सकेगा। बहर हाल सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई पर गौर करें तो पूरी बहस चेयरमैन जगदंबिका पाल के तर्क और उदाहरण पर केंद्रित है। सुप्रीम कोर्ट में संशोधित वक्फ कानून की वैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई चल रही है। बड़ा सवाल संशोधित वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों के शामिल करने को लेकर है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या सरकार हिंदू धार्मिक न्यासों में मुस्लिम समुदाय के लोगों को सदस्य बनाने की अनुमति देगी। वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के क्रम में आई सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर विमर्श शुरू हो गया है। इस मामले में वक्फ बिल को लेकर बनी संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का तथ्यों पर आधारित बयान सामने आया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को पूर्व के मामलों में आए फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड कोई धार्मिक संस्था नहीं है। इसलिए, उसमें गैर मुस्लिम का सदस्य बनाया जाना कोई मुद्दा नहीं हो सकता है। प्रशासनिक संस्थाओं में अधिकारियों का रखने का नियम पहले से है। बतौर इस समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल का यह बयान सुर्खियों में है। यूपी के सिद्धार्थनगर जिले की मुस्लिम बाहुल्य डुमरियागंज संसदीय सीट से चार बार के सांसद जगदंबिका पाल के लिए इस समिति का चेयर बनना इसलिए हैरत अंग्रेज है क्योंकि वे चाहे कांग्रेस में रहे हों या भाजपा में,भारी मात्रा में उन्हें मुस्लिम वोट मिलता ही मिलता है।


2024 का लोकसभा चुनाव उनके लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि सपा व कांग्रेस गठबंधन से पूर्वांचल के बाहुबली रहे स्व।पंडित हरिशंकर तिवारी के बड़े पुत्र जो सांसद भी रहे हैं, भीष्म शंकर तिवारी उनके खिलाफ मैदान में थे। यह चुनाव यदि जगदंबिका पाल जीत पाए तो इसके पीछे मुस्लिम वोटरों का योगदान था। जगदंबिका पाल यूं तो मात्र एक सांसद का नाम है, लेकिन इनके राजनीतिक सफर पर गौर करें तो सामने आएगा कि राजनीति की विपरीत धारा को अपनी ओर मोड़ लेने में माहिर राजनीति के खिलाड़ी का नाम भी है जगदंबिका पाल! इतना ही नहीं लोकसभा के सभी 543 सदस्यों में यदि बतौर जनप्रतिनिधि के रूप में ष्सांसदष्तलाशेंगे तो शायद ही कोई दूसरा जगदंबिका पाल नजर आए। 1950 में बस्ती जिले के एक गांव में पैदा हुए जगदंबिका पाल की शिक्षा एमए एल एल बी है। शिक्षा हेतु ज्यादा तर वक्त लखनऊ में बीता। उस वक्त छात्र राजनीति के रास्ते राजनीति में प्रवेश करने का चलन था। इसी रास्ते जगदंबिका पाल भी राजनीति में कदम बढ़ाए। कांग्रेस इनके राजनीति की पाठशाला रही है। इन्हें स्व।संजय गांधी का बेहद करीबी माना जाता रहा। उस वक्त कांग्रेस में आगे बढ़ना आसान नहीं था,एक से एक टांग खींचने वाले थे। बस्ती तो ऐसे लोगों का गढ़ था। इनके राजनीतिक जीवन में बड़ी मुश्किल यह थी कि इन्हें आगे बढ़ने का आसान रास्ता कभी नहीं मिला। विपरीत परिस्थितियों में ही इन्हें अपनी काबिलियत को साबित करना पड़ा। भाजपा में भी इनकी राह आसान न रही। केवल परिक्रमा वादी राजनीतिज्ञ होते तो अबतक कबका बियाबान में जा चुके होते। बस्ती से लगातार कई बार के एम एल और मंत्री होते रहे जगदंबिका पाल 2004 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से सांसद का चुनाव लड़ें। इस चुनाव में करीब पौने दो लाख वोट पाकर वे हार गए थे लेकिन अगली बार यानी 2009 के लोकसभा चुनाव में अपनी जीत पक्की भी कर गए। पिछले कई चुनावों से कांग्रेस यहां 50 वोट नहीं पार कर पा रही थी। पौने दो लाख वोट हासिल कर वे कांग्रेस आलाकमान के आंख का तारा बन ही गए, डुमरियागंज के लोगों को भी लगा उन्हें कोई दमदार नेता मिल गया। 2004 के चुनाव में सिद्धार्थनगर के कांग्रेस पदाधिकारियों ने भितरघात न किया होता तो यह चुनाव वे जीत गए होते लेकिन हार जाने वाले इस चुनाव से उन्हें बड़ी सीख मिली। उन्होंने पूरे पांच साल तक सिद्धार्थनगर की डुमरियागंज सीट पर ऐसी मेहनत की कि सभी बूथों पर अपनी टीम खड़ी कर दी। इसका परिणाम 2009 में सामने आया और वे कांग्रेस के सांसद हो गए। आज भी पार्टी संगठन के अलावा उनका स्वयं का संगठन जो उनकी सफलता का असल कारण है।

2014 के लोकसभा चुनाव आते आते उन्होंने कांग्रेस को अलविदा कह दिया और भाजपा ज्वाइन कर ली। जगदंबिका पाल ने भाजपा उस वक्त ज्वाइन की जब इस संसदीय सीट से भाजपा के एक से एक दावेदार थे। 2014 में लाख मोदी लहर थी लेकिन यदि उनकी बूथ वार अपनी टीम न होती तो यह राह आसान नहीं था क्योंकि सारे के सारे भाजपाई पाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिए थे। इतना ही नहीं विरोध का आलम यह था कि कई बार के भाजपा विधायक और उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री रहे जय प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी को कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़वा कर पाल के खिलाफ खुलकर आ गए थे। कहने का मतलब यह है कि राजनीति में मुकाम हासिल करना आसान नहीं है। ऐसा केवल जगदंबिका पाल जैसी राजनीतिक शख्सियत ही कर पाएगा। सबके बस की बात नहीं है। 2024 का लोकसभा चुनाव जगदंबिका पाल के लिए काफी मुश्किल था। ब्राह्मण वोटरों के छिटकने का खतरा था बावजूद इसके जगदंबिका पाल ने इस चुनाव को भी अपने पक्ष में करके बड़े-बड़े चुनाव विशेषज्ञों को चौंका दिया। अखिलेश यादव के सर्वे में डुमरियागंज की सीट उनके खाते की थी। राजनीति में चर्चा के केंद्र में बने रहना भी कोई जगदंबिका पाल से सीखें। वक्फ पर बनी जेपीसी का चेयर मैन बनना आसान नहीं था। लेकिन खाटी भाजपाइयों के बीच से यह जिम्मेदारी जगदंबिका पाल को मिली तो यह यूं ही नहीं था। कांग्रेस की राजनीति के शुरुआती दिनों की बात है। जगदंबिका पाल एक दुर्घटना में घायल हो गए थे। संजय गांधी को खबर लगी तो वे लखनऊ मेडिकल कालेज में उन्हें देखने आए। संजय गांधी यह देखकर अचंभित हुए थे कि जिस कांग्रेस के सिपाही को वे देखने आए वह घायल अवस्था में भी उनके स्वागत में मेडिकल कालेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किए बैठा है। याद नहीं आता कि पूरे उत्तर प्रदेश में कोई ऐसा सांसद हो जिसे उसके क्षेत्र में इस छोर से उस छोर तक नाम से कोई जानता हो, चेहरे से पहचानना तो बड़ी बात है लेकिन जगदंबिका पाल जरूर ऐसे सांसद हैं जिसे उनके क्षेत्र डुमरियागंज का बच्चा-बच्चा चेहरे से भी और नाम से भी बखूबी पहचानता है। सिद्धार्थनगर से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे दूरस्थ शहरों के लिए रेल गाड़ियों की सुविधा उपलब्ध कराने की वजह से स्थानीय लोग इन्हें अपना रेलमंत्री मानते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को बताया जोकर

## बोले: नकल के लिए अक्ल चाहिए, इनके पास वो भी नहीं



■ फेक फोटो दिखाजीत का झूठा दावा किया
■ कहा: पाक भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता भारत में पाक से ज्यादा मुस्लिम आबादी

**कुवैत।** एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तानी के आर्मी चीफ को स्टूपिड जोकर बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है। लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है। ओवैसी ने कुवैत में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि कल पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे। ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है। ओवैसी ने कहा पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, क्योंकि भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं। ओवैसी बोले: पाकिस्तान को सीरियसली न लें ओवैसी ने कहा कि अक्सर स्कूल में क्या होता था कि अच्छे पढ़ने वाले बच्चे के पास में जाकर बैठता था। तो नकल करने के लिए भी अक्ल चाहिए। इन नालायकों को अकल भी नहीं है। आप खुद सोच सकते हैं कि आपके खुद के देश के प्रधानमंत्री, प्रेसिडेंट, स्पीकर ऑफ नेशनल असेंबली वहां पर मौजूद हैं। आपके सो काल्ड फील्ड मार्शल भी वहां पर थे। वह चीनी ड्रिल की एक फोटो दे रहे हैं। पाकिस्तान जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें। पाक को एआईएमआईएम की ग्रे लिस्ट में डालना चाहिए एआईएमआईएम सांसद ने कहा है कि पाकिस्तान को एक बार फिर फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एआईएमआईएम) की ग्रे लिस्ट में लाया जाना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि पाकिस्तान को जो 2 अरब डालर का आईएमएफ लोन मिला है, वह उसका इस्तेमाल सेना और आतंकी संगठनों को समर्थन देने में कर सकता है। आने से किसी देश की वित्तीय गतिविधियों पर सख्त निगरानी होती है। पाकिस्तान की हरकतें देखकर उसे दोबारा इस लिस्ट में शामिल करना जरूरी है। ओवैसी उस सर्वदलीय डेलीगेशन का हिस्सा है, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब करने के लिए विदेश के दौरे पर है। इससे पहले वह बहरीन भी पहुंचे थे। यहां पर भी उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधा था। ओवैसी ने कहा था कि हमारी सरकार ने हमें यहां इसलिए भेजा है, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई सालों से किस खतरे का सामना कर रहा है। हमने कई निर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह सब समस्या पाकिस्तान से ही पैदा होती है।



नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्रों से मुलाकात के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत का संदेश लेकर सिंगापुर पहुंचा

**सिंगापुर।** जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं और थिक टैंकों के साथ सफल विचार-विमर्श के बाद, भारत का एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को सिंगापुर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जनता दल-यूनाइटेड नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा कर रहे हैं।

यह बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के विरुद्ध भारत के दृढ़ रुख को प्रस्तुत करने तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी गतिविधियों के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए यहां पहुंचा ताकि वैश्विक नेताओं से अपील की जा सके कि अब आतंकवादी संगठनों से निपटने का समय आ गया है। दक्षिण कोरिया के सोल से यहां पहुंचने के बाद एक प्रतिनिधि ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल भारत के कूटनीतिक आउटरीच के हिस्से के रूप में सिंगापुर पहुंचा है। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी सहित बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के सरकारी अधिकारियों और प्रमुख थिक टैंकों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों से पहले सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त, राजदूत शिल्पक अंबुले से मुलाकात की। बनर्जी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर के मंत्रियों, सांसदों, थिक टैंकों, शिक्षाविदों, व्यापार जगत के नेताओं, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से बातचीत करेगा, ताकि आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ प्रतिबद्धता को व्यक्त किया जा सके।

## यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए तैयार: शेफचोविच

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि शुल्क विवादों के बावजूद यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा मामलों के आयुक्त मारोश शेफचोविच ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि यूरोपीय संघ अपने साथ अमेरिकी डील की दिशा में रचनात्मक और केंद्रित प्रयासों के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में रहेगा। यह बयान उनकी अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर से बातचीत के बाद आया है। इससे पहले, शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि यूरोपीय संघ के 27 सदस्यीय दल के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है और उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से सभी तरह के आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति को रविवार को फोन करके इस संबंध में अनुरोध किया था, जिसके बाद ट्रम्प यूरोपीय संघ से आयात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत शुल्क नौ जुलाई तक न बढ़ाने पर सहमत हो गए थे।

## बलूचिस्तान में पोलियो टीम के सुरक्षा कर्मियों पर हमला

■ हमले में एक की मौत, दूसरा घायल

**नुश्की।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के नुश्की में मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने पोलियो टीकाकरण टीम की सुरक्षा कर रहे पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की। इस हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया, जबकि दूसरा घायल हो गया।

हमले के बाद नुश्की में चल रहा पोलियो टीकाकरण अभियान अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। पाकिस्तान ने सोमवार को पोलियो के खिलाफ तीसरा राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान शुरू किया था, जिसका मकसद 5 साल से कम उम्र के 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो का टीका लगाना है। यह अभियान 2025 के अंत तक देश को पोलियो मुक्त बनाने का एक बड़ा कदम है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने इस हमले को राष्ट्रीय अभियान को नुकसान पहुंचाने और लोगों में डर फैलाने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि पोलियो अभियान हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, और इसे रोकने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और दोषियों को जल्द पकड़ने का वादा किया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान दुनिया के इकलौते देश हैं जहां पोलियो अब भी एक समस्या है। आतंकवादी लंबे समय से पोलियो टीकाकरण टीमों और उनकी सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मियों पर हमले करते रहे हैं। अप्रैल में भी बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीमों की सुरक्षा पर हमले हुए थे, जिनमें कई पुलिसकर्मी शहीद हुए। पिछले साल 2024 में पाकिस्तान में पोलियो के 74 मामले सामने आए, जबकि 2023 में सिर्फ 6 मामले थे। इस साल 2025 में अब तक 9 मामले दर्ज हुए हैं।

# हमास सीजफायर के लिए तैयार

## 10 बंधकों की रिहाई और 70 दिन युद्ध बंद रखने पर सहमत, अमेरिका ने दिया था प्रस्ताव



■ इससे पहले इजरायल व हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था

**गाजा।** फलस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने अमेरिका की तरफ से गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। यह प्रस्ताव ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकाफ ने दिया था। इस नए प्रस्ताव में 10 इजरायली बंधकों की रिहाई और 70 दिन का युद्धविराम शामिल है।

रायटर्स के मुताबिक इस प्रस्ताव में इजरायल की तरफ से कई फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का मुद्दा भी शामिल है, जिनमें लंबी सजा काट रहे सैकड़ों कैदी शामिल हैं। इससे पहले इजरायल और हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था। हालांकि दो महीने बाद यानी 18 मार्च को इजरायल ने गाजा में कई जगह पर मिसाइल अटैक करके इसे तोड़ दिया था।

इजरायल ने गाजा पट्टी के 77 प्रतिशत हिस्से पर कंट्रोल हासिल कर लिया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह दावा गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने रविवार को किया। उन्होंने इजरायल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। बयान में कहा गया है कि इजरायली सेना ने बफर जोन, सुरक्षा कारिडोर और भारी गोलाबारी के जरिए गाजा के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को अपने कब्जे में लिया है। इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को और तेज कर दिया है, जिससे मानवीय संकट भयावह हो गया है। शनिवार और रविवार (24-25 मई 2025) को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 182 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। इजरायल सेना के हमले में बीते एक सप्ताह में 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 19 जनवरी 2025 को इजरायल ने सीजफायर तोड़ दिया था। इसके बाद से अब तक गाजा में 2,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 7 अक्टूबर 2023 से शुरू इजरायल-हमास जंग में अब तक 55,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें हजारों बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं।

## इजरायल ने यमन से दागी मिसाइल को रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन से दागी गई मिसाइल को रोक दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने यमन से इजरायली क्षेत्र की दिशा में प्रक्षेपित की गई मिसाइल को रोक लिया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले इजरायल के कई इलाकों में सायरन बजने के बाद यमन से दागी गई मिसाइल को रोक लिया गया। अंसार अल्लाह आंदोलन (हूती) ने अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में संघर्ष की शुरुआत के बाद से इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। इजरायली वायु सेना ने यमन के हूती नियंत्रित हिस्सों में कई हवाई हमले किए हैं जिनमें कई लक्ष्यों को निशाना बनाया गया है।

## इंटरनेशनल फिल्म सिटी की राह हुई आसान

■ पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' के निर्माण की राह अब बिल्कुल साफ हो गई है। मंगलवार को निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने फिल्म सिटी का लेआउट प्लान यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (ईडा) को सौंप दिया।

अब ईडा इस प्लान की समीक्षा करेगा और जरूरी अनुमोदन के बाद निर्माण कार्य को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। यह फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में विकसित की जा रही है। पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा, जिसकी अनुमानित लागत 1510 करोड़ रुपये है। यमुना प्राधिकरण (ईडा) के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि विभिन्न अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार को फिल्म निर्माता और फिल्म सिटी के निर्माण की जिम्मेदारी हासिल करने वाले बोनी कपूर ने अपनी कंपनी की ओर से पूरी परियोजना से संबंधित लेआउट प्लान को सबमिट किया है।

अब प्राधिकरण इस पूरे लेआउट प्लान का अवलोकन और परीक्षण करेगा, जिसके बाद उन्हें कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया जाएगा। सीईओ अरुण वीर सिंह ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य पूरी तरह समझौते के अनुसार ही होगा, कोई बदलाव बिना मंजूरी के स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पार्किंग, लैंडस्केपिंग और बागवानी जैसी मंजूरियों के लिए अलग से एनओसी लेनी होगी।

# पाक को नागवार गुजरा मोदी का बयान



■ कहा: जिस तरह हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान पर एतराज जताया है। पाक विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पीएम मोदी ने जिस तरह से हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता। दरअसल पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात में सभा के दौरान कहा था कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

इस पर पाकिस्तान ने कहा कि मोदी का बयान सिर्फ नफरत फैलाने वाला नहीं है, बल्कि इससे क्षेत्रीय शांति को खतरा भी है। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अगर हमें खतरा हुआ तो उसका जवाब देंगे। पीएम मोदी ने भुज में कहा कि कच्छ का टूरिज्म मशहूर है। पाकिस्तान के लिए टेररिज्म ही टूरिज्म है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत सरकार इस तरह के बयानों से जम्मू-कश्मीर में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान हटाना चाहती है। उसने खुद को शांति का समर्थक बताते हुए कहा कि वह यूएन मिशन में सबसे आगे रहा है और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उसने अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान ने कहा कि भारत को सच में उग्रवाद की चिंता है, तो उसे अपने देश में बढ़ते बहुसंख्यकवाद, धार्मिक असहिष्णुता और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय की तरफ ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को कश्मीर और जल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई। शरीफ ईरान दौरे पर हैं। यहां ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के साथ राजधानी तेहरान में जाइंट प्रेस कान्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। शरीफ ने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान के समर्थन के लिए पजशकियान का आभार जताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। पाकिस्तानी पीएम 25 मई से 30 मई तक तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे।

## गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर ने नया रिकॉर्ड बनाया

■ वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार किया व्यापक विश्लेषण जारी

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

फ्लाई अमृतसर पहल के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला ने आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के मार्च 2025 के प्रकाशित आंकड़ों पर आधारित गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अमृतसर के लिए यात्री यातायात डेटा का एक व्यापक विश्लेषण जारी किया है जो पुष्टि करता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हवाई अड्डे के इतिहास में सबसे सफल रहा है। गुमटाला ने अमृतसर हवाई अड्डे और पंजाब के लिए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा मार्च 2025 के लिए जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 (एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025) के दौरान अमृतसर हवाई अड्डे से 3542880 यात्रियों ने हवाई यात्रा की। इसमें 1153461 अंतर्राष्ट्रीय और 2389419 घरेलू यात्री शामिल हैं। ये आंकड़े पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 14.8 प्रतिशत अधिक हैं, जब कुल 30.86 लाख यात्रियों ने यहां से उड़ान भरी थी।

## सीरिया में 130 सशस्त्र विद्रोही सेना में शामिल

**बेरूत।** सीरिया में नई सरकार के रक्षा मंत्रालय ने लगभग 130 सशस्त्र समूहों को अपने 'ढांचे' में शामिल किया है। सीरियाई अखबार अल वतन ने यहां रक्षा मंत्री मुरहाफ अबू कसरा के हवाले से सोमवार को कहा कि हमने नई सेना संरचना के विषय पर लगभग 130 समूहों के साथ बातचीत की और उन्हें मंत्रालय के तहत एकीकृत करके महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। मंत्री ने कहा कि सरकार वर्तमान में सैन्य स्कूलों के काम को फिर से शुरू करने और आधुनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षा कार्यक्रमों में सुधार करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र विद्रोही नेता सैन्य रैंक प्राप्त करने से पहले उच्च सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षण लेंगे। सीरिया के सशस्त्र विद्रोहियों ने गत आठ दिसम्बर 2024 को दमिश्क पर कब्जा कर लिया था जिसके बाद बशर असद ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया था।




## मैक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम ने की धन प्रेषण पर अमेरिकी करों की निंदा

**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने धन प्रेषण पर अमेरिकी करों की निंदा की है। सुशिनबाम ने सोमवार को कहा कि वह मेक्सिको को भेजे जाने वाले धन पर कर लगाने से अमेरिकी कानूनों को रोकने के लिए कड़ी पैरवी कर रही हैं। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका में मेक्सिको के प्रवासी चाहे उनकी आव्रजन स्थिति कुछ भी हो, करों का भुगतान करके अमेरिका की अर्थव्यवस्था को चालू रखते हैं। वे जो कमाते हैं उसका केवल 20 प्रतिशत धन प्रेषण में जाता है। उन्होंने दोहरे कराधान से बचने पर 1992 की संधि के बारे में कहा कि अमेरिका और मेक्सिको के बीच 1992 में एक समझौता हुआ था जिसमें कहा गया था कि कोई दोहरा कराधान नहीं होना चाहिए, जो भेदभावपूर्ण होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि मैक्सिकन सांसद और गैर-सरकारी संगठन प्रस्तावित कर की खामियों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित नकारात्मक प्रभाव को उजागर करने के लिए अथक अभियान चला रहे हैं।

# विश्व के सबसे ताकतवर रॉकेट का 9वां टेस्ट आज

## इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का उपयोग होगा



**टेक्सास।** विश्व के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 9वां टेस्ट भारतीय समय के अनुसार कल यानी, 28 मई को सुबह 5 बजे होगा। राकेट की लान्चिंग टैक्सास के बोका चिका से की जाएगी।

इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का दोबारा उपयोग होगा। इससे पहले 8वें टेस्ट में बूस्टर लैंड हो गया था, लेकिन शिप आसमान में ही ब्लास्ट हो गई थी। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। इस टेस्ट में लान्च इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा के लिए बूस्टर को वापस लान्चपैड पर नहीं लाया जाएगा। इसकी गल्फ ऑफ अमेरिका में हार्ड लैंडिंग होगी। पूरा टेस्ट 1.06 घंटे का होगा। 9वें टेस्ट के लिए लान्च के लिए तैयार स्टारशिप। ऊपरी हिस्से को शिप और निचले हिस्से को सुपर हैवी बूस्टर कहा जाता है। 8वें टेस्ट में लान्चिंग के 7 मिनट बाद बूस्टर अलग होकर वापस लान्च पैड पर आ गया था। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई जाएगी। पिछली दो उड़ानों में ये हिस्सा वायुमंडल में प्रवेश के दौरान नष्ट हो गया था। पेलोड डिप्लायमेंट को कोशिश भी होगी। इसके अलावा मल्टीपल रीएंट्री एक्सपेरिमेंट होंगे, जिसमें अंतरिक्ष में रहते हुए एक रैप्टर इंजन को चालू करना भी शामिल है। स्टेज सेपरेशन के बाद, बूस्टर अपने बूस्टबैक बर्न को शुरू करने से पहले एक कंट्रोल्ड डायरेक्शन में फ्लिप करेगा।